नई दिल्ली
मंगलवार 27 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा/द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 190
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम हरियाणा
अधि. 29.0°C
न्यून. 17.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 तीसरा टी20 आज : सीरीज सील करने उतरेगी टीम इंडिया



राजनाथ ने डीएसी की बैठक में दी 2.12 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

थर-थर कांपेंगे भारत के दुश्मन, सेनाओं को मिलेगा ड्रोन, मिसाइलों का अभेद्य कवच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कुल स्वीकृत अनुबंधों में से 82% खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी।

चीन-पाकिस्तान की सीमा से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। जिसमें सशस्त्र सेनाओं की दुश्मन पर अचूक वार करने की युद्धक क्षमता में कई गुना का इजाफा करने के लिए कुल करीब 2.12 लाख करोड़ रुपए के ड्रोन, हेलिकॉप्टर और मिसाइल खरीद से जुड़े प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई है। रक्षा मंत्रालय ने इस स्वीकृति को आवश्यकता को लेकर दी गई मंजूरी का नाम दिया है। हथियारों, सैन्य प्लेटफॉर्म की खरीद के पीछे का असल मकसद सेनाओं की युद्धक क्षमता को हर हाल में मजबूती प्रदान करना है। जिससे वो जरूरत पड़ने पर दुश्मन के तुरंत दांत खट्टे कर सकें। इसके अलावा कुल स्वीकृत अनुबंधों की एक खास ये भी है कि इनमें से 82% खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी। जिससे रक्षा क्षेत्र के स्वदेशी इकोसिस्टम (कंपनियों) को बढ़ावा मिलेगा, आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

असल मकसद सेनाओं की युद्धक क्षमता को हर हाल में मजबूती प्रदान करना है।



सेना को मिलेंगे हेलिकॉप्टर, कामिकाजी ड्रोन

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों में सेना के लिए उच्च गतिशीलता वाहन (एचएमवी), स्वचालित ट्रैक गन सिस्टम, गन शॉट रिस्पांस सिस्टम (जीएसआरएस), हल्के बहुआयामी हेलिकॉप्टर (एलएमआरएच), बेहद कम दूरी वाली वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस), प्लेटफार्म आधारित काउंटर मानवरहित सिस्टम (सी-यूएएस), लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम कामिकाजी ड्रोन सिस्टम, निगरानी वाले मानव रहित हवाई सिस्टम, एकीकृत निगरानी-हमला प्रणाली में मुख्य हैं।

पैदल सेना को होगा यह लाभ

एचएमवी वाहन चुनौतीपूर्ण भूभाग में सेना की परिचालन क्षमताओं, लॉजिस्टिक सहायता व गतिशीलता को बढ़ाएंगे। स्वचालित ट्रैक्ड गन सिस्टम यानी एसईआर व्यवस्थित टुकड़ियों को समान गतिशीलता, मारक क्षमता प्रदान करेगा। जबकि जीएसआरएस पैदल सेना को आवश्यकता के मुताबिक स्थिति की जानकारी देगा। वहीं, इन सबसे इतर एलएमआरएच का उपयोग सेना, वायुसेना द्वारा टोही, निगरानी, युद्ध, सैनिकों की खोज-बचाव, मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए किया जाएगा। बेहद कम दूरी की हवाई रक्षा प्रणाली की मदद से सेना के लिए नई पीढ़ी के समान आकार के हवाई खतरों से दो-दो हाथ करना आसान हो जाएगा। सी-यूएएस, ▶▶ शेष पेज 5 पर

नौसेना को मिलेगा मिसाइल रोधी कवच

डीएसी ने 2 लाख करोड़ से अधिक के जिन रक्षा खरीद प्रस्तावों को अपनी हरीझंडी दी है। उनमें भारतीय नौसेना के लिए सक्रिय ऑफ बोर्ड डेकॉय सिस्टम (एओडीएस) सहित अन्य प्रमुख नौसैनिक प्लेटफार्मों की खरीद शामिल है। दरअसल एओडीएस एक ऐसा सिस्टम है, जो दुश्मन देशों की आधुनिक युद्धपोत नाशक मिसाइलों के खिलाफ देश की मिसाइल रोधी रक्षा को चाक-चौबंद बनाएगा। यह प्लेटफार्म स्वदेश में डिजाइन के साथ तैयार किया जाएगा। हां इतना जरूर है कि ये सभी नौसैन्य प्लेटफार्म आधुनिक युद्ध क्षमताओं से लैस होंगे व समुद्री सेना की मारक क्षमता को भी बढ़ाएंगे।

वायुसेना की यूं बढ़ेगी ताकत

मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने अपनी बैठक में वायुसेना के लिए जिन रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। उनमें हवाई रक्षा-युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए हेलिकॉप्टर, वायु रक्षा प्रणाली, हथियार और मोबाइल एक्स बैंड डॉप्लर मौसम रडार प्रणाली अहम हैं। यहां एक ध्यान देने वाली बात ये भी है कि इन ▶▶ शेष पेज 5 पर

ईसी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

एसआईआर के फैसले सर्वसम्मति से हुए,फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं

मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोप खारिज किए, सुनवाई आज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में 15 बिंदुओं वाला जवाबी हलफनामा दाखिल किया। आयोग ने मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एसआईआर से संबंधित फैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे।



आयोग के अनुसार, मतदाता पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में कोई संशोधन नहीं किया गया ▶▶ शेष पेज 5 पर

फॉर्म-6 और घोषणा पत्र अलग-अलग

आयोग ने स्पष्ट किया कि एसआईआर में इस्तेमाल होने वाला घोषणा पत्र फॉर्म-6 से अलग दस्तावेज है। ऑनलाइन आवेदन में दोनों को प्रदर्शित करने के तरीके से फॉर्म में बदलाव होने का भ्रम पैदा हो सकता था। आयोग के मुताबिक ऑनलाइन आवेदन में फॉर्म-6 और घोषणा पत्र को अलग-अलग दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। आयोग ने बताया कि जून 2025, अक्टूबर ▶▶ शेष पेज 5 पर

मतदाताओं के रिकॉर्ड और डिजिटल व्यवस्था पर सफाई

आयोग के अनुसार, पुराने दस्तावेजों से रिकॉर्ड नहीं जुड़ पाने वाले मतदाताओं के मामलों में बूथ स्तर के अधिकारी घर जाकर दस्तावेज जुटाएंगे। जरूरत पड़ने पर सुनवाई की जाएगी। ईसीआईनेट पर किसी मतदाता का नाम जोड़ने या हटाने का अधिकार केवल निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के आदेश से होगा। डिजिटल व्यवस्था की जांच के लिए आईआईटी ▶▶ शेष पेज 5 पर

ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा हो, नहीं होगी रैली

विपक्षी रैली पर व्यापारियों ने उठाए सवाल तो राहुल ने दिया जवाब

1 नवंबर को रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कथित वोट चोरी और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर अपना हमला तेज कर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के व्यापारियों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने मेट्रो बंद की, सड़कों को किया और राजधानी को ठप कर दिया। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में शामिल होने की अपील की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में दिल्ली के व्यापारियों के प्रति समर्थन जताते हुए कहा कि कांग्रेस उनकी बात सुन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी होने पर किसी की दुकान, बचत और बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं रह जाता। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग करते हुए दावा किया कि ऐसा होने पर 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा। वहीं, मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि त्योहारों के मौसम में देश के लोग कमरतोड़ महंगाई से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार को इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर वोट चोरी हुई है और यह अब भी जारी है। खड़गे ने इसके लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप ▶▶ शेष पेज 5 पर





सरकार ने नियमों में किया संशोधन

अब 100% इथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां

नई दिल्ली। देश में हरित ईंधन को बढ़ावा देने और परिवहन से होने वाले प्रदूषण को कम करने की दिशा में केंद्र सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही अब 100 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी ई-100 पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के निर्माण और संचालन के लिए नियामकीय रास्ता साफ हो गया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब कई प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियां भारतीय बाजार में ई-100 मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही हैं।



मौजूदा पेट्रोल कारों में बदलाव नहीं

हालांकि, इन ईंधनों का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें अधिक मात्रा में इथेनॉल वाले ईंधन पर चलने के लिए विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित किया गया है। सरकार के इस फैसले का मतलब यह नहीं है कि सामान्य पेट्रोल या ई-20 ईंधन पर चलने वाली मौजूदा कारों में बदलाव करना होगा। ऐसी गाड़ियां सीधे ई-85 या ई-100 पर नहीं चलाई जा सकतीं। इसके लिए वाहन का तकनीकी रूप से अनुकूल होना जरूरी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



सुल्तानपुरी में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में कुछ लोगों द्वारा चाकू से किए गए हमले में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा जख्मी हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात करीब दो बजे सुल्तानपुरी थाने को चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि हमले में 24-वर्षीय हर्ष की मौत हो गई, जबकि उसका साथी जतिन जख्मी है।

पुलिस के मुताबिक, जतिन ने बताया कि वह, हर्ष और 20-वर्षीय क्रिश के साथ स्कूटर से जा रहा था और जब वे अपने घर के पास पहुंचे तो दो-तीन लोग आए एवं उन्होंने उनपर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस हमले में हर्ष के सीने में, जबकि जतिन की जांघ पर चाकू लगा।

अधिकारी ने बताया कि हर्ष को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि इस बाबत संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर 21-वर्षीय दीपक उर्फ दीपू की पहचान की गई और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर उसे वारदात के 12 घंटे के अंदर पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान हो गई है और उन्हें पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

निर्माणाधीन मकान ढहने से पिता-पुत्र की मौत, एक अन्य व्यक्ति मलबे में दबा

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मिलन गार्डन इलाके में रविवार रात एक निर्माणाधीन मकान गिरने की घटना के बाद सोमवार सुबह उसके मलबे से दो शव बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि रातभर बचाव अभियान चलाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बचाव दलों ने मलबे से दो शव बरामद किए हैं, जबकि उसमें दबे एक अन्य व्यक्ति को निकालने के प्रयास जारी हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीम बचाव अभियान में जुटी हैं। मृतकों की पहचान हर्ष विहार निवासी चंदरपाल (60) और उनके बेटे विजय कुमार (33) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, संपत्ति का मालिकाना हक कथित तौर पर मनोज कुमार के पास है।

इमारत गिरने का सिलसिला जारी, भाजपा की लापरवाही फिर बेगुनाह लोगों ने जान देकर चुकाई कीमत

हरिभूमि, नई दिल्ली। यमुनापार में इमारत का लेंटर गिरने के मामले पर दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि राजधानी में इमारत का लेंटर गिरने से एक बार फिर भाजपा शासन की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की लापरवाही और भ्रष्टाचार की कीमत बेगुनाह लोगों ने अपनी जान देकर चुकाई है। नारंग ने कहा कि हर्ष विहार में अवैध निर्माण के चलते लेंटर और छज्जा गिरने से दो लोगों की मौत बेहद दुखद है, जो पुन भाजपा शासित एमसीडी की घोर लापरवाह कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल है। उन्होंने पूछा कि आखिर दिल्ली में कब तक भाजपा शासन में अवैध निर्माण और प्रशासनिक लापरवाही की कीमत आम जनता अपनी जान देकर चुकाती रहेगी। भाजपा सरकार और भाजपा शासित एमसीडी जवाब दे, इन दो मौत को जिम्मेदारी कौन लेगा। नारंग ने कहा कि आम आदमी पार्टी की मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो।

सीएम के पास नाव की सवारी का समय है, बिल्डिंग हादसे के पीड़ितों से मिलने का नहीं: भारद्वाज

हरिभूमि, नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर निशाना लगाते हुए कहा कि सीएम के पास यमुना में नाव की सवारी के लिए तो समय है। लेकिन हर्ष विहार बिल्डिंग हादसे में मारे गए लोगों के घर जाकर पीड़ित परिवारों से मिलने का समय सीएम के पास ही नहीं। कैसी सरकार है जिसमें दिल्ली वाले मर रहे और सीएम रेखा गुप्ता हंस और खिलखिला रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक बार फिर जनता को भ्रमित करने में कोई कसर नही छोड़ी है। इस बार सीएम रेखा के नेतृत्व में भाजपा यमुना में नाव उतारकर उसे क्रूज बताने में जुटी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इससे तो अच्छा है कि भाजपा इस नाव को सीधे टाइटेनिक ही क्यों नहीं कह देती। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में हर महीने कोई न कोई त्रासदी होती है और हर बार मुख्यमंत्री सभी इमारतों के ऑडिट का आदेश देती हैं। लेकिन इसी आदेश के बाद निरीक्षण के नाम पर मोटी रिश्वत वसूली जाती है।

भाजपा सरकार और निगम गंभीर नहीं : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को हर्ष विहार के मिलन गार्डन में एक इमारत ढहने से दो की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में इस साल इमारतें ढहने के 7 बड़े हादसे हो चुके हैं। इससे प्रतीत होता है कि भाजपा की सरकार और दिल्ली नगर निगम दोनों नकारा साबित हो चुका है। इन बड़े हादसों में लगभग दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है और बहुत से घायल हुए है, लेकिन दोषियों के खिलाफ सरकार की तरफ से कोई कार्यवाही सार्वजनिक नहीं हुई है। यादव ने कहा कि हर्ष विहार में एक मंजिला पुरानी इमारत ढ़हने से पिता पुत्र की मौत के बाद परिवार सदमे में है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगातार हादसे हो रहे है ओर दिल्ली नगर निगम अवैध निर्माण और जर्जर घोषित इमारतों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर उगाही करने के नाम पर सैंकड़ों अवैध ढांचों को सील और ध्वस्त करने की कार्यवाही कर रही है, लेकिन गरीब, जररुरतमंद लोग जिनके मकान जर्जर है और उनके पास उसे बनाने के लिए लिए पैसे नही है, उनकी सुरक्षा और जान बचाने में दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम कोई प्राथमिकता नही दिखा रहा है।

छात्रा मौत मामला

डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष लता गुप्ता ने स्कूल का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित सरकारी सर्वोदय बालिका/बाल विद्यालय में आग से झुलसने हुई 12वीं कक्षा की छात्रा की मौत के मामले को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष लता गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए सोमवार को स्कूल का दौरा किया। डीसीडब्ल्यूए अध्यक्ष लता गुप्ता ने स्कूल का दौरे के दौरान वहां छात्राओं की सुरक्षा, काउंसलिंग व्यवस्था और जरूरी समितियों के गठन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लता गुप्ता ने स्कूल की उस कक्षा का निरीक्षण किया जहां छात्रा के साथ घटना घटी। लता गुप्ता ने बताया कि इस दौरे के दौरान उन्होंने स्कूल की शिक्षकों से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी ली और पूछा कि स्कूल में आंतरिक शिकायत समिति, पॉक्सो समिति और काउंसलिंग समिति का गठन किया गया है या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानने पर जोर दिया कि स्कूल में बच्चों की नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था किस तरह संचालित की जाती है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है।

30 करोड़ रुपए की साइबर ठगी से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया, सात गिरफ्तार

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने 30 करोड़ रुपये से अधिक के बैंकिंग लेन-देन से जुड़े साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उत्तर दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निहारिका भट्ट ने सोमवार को बताया कि आरोपी फर्जी कंपनियों के नाम पर खोले गए बैंक खाते साइबर अपराधियों को मुहैया कराते थे। उन्होंने बताया कि यह गिरोह दिल्ली विश्वविद्यालय की एक छात्रा की शिकायत की जांच के दौरान सामने आया, जिससे ऑनलाइन एक कुर्ती खरीदने के दौरान 6,450 रुपये की ठगी की गई थी। भट्ट ने कहा कि चार सितंबर को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद टीम ने लेनदेन की जांच की तो पता चला कि पैसा ग्रेटर नोएडा में एक निजी कंपनी से जुड़े एक बैंक खाते में गया है। डीसीपी ने बताया कि टीम ने लगभग 200 मोबाइल नंबरों और आईएमईआई नंबरों, बैंकिंग लेनदेन और अन्य सेवा प्रदाताओं से प्राप्त डिजिटल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। अधिकारी ने कहा कि 16 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा में समन्वित छापेमारी के दौरान छह आरोपियों आदित्य मिश्रा (23), आयुष वर्मा (22), अभिषेक पाल (23), हिमांशु राणा (29), राहुल कुमार (30) और गौरव पांडे (24) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उदित प्रताप सिंह भदौरिया (22) को 21 अक्टूबर को कानपुर से गिरफ्तार किया गया, जिससे कुल गिरफ्तारियों की संख्या सात हो गई। डीसीपी ने कहा कि पुलिस ने पाया कि कथित फर्जी कंपनियों और लोगों के नाम पर खोले गए लगभग 25 बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी से हासिल रकम को इधर-उधर करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि इन खातों में 30 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन दर्ज किया गया है, जबकि अब तक विभिन्न राज्यों से साइबर धोखाधड़ी की 27 शिकायतें इस गिरोह से जुड़ी पाई गई हैं। अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान, मिश्रा ने खुलासा किया कि उसने और कुछ सहयोगियों ने कंपनियां स्थापित की थीं और चालू खाते खोले थे, जिन्हें 25,000 रुपये के मासिक भुगतान पर राणा और कुमार को सौंप दिया गया था। उसने पुलिस को बताया कि बैंक खातों, बैंकिंग किट और इनसे जुड़े सिम कार्ड को पांडे के माध्यम से मैक्सवेल और सॉलिटेयर नाम के व्यक्तियों को दिया गया था, जो कथित तौर पर अमेरिकी नंबरों से बातचीत करते थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह ने खाताधारकों की व्यवस्था की, परिसर किराए पर लिया और कंपनियां स्थापित करने तथा बैंक खाते खोलने के लिए दस्तावेज तैयार किए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 20 मोबाइल फोन, 45 सिम कार्ड, 39 पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनें, 33 डेबिट कार्ड, 28 चेक बुक, 15 स्कैनर, दो लैपटॉप, पांच स्टैंप, आधार और पैन कार्ड, और 21 बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं।

दहेज हत्या का मामला

अदालत ने पति और सास को किया बरी

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने और महिला की मौत के बीच संबंध साबित करने में अभियोजन पक्ष के विफल रहने का हवाला देते हुए एक व्यक्ति और उसकी मां को बरी कर दिया है। दहेज हत्या का यह मामला वर्ष 2016 का है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरवरींदर सिंह जग्गी की अदालत में तरुण शक्यवार और उसकी मां निर्मला शक्यवार के खिलाफ मामले की सुनवाई हो रही थी। दोनों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता), 304बी (दहेज हत्या) और 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत आरोप लगाए गए थे। अदालत ने 24 अक्टूबर को अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा है कि मृत्यु से ठीक पहले दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया था। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत उकसाने या धारा 406 के तहत आपराधिक न्यास भंग किए जाने का कोई सबूत पेश नहीं किया गया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष कथित दहेज प्रताड़ना और महिला की मौत के बीच निकट संबंध स्थापित करने में विफल रहा। उसने कहा कि बचाव पक्ष के साक्ष्यों से दहेज मृत्यु के मामले में कानून के तहत लागू होने वाली प्रतिकूल धारणा का खंडन हो गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, भारती शर्मा की शादी 24 फरवरी, 2016 को तरुण से हुई थी। उसी साल 20 सितंबर को दक्षिण दिल्ली के छतरपुर एक्सटेंशन स्थित ससुराल में भारती का शव छत के पंखे से लटका पाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण फांसी लगाए जाने से दम घुटना बताया गया था।

भारती के पिता ने आरोप लगाया था कि दहेज की मांग, कर्ज चुकाने और आभूषणों को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी। अभियोजन पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि उसके ससुराल वालों ने उस पर कर्ज लेने का दबाव बनाया और शादी में भारती को मिले आभूषणों का दुरुपयोग किया।

विश्वकर्मा फैमिली क्लब ने किया युवक-युवती परिचय एवं परिवार मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



विश्वकर्मा फैमिली क्लब, द्वारका की ओर से रविवार को मेन वजीराबाद रोड गरिमा गार्डन पर चौथा युवक-युवती परिचय एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस सामाजिक समारोह के जरिए विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं उनके परिवारों को एक-दूसरे से परिचित कराने को एक उचित मंच प्रदान किया गया। इस परिवार मिलन समारोह से समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग, सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में कई दलों के जनप्रतिनिधि , समाजसेवी और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े प्रबुद्ध लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समारोह के अध्यक्ष यशपाल सिंह धीमान और संचालन समन्वयक महेश पांचाल ने किया।

इस अवसर पर रोहताश नगर से भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन, आम आदमी पार्टी की रोहताश नगर वार्ड से निगम पार्षद शिवानी पांचाल, करावल नगर वार्ड से भाजपा निगम पार्षद शिमला देवी पांचाल, भाजपा नवीन शाहदरा जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद कुमार,अशोक नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय पांचाल, डॉ. बिजेंद्र कुमार, समाजसेवी एमके राजपूत, आरके शर्मा, एडवोकेट संगीता कौशिक, डॉ. रमेश, सचिन विश्वकर्मा, डॉ. संजीव, डॉ. उमेश कुमार, नरेश, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांचाल एवं अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

युवक-युवती परिचय सम्मेलन में करीब 150 से ज्यादा पंजीकृत परिवारों के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन में विशेषकर दिल्ली एनसीआर के राज्यों हरयिाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के अलग अलग शहरों के युवक युवती व उनके परिजन पहुंचे। कार्यक्रम के अध्यक्ष यशपाल धीमान एवं समन्वयक महेश पांचाल ने संयुक्त रूप से कहा कि संस्था का मकसद परविारों को एक मंच पर एकत्र कर उनको परचिति करवाना है।

डीयू के प्रोफेसर को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में गाँधी भवन के संयुक्त निदेशक व श्री अरबिंदो कॉलेज के हिंदी विभाग में प्रोफेसर हंसराज सुमन को डॉ. बी. आर. अम्बेडकर स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने प्रतिष्ठित डॉ. अम्बेडकर नेशनल अवॉर्ड -2026 से सम्मानित किया है। प्रोफेसर हंसराज सुमन को यह सम्मान सामाजिक न्याय व पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया है। फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नीरज मेहरा ने अपने संबोधन में बताया कि डॉ. अम्बेडकर नेशनल अवॉर्ड उन व्यक्तियों को सम्मानित करता है जिनकी व्यावसायिक निष्ठा, सेवा और उपलब्धियां समाज को प्रेरित करती है और समानता, शिक्षा, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के मूल्यों को निष्पक्ष तरीके से बढ़ावा देती है। वहीं, प्रो. हंसराज सुमन ने बताया कि इसके अलावा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस सम्मान पर उन्हें लगातार बधाई और शुभकामनाएं संदेश मिल रहें हैं।

राष्ट्र-विरोधी शक्तियां देश को कमजोर करने के लिए प्रयत्नशील: जोगिन्द्र

- धर्मपाल आर्य, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली राज्य के प्रधान जोगिन्द्र खट्टर ने नव निर्वाचित प्रधान धर्मपाल आर्य बधाई देते हुए सभी आर्यजनों को संगठित रहने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र-विरोधी शक्तियाँ देश को कमजोर करने हेतु प्रयत्नशील हैं, अतः आर्यजनों को संगठित होकर महर्षि दयानन्द को स्वप्न साकार करने हैं। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रेस सचिव चन्द्रमोहन आर्य ने सोमवार को बयान जारी किया। प्रेस बयान में बताया कि दिल्ली की समस्त आर्यसमाजों की शिरोमणि संस्था दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा का त्रैवार्षिक साधारण अधिवेशन एवं निर्वाचन आर्य समाज हनुमान रोड, नई दिल्ली में पंजाब, आर्य प्रतिनिधि सभा के रजिस्ट्रार अशोक परूथी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सुरेन्द्र कुमार आर्य, विनय आर्य, महाशय धर्मपाल की सुपुत्री सुषमा शर्मा, एमसीडी केशवपुरम जोन के चैयरमेन अजय रवि हंस अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर दिल्ली की सभी आर्य समाजों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से समाजसेवी धर्मपाल आर्य को पुनः प्रधान निर्वाचित किया। इसके साथ ही उन्हें अपनी कार्यसमिति के गठन के अधिकार भी सर्वसम्मति से दिए गए। नव निर्वाचित प्रधान धर्मपाल आर्य ने दिल्ली की समस्त आर्यसमाजों से पधारे समस्त प्रतिनिधियों का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए प्रचार कार्यों में सराहनीय आर्य योगदान प्रदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दिल्ली सभा की त्रैवार्षिक रिपोर्ट की भी सभी ने प्रशंसा की।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अलाउद्दीन उर्फ सुल्तान, पुत्रः** शेख सिराजुल, **निवासीः** म. नं. सी–145, सी–ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 699/2025, U/s 304(2)/317(2)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अलाउद्दीन उर्फ सुल्तान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अलाउद्दीन उर्फ सुल्तान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 699/2025, U/s 304(2)/317(2)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अलाउद्दीन उर्फ सुल्तान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (उत्तर)
कमरा नं. 06, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14866/NW/2026
(Court Matter)

पैनाफिक इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स लिमिटेड
(पूर्व में पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड के नाम से विदित)
पंजीकृत कार्यालयः 23, द्वितीय मंजिल, नार्थ वेस्ट एवेन्यू, क्लब रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली -110026
CIN: L45202DL1985PLC019746
E-mail: panafic.industrials@gmail.com,, Website: www.panaficindustrialsltd.in Ph: 9810009453

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटरीलाईजेशन के लिए विशेष विंडो की सूचना

सेबी परिपत्र संख्या एचओ/38/13/11(2)2026-एमआईआरएसडी-पीओडी/1/3750/2026 दिनांक 30th जनवरी, 2026 के अनुसार सभी शेयरधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी ने 1st अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डिमैटरीलाईजेशन के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए एक विशेष विंडो प्रदान कराई गई है। यह विशेष विंडो 5th फरवरी, 2026 से 4th फरवरी, 2027 तक खुली रहेगी।

यह सुविधा उन हस्तांतरण अनुरोधों के लिए भी उपलब्ध है जो पहले प्रस्तुत किये गये थे लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया/अथवा अन्यथा किसी अन्य कमियों के कारण अस्वीकार/वापस कर दिये गये थे।

हस्तांतरित प्रतिभूतियाँ अनिवार्य रूप से केवल डीमैट माध्यम से ही हस्तांतरिती के खाते में जमा की जायेंगी और हस्तांतरण की पंजीकृत तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक–इन की अवधि में रहेगी। उक्त प्रतिभूतियों को लॉक–इन अवधि के दौरान हस्तांतरित/गिरवी नहीं रखा जा सकता है।

1st अप्रैल, 2019 से पहले निष्पादित दस्तावेजों के हस्तांतरण के लिए इस विंडो की प्रयोज्यता के सम्बन्ध में स्पष्टता के लिए, नीचे दिये गये मैट्रिक्स का संदर्भ लिया जा सकता है-

हस्तांतरण विलेख के निष्पादन की तिथि	1st अप्रैल, 2019 से पहले हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया	मूल प्रतिभूति प्रमाणपत्र उपलब्ध है	क्या आप वर्तमान समयसीमा में आवेदन करने के पात्र हैं?
1st अप्रैल, 2019 से पहले	नहीं (क्या यह नया प्रस्तुतीकरण है)	हाँ	हाँ
1st अप्रैल, 2019 से पहले	हाँ (इसे पहले अस्वीकार/वापस कर दिया गया था)	हाँ	हाँ
1st अप्रैल, 2019 से पहले	हाँ	नहीं	नहीं
1st अप्रैल, 2019 से पहले	नहीं	नहीं	नहीं

जो योग्य शेयरधारक इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने **मूल शेयर प्रमाणपत्र और हस्तांतरण विलेख** के साथ उपरोक्त निर्धारित अवधि के भीतर कम्पनी के रजिस्ट्रार एण्ड शेयर हस्तांतरण एजेन्ट (आरटीए) के कार्यालय - **स्काईलाइन फाईनेंसियल सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड**, डी-153/ए, प्रथम मंजिल, ओखला इन्डस्ट्रियल एरिया, फेस-I, नई दिल्ली - 110020 पर प्रस्तुत करें। (दूरभाषः 011-26812682-83) अथवा ईमेल : admin@skylinerta.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

यह परिपत्र कम्पनी की वेबसाइट - www.panaficindustrialsltd.in पर उपलब्ध है।

पैनाफिक इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स लिमिटेड
(पूर्व में पैनाफिक इन्डस्ट्रियल्स लिमिटेड के नाम से विदित)
हस्ता०/–
सरिता गुप्ता
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 00113099

स्थान : दिल्ली
तिथि : 26th अक्टूबर, 2026

कोर्ट आयुक्त ने 15 दिन में अवैध कब्जे हटाने के दिए निर्देश

तालाबों पर कब्जे को लेकर डीडीए अधिकारियों को लगी फटकार

- एक माह में तालाबों के विकास की रिपोर्ट भी सौंपे अधिकारी
- ग्रामीणों से तालाबों को साफ रखने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली देहात के गांवों में तालाबों और जोहड़ों की जमीन पर कथित अवैध कब्जों का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त कोर्ट आयुक्त वीके टंडन और अरविंद कुमार शाह ने पिछल सप्ताह देहात स्थित विभिन्न तालाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान तालाबों की स्थिति, अतिक्रमण और संरक्षण से जुड़ी कमियों पर संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया। बांकनेर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एसएल खत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बांकनेर गांव में तालाब की जमीन से कथित अवैध कब्जा नहीं हटाए जाने का मामला उठने पर कोर्ट आयुक्त ने डीडीए अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को राजस्व विभाग और बीडीओ कार्यालय के साथ समन्वय कर तालाबों की जमीन से अवैध कब्जे हटाने तथा उनके विकास की दिशा में ठोस कदम उठाने को कहा गया। मौके पर दिए गए निर्देशों के अनुसार, '15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाकर और एक माह के भीतर तालाबों के विकास से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर भेजनी होगी।' वहीं, कोर्ट आयुक्त अरविंद कुमार शाह और अधिवक्ता विक्रम सिंह ने गांव के लोगों से तालाबों को साफ-सुथरा रखने और उनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने इसके लिए दिल्ली नगर निगम का सहयोग लेने की बात भी कही।

बांकनेर में आरडब्ल्यूए ने उठाया कब्जे का मुद्दा

बांकनेर के तालाबों और जोहड़ों के निरीक्षण के दौरान गांव की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने तालाब से संबंधित जमीन पर कथित अवैध कब्जा नहीं हटाए जाने का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने कोर्ट आयुक्तों के समक्ष आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने के मामले में संबंधित अधिकारियों ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने भूमाफिया के साथ कथित सांठगांठ के आरोप भी लगाए।

शिकायतों पर नहीं हुई अपेक्षित कार्रवाई

आरडब्ल्यूए ने दावा किया कि तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे के संबंध में डीडीए अधिकारियों को दस्तावेजों के साथ कई पत्र भेजे गए, लेकिन शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। आरोप यह भी लगाया कि डीडीए अधिकारी सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी का जवाब भी नहीं देते। वहीं, एक ग्रामीण ने कोर्ट आयुक्त से तालाब की जमीन को सभी अवैध कब्जों से मुक्त कराने की मांग की।

खबर संक्षेप

एमसीडी खरीदेगी एंटी रेबीज वैक्सीन की 98 हजार से अधिक शीशियां

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने दावा किया है कि जानवरों के काटने के बाद उनके इलाज के लिए दूसरे चरण में एमसीडी एंटी रेबीज वैक्सीन की शेष 98 हजार से अधिक शीशियां खरीदेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले एमसीडी ने से 21,500 शीशियां मई 2026 में खरीदी जा चुकी हैं, जबकि शेष 98,500 शीशियों की खरीद को स्वीकृति दी गई है। एमसीडी ने अनुमानित दो साल की जरूरत के लिए 1.20 लाख शीशियों की खरीद करनी है। इससे जानवरों के हमलों के शिकार लोगों को इलाज के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। नई डोज खरीद के बाद कुत्तों, बंदरों, बिल्लियों और अन्य जानवरों के हमलों के शिकार लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सत्या शर्मा ने कहा, जानवरों के हमलों के शिकार लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता का हिस्सा है।

एनडीएमसी ने शास्त्रीय संगीत समारोह का किया आयोजन

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने सोमवार को स्पिक मैके एवं एसआरएफ फाउंडेशन के सहयोग नेहरू पार्क चाणक्यपुरी में 'म्यूजिक इन द पार्क' श्रृंखला के अंतर्गत शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया गया। एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने नेहरू पार्क में आयोजित म्यूजिक इन द पार्क समारोह में संगीत प्रेमियों के साथ संगीत का आनंद लिया। मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक संध्याएं शास्त्रीय संगीत को सभागारों से खुले सार्वजनिक स्थलों तक लाती हैं और दिल्ली के शहरी जीवन को समृद्ध बनाती हैं।

डीजेबी का ई-केवाईसी अभियान के तहत 26 लाख से अधिक का लक्ष्य

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) अपने उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी के लिए अभियान को और तेज कर दिया है। डीजेबी ने ई-केवाईसी अभियान के तहत 26 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के सत्यापन का लक्ष्य रखा है। इस बारे डीजेबी ने बताया कि शहरव्यापी ई-केवाईसी अभियान को पहले की तुलना में और गति दी जा रही है। इसका मूल उद्देश्य प्रत्येक उपभोक्ता के रिकॉर्ड के साथ ही बिलिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी। इससे उपभोक्ताओं के वास्तविक आंकड़ों से तैयार डेटाबेस मिलने से बिलिंग व आपूर्ति में सुधार करने में तेजी आएगी। डीजेबी का कहना है कि छह माह तक चलने वाले इस शहरव्यापी अभियान के अंतर्गत दिल्ली के पंजीकृत जल उपभोक्ताओं का घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्ता और उसकी संपत्ति से जुड़ी जानकारी को डिजिटल रूप से अपडेट करना तथा डुप्लीकेट, पुराने या अधूरे रिकॉर्ड की पहचान को सही करना है। अधिकृत फील्ड कर्मचारी घर-घर जाकर जल कनेक्शन से संबंधित जानकारी, संपत्ति का पता, मोबाइल नंबर और मीटर की स्थिति सहित आवश्यक विवरणों का सत्यापन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने क्रूज सेवा का किया ट्रायल रन और निरीक्षण

सोनिया विहार से जगतपुर तक विकसित की जा रही क्रूज सेवा, यात्रा के लिए 500 रुपये शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सोनिया विहार से जगतपुर तक यमुना नदी पर विकसित की जा रही क्रूज सेवा का ट्रायल रन और निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से परियोजना की प्रगति, संचालन व्यवस्था और यात्रियों के लिए तैयार की जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में मां यमुना के साथ लोगों का भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव अत्यंत गहरा है। यमुना सफारी की शुरुआत इस जुड़ाव को एक नया आयाम देने के साथ-साथ राजधानी में पर्यटन और मनोरंजन की नई संभावनाओं को भी साकार करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस सेवा का ट्रायल रन लगभग एक सप्ताह तक चलाने की योजना है। इसके बाद नवंबर के पहले सप्ताह में इसका औपचारिक शुभारंभ की तैयारी की जा रही है। अंतिम तिथि निर्धारित होने के बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। यात्रियों के लिए तैयार की गई व्यवस्था के अंतर्गत परिसर में प्रवेश शुल्क 50 रुपये और क्रूज की एक पूरी यात्रा का प्रस्तावित शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

परिसर में प्रवेश शुल्क 50 रुपये



'लोग मां यमुना के दर्शन करते हुए क्रूज का ले सकेंगे आनंद'

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजना छठ महापर्व से पहले यमुना सफारी का औपचारिक शुभारंभ करने की है ताकि दिल्लीवासी इस विशेष अनुभव का आनंद ले सकें। जिस प्रकार देश के अन्य शहरों में नदियों पर नौका विहार लोगों को शांति, सुकून और प्रकृति के निकट आने का अवसर प्रदान करता है, उसी प्रकार दिल्ली में भी लोग मां यमुना के दर्शन करते हुए क्रूज का आनंद ले सकेंगे।

30 यात्रियों की क्षमता, 45 मिनट का होगा सफर

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि फिलहाल 30 यात्रियों की क्षमता वाली क्रूज इस मार्ग पर संचालित करने की तैयारी की गई है। सोनिया विहार से जगतपुर स्थित शनि मंदिर तक आने-जाने का पूरा सफर लगभग 35 से 45 मिनट का होगा। यात्रियों को निर्धारित मार्ग पर नौका विहार का अनुभव मिलेगा और यात्रा पूरी होने के बाद वे अपने शुरुआती स्थान पर लौट सकेंगे।

छठ पूजा की तैयारियां तेज: मिश्रा

दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यमुना रिवर सफारी एक अद्भुत परियोजना है। केंद्र सरकार, डीडीए, दिल्ली सरकार और दिल्ली पर्यटन के साझा प्रयासों से यह परियोजना साकार हो रही है। दिल्लीवासियों और पर्यटकों को एक सुंदर रिवर अनुभव मिलेगा। एनजीटी और पर्यावरण के सभी मानकों का पालन किया गया है। इस बार भी यमुना तट पर भव्य छठ पूजा की तैयारियां की जा रही हैं।

'अभद्र भाषा के लिए कांग्रेस मांगे माफी'

पीएम के स्वर्गीय पिता का अपमान करने का किया विरोध

प्रदेश भाजपा ने खड़गे के निवास पर किया विशाल विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वर्गीय पिता के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने के विरोध में दिल्ली प्रदेश भाजपा ने सोमवार को राजा जी मार्ग स्थित मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास के पास विशाल विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व एवं प्रदेश प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे की उपस्थिति में दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल, युवा एवं ओबीसी मोर्चा के लगभग 2000 कार्यकर्ता राजा जी मार्ग पर स्थित सेना भवन के पास एकत्र हुए और वहां उन्हे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सम्बोधित किया।

प्रदेश महामंत्री मोहनलाल गिहारा द्वारा संचालित प्रदर्शन में वरिष्ठ नेताओं के सम्बोधन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास की ओर नारे लगाते हुए मार्च प्रारम्भ किया तो पुलिस ने कुशक रोड़ मोड़ पर बैरिकेड्स लगा कर रोकने का प्रयास किया जिसे तोड़ कर कार्यकर्ता आगे बढ़े तो सेना भवन के पास भारी पुलिस बल ने उन्हे बलपूर्वक रोका और वहां से प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा सहित लगभग 200 वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को डिटेन करके 5 बसों में मंदिर मार्ग थाने ले गई। प्रदेश भाजपा के अनुसार, हर्ष मल्होत्रा एवं विनय सहस्त्रबुद्धे के अलावा प्रदर्शन को प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश भाटिया, महामंत्री मोहनलाल गिहारा, संयुक्त मोर्चा प्रभारी सुमित भसीन, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, प्रदेश मंत्री रोहित चहल, मोर्चा प्रभारी एवं सह प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, बृजेश राय, आजाद सिंह आदि और कार्यालय मंत्री कैलाश जैन आदि ने सम्बोधित किया।

प्रधानमंत्री को प्यार करती है जनता : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कांग्रेस, कांग्रेस के नेता और इनके घटक दल इतने हताश हो चुके हैं कि ये कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गालियां देते हैं, कभी उनके स्वर्गीय माता-पिता तक के बारे में अपशब्द बोलते हैं। प्रधानमंत्री को जनता प्यार करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल इतने हताश हो चुके हैं कि उन्होंने सारी सीमाएं लांघ दी हैं। जनता ने इन्हें जिस तरह नकारा है, उसकी हताशा इनके चेहरों पर भी दिखती है और जुबान पर भी दिखती है।

सेना भवन के पास पुलिस ने मल्होत्रा सहित लगभग 200 कार्यकर्ताओं को बसों में भरकर मंदिर मार्ग थाने ले गई



मोदी विश्व के शीर्ष नेताओं में से हैं एक : मल्होत्रा

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वर्गीय पिताजी के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया। उसी बात को लेकर हम यहां कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के घर पर आए हैं और उनसे यह कहने आए हैं कि नरेन्द्र मोदी केवल भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नहीं हैं, बल्कि वे पूरे विश्व के शीर्ष नेताओं में से एक हैं और भारत के प्रधानमंत्री हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को पीएम मोदी के स्वर्गीय पिता पर की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगनी होगी। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी, चाहे वह राहुल गांधी हों या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सभी हताश हो चुके हैं। लगातार चुनावों में हार के कारण इन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि इन्हें क्या करना है। ये हर समय अराजकता के दौर में आ जाते हैं और किसी कानून को नहीं मानने वाले लोग हैं।

'कांग्रेस में बढ़ रही हताशा'

प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की हताशा इसलिए भी बढ़ती जा रही है क्योंकि जनता इनके साथ नहीं है। इनके अपने लोग, इनके अपने कार्यकर्ता और जब उपचुनावों के परिणाम आते हैं और कांग्रेस तथा विपक्षी दल उसमें भी हारते हैं, तो इनकी हताशा और बढ़ जाती है।

जनता ने वंशवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं किया : विनय

प्रदेश प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के वे लोग, जिन्होंने पीढ़ियों से सत्ता को अपने परिवार की पितृसंपत्ति समझा और यह मान लिया कि सत्ता पर केवल मेरा ही अधिकार है क्योंकि मैं इसी घराने में पैदा हुआ हूं, उन्हें यह समझना चाहिए कि देश की जनता ने वंशवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन जनता के अंदर की उस तीव्र भावना, लोगों के मन में व्याप्त संताप और उद्वेलित जनमानस का प्रकटीकरण है।

गौशाला चारदीवारी तोड़फोड़ का मामला

जूनियर इंजीनियर सस्पेंड विभागीय जांच शुरू



सरकारी पद पर मनमानी या असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं: रेखा

कदाचार साबित हुआ तो कानून के तहत होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के कंझावला इलाके स्थित निजामपुर में गौशाला चारदीवारी तोड़फोड़ और पशु कल्याण कार्यकर्ता जागृति मिश्रा से जुड़े मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित जूनियर इंजीनियर को निलंबित किए जाने और उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू होने की सोमवार को जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकारी पद पर बैठे अधिकारियों की जिम्मेदारी नागरिकों की सेवा संवेदनशीलता, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ करना है। किसी भी शिकायत को हल्के में नहीं लिया जाएगा और प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। बता दें कि रविवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तोड़फोड़ की जगह का निरीक्षण कर पीड़िता जागृति मिश्रा से मुलाकात की थी और सभी जानकारी लेकर क्षेत्रीय निगम उपायुक्त, डीएम, डीसीपी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि सरकारी पद केवल अधिकार का नहीं, बल्कि जनता के प्रति जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हर शिकायत की निष्पक्षता से जांच हो और पूरी प्रक्रिया कानून के दायरे में रहकर पूरी की जाए। उन्होंने साफ किया कि विभागीय जांच में यदि किसी तरह के कदाचार की पुष्टि होती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समय से बसें न मिलने से रूट नंबर 85 के यात्री परेशान

नई दिल्ली। रूट नंबर 85 की बसें समय से न मिलने से इस रूट पर चलने वाले यात्री परेशान हैं। आनंद विहार से पंजाबी बाग टर्मिनल तक चलने वाली रूट नंबर 85 और आनंद विहार आईएसबीटी से वेस्ट एन्क्लेव तक चलने वाली रूट नंबर 85 एक्सटेंशन बस सेवाएं संचालित हैं। लेकिन यह बसें अपने समय पर नहीं चल रही हैं। यात्रियों को इन बसों में सफर के लिए बस स्टॉपों पर इंतजार करना पड़ता है। रात के समय तो इन रूटों पर बसें न के बराबर मिलती हैं। इस पर यात्री दूसरे रूटों की बसें लेकर अपने गंतव्य को पहुंचते हैं। इसके लिए उन्हें कई बसें बदलनी पड़ती है। यात्रियों का कहना है कि दिन में तो आधे से पौन घंटे के इंतजार पर ये बसें मिल जाती हैं लेकिन रात में 9 बजे के बाद तो बस मिलना ही मुश्किल हो जाता है। पटेल नगर के बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहे एक यात्री ने कहा कि रात में यहां से बसों का मिलना मुश्किल हो जाता है। रात 9 बजे के बाद इक्का दुक्का ही बसें यहां से मिलती है। लोगों का कहना है कि इस रूट पर बसों की संख्या और उनके फेरों को बढ़ाना जरूरी है क्योंकि यह रूट लंबा होने के कारण इस पर अधिक संख्या में यात्री सफर करते हैं।

सांसद स्वाति मालिवाल ने की जागृति की फाउंडेशन को 15 लाख रुपये देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सोमवार को पशु प्रेमी जागृति मिश्रा से मुलाकात की और उनकी फाउंडेशन को 15 लाख रुपए की मदद करने की की घोषणा की। इस बात की जानकारी स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। उन्होंने एक्स पर जागृति से मुलाकात करने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि सोमवार को मेरी मुलाक़ात जागृति से हुई। वह बहुत ही नेक दिल और प्यारी लड़की है, जो बेजुबान जानवरों की भलाई के



लिए दिन-रात मेहनत कर रही है। हम सबने देखा कि कैसे राजनीतिक गुंडों और अधिकारियों ने उसे परेशान किया, और उसके एनिमल शेल्टर के निर्माण को तोड़ दिया गया। इन सबके बावजूद, उसने हार मानने से इनकार कर दिया है। वह ज़रूरतमंद जानवरों के लिए एक मुफ़्त एनिमल हॉस्पिटल, गौशाला और शेल्टर बनाने की दिशा में काम कर रही है। मैं अपने सांसद निधि से 15 लाख रुपये उसके फाउंडेशन के जरिए इस सुविधा के निर्माण के लिए दे रही हूं। इस नेक काम में उसे हमेशा मेरा समर्थन मिलता रहेगा। बेजुबानों की सेवा करना, ईश्वर की सेवा करने के बराबर है।

मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्री के साथ किया सूर घाट का निरीक्षण

नई दिल्ली। छठ महापर्व से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हों और श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सूर घाट पर छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर किए गए निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने घाट परिसर की व्यापक साफ-सफाई, जरूरी स्थानों पर मरम्मत और रंग-रोगन कर उसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से खराब पड़े हिस्सों को अस्थायी रूप से ठीक करने के बजाय उनकी समुचित मरम्मत की जाए। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जर्जर गेट, जंग लगे ढांचे, मरम्मत की जरूरत वाले हिस्सों, साफ-सफाई आदि को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रकाश व्यवस्था का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने घाट के दोनों ओर पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने और सभी लाइटों की जांच कर उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने निरीक्षण करने के बाद की घोषणा

मरम्मत पूरी होने पर हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया पुराना आरटीआर फ्लाईओवर: प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शहर को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग, पुराना राव तुला राम (आरटीआर) फ्लाईओवर, सोमवार शाम से हल्के वाहनों के लिए फिर से खोल दिया गया है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को पूरे हुए मरम्मत कार्य का स्वयं निरीक्षण करने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में बनकर तैयार हुआ पुराना आरटीआर फ्लाईओवर पिछले 17 वर्षों से अधिक समय से दक्षिण दिल्ली से हवाई अड्डे की ओर जाने वाले यातायात के लिए एक अहम कड़ी रहा है। मंत्री प्रवेश ने बताया कि वसंत विहार से आईजीआई हवाई अड्डे की ओर जाने वाला फ्लाईओवर का कैरिजवे 20 अक्टूबर को बंद कर दिया गया था, जब दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सड़क की सतह पर दो स्थानों पर दरारें देखीं। इसके बाद हुए निरीक्षण में गैप स्लैब वाले हिस्से में कंक्रीट के क्षरण, सड़क पर स्पष्ट दरारें और लोहे की सरिया खुली होने की बात सामने आई। यात्रियों की सुरक्षा के लिए एहतियात के तौर पर इस हिस्से पर यातायात तुरंत रोक दिया गया। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश ने यात्रियों से अपील की है कि वे यातायात सलाह का पालन करें, हल्के वाहनों से जुड़े प्रतिबंध का ध्यान रखें और सुचारु आवागमन के लिए क्षेत्र में तैनात दिल्ली ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का सहयोग करें। विभाग फ्लाईओवर की लगातार निगरानी करता रहेगा और संरचनात्मक ऑडिट पूरा होने के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी।

एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को राहत

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि पुराना आरटीआर फ्लाईओवर दक्षिण दिल्ली के सबसे व्यस्त कॉरिडोर में से एक है, जिस पर से प्रतिदिन हजारों वाहन वसंत विहार और आसपास के इलाकों से हवाई अड्डे और आगे की ओर जाते हैं। फ्लाईओवर बंद रहने के दौरान यातायात को पास की सर्विस रोड पर मोड़ दिया गया था, जिससे फ्लाईओवर के प्रवेश मार्ग पर, खासकर व्यस्त समय में, भारी जाम और लंबी कतारें लग रही थीं। फ्लाईओवर के दोबारा खुलने से रोजाना आने-जाने वालों, हवाई यात्रियों, टैक्सी संचालकों और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को तुरंत राहत मिलने की उम्मीद है, जिन्हें पिछले एक सप्ताह से यात्रा में अधिक समय लग रहा था।

सक्षम इंद्रप्रस्थ ने किया प्रांत अधिवेशन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सक्षम इंद्रप्रस्थ और समान अवसर प्रकोष्ठ, श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज के संयुक्त तत्त्वावधान में महाविद्यालय सभागार में सक्षम इंद्रप्रस्थ के प्रांत अधिवेशन का भव्य आयोजन हुआ।

अधिवेशन के उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संचालक डॉ. अनिल अग्रवाल ने सक्षम द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली में कौशल विकास बोर्ड स्थापित करते हुए दिव्यांगों के रोजगार एवं समावेशन का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक करनैल सिंह ने दिव्यांग कौशल परियोजनाओं के प्रति संकल्पबद्धता दिखाते हुए दिल्ली में दिव्यांगों के लिए पांच सौ से अधिक दुकानें आबंटित करने का विश्वास दिलाया। प्रांत अधिवेशन में सक्षम के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर दयाल सिंह पंवार, राष्ट्रीय सह सचिव अभय परगाल, श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. नीलम गोयल का सानिध्य प्राप्त हुआ।

खबर संक्षेप

इंडिया गठबंधन की तैयारियों को लेकर पर्चे बांटे

फरीदाबाद। इंडिया गठबंधन की 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली



ऐतिहासिक होगी। इस रैली में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माक्र्सवादी के सैकड़ो वर्कर भाग लेंगे। यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। उन्होंने बताया कि रैली की तैयारी के सिलसिले में ब्रांचों की मीटिंग की जा रही है। आज ओल्ड ब्रांच की मीटिंग बसेलवा कॉलोनी स्थित पार्टी ऑफिस में हुई।

देसी कट्टा के साथ आरोपी को किया धराया

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच एवीटीएस भूपानी की टीम ने एक व्यक्ति को



अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अमन निवासी एनआईटी-5 फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच एवीटीएस भूपानी की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एनआईटी-5 फरीदाबाद के रहने वाले अमन के पास अवैध हथियार है।

गाजियाबाद पुलिस ने चलाया अभियान

गाजियाबाद। कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चार



दिन तक विशेष अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत शराब की दुकानों के आसपास सार्वजनिक स्थलों एवं मार्गों पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों तथा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अव्यवस्था रोकना, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना।

योगी तेजपाल सिंह को बधाई देने फरीदाबाद पहुंचे उत्तरप्रदेश सरकार के मंत्री केपी मलिक

योगी समाज के सहयोग से उत्तर प्रदेश में हैट्रिक बनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री केपी मलिक ने सोमवार को फरीदाबाद पहुंचकर योगी तेजपाल सिंह को अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन का दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने योगी तेजपाल सिंह के सामाजिक योगदान की सराहना की।

मंत्री केपी मलिक ने कहा कि योगी तेजपाल सिंह लंबे समय से समाज के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने समाज को एकजुट करने और उसकी मांगों को उचित मंच तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उनका दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना समाज के लोगों के विश्वास और उनके प्रति सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि योगी तेजपाल सिंह अपने नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा समाज के उत्थान के लिए नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे। राज्यमंत्री केपी मलिक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की



सरकार बनाने और पार्टी को मजबूत करने में भी तेजपाल सिंह ने काफी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि योगी तेजपाल सिंह और उनके संगठन का सहयोग पार्टी के लिए महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन के सहयोग और कार्यकर्ताओं की मेहनत से उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार तीसरी बार भी सत्ता में आने की दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार समाज के लोगों को आगे बढ़ाने और उन्हें उचित अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम करेगी। इस अवसर पर योगी तेजपाल सिंह ने कहा कि केपी मलिक उनके बड़े भाई के समान हैं और उनके साथ लंबे समय से पारिवारिक एवं आत्मीय संबंध रहे हैं।

समाज के लोगों को शिक्षा, रोजगार के अवसर दिलाना

संगठन का प्रमुख उद्देश्य समाज के लोगों को शिक्षाए रोजगार और सामाजिक पहचान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिलाना है। उन्होंने कहा कि समाज की आवाज को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता है और वे शिक्षाए रोजगार तथा समाज को उचित पहचान दिलाने की मांग को लगातार उठाते रहेंगे।

सूरजकुंड दिवाली मेले के समापन समारोह में बोले केंद्रीय मंत्री, कहा- बिना पर्ची-बिना खर्ची रोजगार व्यवस्था हरियाणा के सुशासन की पहचान

दीवाली मेला भारतीय संस्कृति, परंपरा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम: केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा-वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत कर रहा है सूरजकुंड दिवाली मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय विद्युत आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 26 अक्टूबर 2014 का दिन हरियाणा के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसी दिन प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के संकल्प के साथ नई सरकार ने कार्यभार संभाला था। सरकार ने प्रदेश के सवा दो करोड़ से अधिक लोगों को अपना परिवार मानकर उनकी सेवा करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां मिलना व्यवस्था परिवर्तन का प्रमाण है।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सोमवार को सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित तीसरे सूरजकुंड दिवाली मेले के समापन समारोह

भविष्य में इसे और भव्य स्वरूप दिया जाएगा:पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

सुशासन, पारदर्शिता और अंत्योदय के संकल्प के साथ हरियाणा ने विकास के नए आयाम स्थापित किए



को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पर्यटन विभाग के आयुक्त डॉ. अमित अग्रवाल, पुलिस आयुक्त सत्येंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता, जिला परिषद के अध्यक्ष विजय लोहिया, हरियाणा महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेनू भाटिया, अजय गौड़ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं अधिकारी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उन्हें देश की जनता की सेवा करने का अवसर मिला है।

देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें

हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सूरजकुंड दिवाली मेला केवल खरीदारी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और विकसित भारत-जी2047 के संकल्प को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। इस मेले के जरिए देश के विभिन्न राज्यों की कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को एक मंच मिल रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

कोजागिरी पूर्णिमा पर मनाई सांस्कृतिक

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाराष्ट्र मित्र मंडल ने दिया एकता, संस्कृति और परंपरा का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद द्वारा गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक सौहार्द के साथ कोजागिरी पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मंडल के सदस्यों एवं परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं का सामूहिक उत्सव मनाया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ सदस्य यशवंत पांचाल ने कोजागिरी पूर्णिमा के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरद पूर्णिमा, जिसे कोजागिरी पूर्णिमा अथवा रास पूर्णिमा भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार वर्ष भर में केवल इसी दिन चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। इसी रात्रि भगवान श्री कृष्ण ने महारास का आयोजन किया था तथा चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है।

मंत्री गोयल ने कहा-भांखरी में कचरा जमा नहीं होगा, होगी पूरी प्रोसेसिंग, न दुर्गंध फैलेगी, न आसपास के लोगों को होगी कोई समस्या

फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड स्थित ग्राम भांखरी में 600 टन प्रतिदिन क्षमता का आधुनिक प्री प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने की योजना को सीएम नायब सिंह सैनी ने दी स्वीकृति

लगभग 4.38 लाख मीट्रिक टन नगरपालिका ठोस कचरे के वैज्ञानिक प्रसंस्करण पर 17.12 करोड़ खर्च होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में कचरे की मात्रा के वैज्ञानिक प्रबंधन और शहर की



स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए हरियाणा सरकार महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इसी दिशा में फरीदाबाद गुरुग्राम रोड स्थित ग्राम भाखरी में हरियाणा पावर जनरेशन की भूमि पर तीसरी वेस्ट प्रोसेसिंग साइट विकसित करने की योजना बनाई गई है, जहां 600 टन प्रतिदिन क्षमता का आधुनिक प्री प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना को 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित हाई पावर वक्र्स कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वीकृति प्रदान की। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने साफ शब्दों में कहा कि भांखरी में कचरा जमा नहीं होगा। यह साइट केवल कचरा डालने की जगह नहीं होगी, बल्कि यहां आने वाले पूरे कचरे की आधुनिक मशीनों से प्रोसेसिंग की जाएगी। जिससे साइट पर कचरे के ढेर नहीं लगेंगे और कचरा शेष नहीं बचेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्लांट से किसी भी प्रकार की दुर्गंध नहीं फैलेगी। इसके लिए नियमित रूप से बायो कल्चर स्प्रे किया जाएगा, जो बदबू को पूरी तरह नियंत्रित करेगा। प्लांट में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाएगा, जिससे गंदे पानी का शोधन होगा और भूमि व भूजल सुरक्षित रहेंगे। सुरक्षा के लिए अग्निशमन प्रणाली की भी व्यवस्था रहेगी। मंत्री गोयल ने दिलाया भरोसा कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने भरोसा दिलाया कि प्लांट के आसपास रहने वाले लोगों को कोई समस्या नहीं होगी।

विश्वास कॉन्वेंट स्कूल डबुआ कॉलोनी में आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जरूरतमंद मरीजों की सहायता और मानवता की सेवा के उद्देश्य से विश्वास कॉन्वेंट सी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल डबुआ कॉलोनी में 106वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 32 यूनिट रक्तदान किया। आयोजन के माध्यम से लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर आदेश यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथियों, समाजसेवियों और संगठन के सदस्यों ने शिरकत की। इस अवसर पर जगदीश नेताजी, कैलाश गुगलानी, राजू भाटिया आदि।

14-25 से वर्ष के युवा अपनी पसंद की भाषा और रचनात्मक बात रख सकेंगे

युवाओं की आवाज को मंच देगी 'अनम्यूटेड' पहल, कौशल के साथ अपनी बात रखने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

युवाओं को अपने विचार, सपने और बदलाव से जुड़ी कहानियां दुनिया के सामने रखने का अवसर देने के लिए गर्ल राइजिंग और एचपी फाउंडेशन ने वैश्विक पहल 'अनम्यूटेड' शुरू की है।

दोनों संस्थाओं की साझेदारी के दस वर्ष पूरे होने पर शुरू की गई इस पहल में 14 से 25 वर्ष के युवा अपनी पसंद की भाषा और रचनात्मक माध्यम से अपनी बात रख सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए 26 अक्टूबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक प्रविष्टियां जमा की जा सकेंगी। युवा लेखन, फिल्म, फोटोग्राफी, चित्रकारी, एनिमेशन और मौखिक कहानी-कथन के माध्यम से अपनी कहानियां साझा कर सकते हैं। गर्ल राइजिंग की सह-सीईओ निधि शुक्ला ने कहा कि युवाओं के अपनी कहानियां सुनाने से उनके साथ आसपास के लोगों का नजरिया भी बदलता है। अभिनेत्री, निर्माता और गर्ल राइजिंग की ब्रांड एंबेसडर फ्रीडा पिंटो ने कहा कि युवाओं को अपने मनचाहे भविष्य की कल्पना करने और उसे आकार देने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। अभिनेता, निर्देशक एवं निर्माता डेविड ओयेलोवो ने कहानी कहने को बदलाव का माध्यम बताया। कंपनी योरूबा सैक्सन के साथ चयनित कहानियों पर लघु डॉक्यूमेंट्री बनाने की भी योजना है।निर्णायक मंडल में फ्रीडा पिंटो, डेविड ओयेलोवो और मलाला फंड की सीईओ नबिला अगुएले शामिल हैं। एचपी इंक. में सोशल इम्पैक्ट की ग्लोबल हेड और एचपी फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक मिशेल मालेज्की ने कहा कि युवाओं को भविष्य गढ़ने के लिए कौशल के साथ अपनी बात रखने का अवसर भी मिलना चाहिए।चयनित प्रतिभागियों को 2027 में शुरू होने वाले तीन महीने के वर्चुअल स्टोरी लैब कार्यक्रम में मीडिया और तकनीक क्षेत्र के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन मिलेगा। संस्थाओं के अनुसार, उनकी साझेदारी से भारत में 2.8 करोड़ से अधिक युवाओं को डिजिटल कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने में मदद मिली है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया पावर ईटीएफगुरुग्राम, 26 अक्तूबर। बिजली की बढ़ती मांग और ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार के बीच आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बीएसई पावर ईटीएफ लॉन्च किया है।

केर्टन हॉस्पिटैलिटी ने लॉन्च किया 'क्लाउड 7 होटल द फॉरेस्ट'

गुरुग्राम। केर्टन हॉस्पिटैलिटी समूह ने शिमला में 'क्लाउड 7 होटल द फॉरेस्ट' की शुरुआत की है। पहाड़ियों और जंगलों के बीच स्थित इस होटल में ठहरने

- हिमाचली संस्कृति और पहाड़ी जीवनशैली पर रहेगा जोर

की व्यवस्था के साथ स्थानीय संस्कृति, खानपान और कला को भी प्रमुखता दी जाएगी। केर्टन हॉस्पिटैलिटी की सीईओ मार्लोस क्विनपेनबर्ग ने कहा कि भारत समूह के लिए महत्वपूर्ण बाजार है। कंपनी अपने क्लाउड 7, होस्मे और द हाउस होटल ब्रांड के तहत देश में कुल 1,000 कमरों की क्षमता विकसित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। समूह की योजना स्थानीय समुदायों और क्षेत्रीय संस्कृति से जुड़े आतिथ्य स्थलों को विकसित करने की है। यह भारत में उसके विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है। होटल में हिमालय के नजारों वाले कमरे और सुइट्स बनाए गए हैं। आगे चरणबद्ध तरीके से वेलनेस सुइट्स, स्पा, स्विमिंग पूल, जिम और निजी कॉटेज भी विकसित किए जाएंगे। होटल की एक खास जगह 'द ऑब्जर्वेटरी बार' है, जहां से पहाड़ों और रात के आकाश का नजारा देखा जा सकेगा। खानपान में हिमाचल के स्थानीय उत्पादों और मौसमी व्यंजनों को शामिल किया गया है। इसके लिए स्थानीय किसानों और उत्पादकों के साथ काम करने की योजना है। होटल में हिमाचल के कलाकारों और शिल्पकारों की कृतियों को भी जगह दी जाएगी।

एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को सर्वोपरि रखते हुए मर्यादित

उत्तराखंड के निवासियों को घुसपैठिया कहे जाने के कथित बयान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर महामंत्री लेखराज माहौर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम से सामने आए उस कथित



बयान पर कड़ा विरोध जताया है, जिसमें उत्तराखंड के निवासियों को उत्तर प्रदेश में घुसपैठिया कहे जाने की बात कही जा रही है। लेखराज माहौर ने कहा कि उत्तराखंड के निवासी हमारे देश के सम्मानित नागरिक हैं। देश के प्रत्येक नागरिक को भारत के किसी भी राज्य में रहने, काम करने और अपनी आजीविका कमाने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। किसी भी राज्य के निवासियों के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की भावना के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंध रहे हैं। ऐसे में किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को बयान देते समय शब्दों की मर्यादा और सामाजिक जिम्मेदारी का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

राजनीतिक संवाद कायम रखें

सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार और संयमित भाषा का प्रयोग करना चाहिए।लेखराज माहौर ने कहा कि वह उत्तराखंड के निवासियों के सम्मान के पक्ष में हैं और इस प्रकार की कथित टिप्पणी का घोर विरोध करते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को सर्वोपरि रखते हुए मर्यादित राजनीतिक संवाद कायम रखें।

जीवा पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया, भारतीय संस्कृति की झलक, विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



फरीदाबाद। सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव संस्कार मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले की थीम इनक्रेडिबल इंडिया रही, जिसमें भारतीय संस्कृति, परंपराओं, नैतिक मूल्यों और विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, जीवा आयुर्वेद के डायरेक्टर डॉ. प्रताप चौहान, एकेडमिक हेड मुक्ता सचदेव, सीईओ मधुसूदन चौहान अन्य पदाधिकारियों तथा प्रधानाचार्या डॉ. नरजीत कौर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुलशन कुमार सिंह पुत्र धर्म नाथ सिंह निवासी आरजेडडी–41, आर.एस. पब्लिक स्कूल के पास, निहाल विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 255/2023 U/S 21 NDPS Act,** अन्तर्गत थाना **पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलशन कुमार सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलशन कुमार सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 255/2023 U/S 21 NDPS Act,** अन्तर्गत थाना **पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गुलशन कुमार सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री शैलेंद्र मलिक
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
पश्चिम जिला, कमरा नंबर 209
DP/15218/OD/2026(Court Matter) तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी प्रदीप उर्फ बाबू, पुत्र** मोहन सिंह, **पताः** खसरा नंबर 40/16, गली नंबर 36, सी–ब्लॉक, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी बुराड़ी, दिल्ली **FIR No. 67/18, U/S: 380/411 IPC, पुलिस थानाः रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप उर्फ बाबू,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप उर्फ बाबू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप उर्फ बाबू, FIR No. 67/18, U/S: 380/411 IPC, पुलिस थानाः रानी बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनुराधा जिन्दल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
DP/15081/OD/2026 उत्तर–पश्चिम कोर्ट नं.–101 प्रथम तल
(Court Matter) रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

पिंकाथॉन डे पर महिलाओं ने लगाई दौड़

65 शहरों में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 96 वर्षीय महिला ने भी परिवार के साथ दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

- *11 जगहों से 830 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया*
- *भारत, बांग्लादेश और नीदरलैंड के 65 शहरों में 168 स्थानों पर अभियान का आयोजन किया गया*
- *अभियान का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ लोगों को जागरूकत करना*

महिलाओं को फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित पिंकाथॉन डे पर देश-विदेश में हजारों महिलाओं ने दौड़ लगाई। चौथे संस्करण में नई दिल्ली की 11 जगहों से 830 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। सुबह छह बजे आयोजित तीन किलोमीटर की दौड़ में महिलाओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की।

भारत, बांग्लादेश और नीदरलैंड के 65 शहरों में 168 स्थानों पर आयोजित इस अभियान में 10 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। इस वर्ष म्यूचुअल फंड्स सही है आयोजन का टाइटल पार्टनर रहा।कार्यक्रम की खास बात अलग-अलग पीढ़ियों की भागीदारी रही। कई महिलाएं अपने परिवार के सदस्यों के साथ दौड़ में शामिल हुईं। इनमें 96 वर्ष की एक महिला भी थीं, जिन्होंने परिवार के साथ हिस्सा



लेकर फिटनेस के प्रति उत्साह का संदेश दिया। पिंकाथॉन के संस्थापक मिलिंद सोमन ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को फिटनेस की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है।

आर्थिक सुरक्षा बनाने में मदद करना

आयोजन के बाद भी महिलाओं को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शारीरिक गतिविधियों और स्वस्थ आदतों को बनाए रखना चाहिए। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया एएमएफआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकट एन. चलसानी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ वित्तीय जागरूकता भी महत्वपूर्ण है। सोच-समझकर लिए गए वित्तीय निर्णय और अनुशासित निवेश महिलाओं को भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा बनाने में मदद कर सकते हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ स्तन कैंसर सहित महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

खबर संक्षेप

झारखंड में धान पर109 रुपए प्रति क्विंटल बोनस

रांची। झारखंड सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए वर्ष 2026-27 के लिए धान की खरीद पर



एमएसपी के अलावा राज्य सरकार बोनस में बढ़ोतरी की है। हेमंत सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए धान की खरीद पर एमएसपी के अलावा 109 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने का ऐलान किया है। पिछले साल यह 81 रुपए था। इस तरह सरकार ने धान की खरीद पर बोनस में 28 रुपए की बढ़ोतरी की है।

अनंत पर कार्रवाई संजय झा का अधिकार क्षेत्र

पटना। एमएलसी चुनाव में पार्टी की रणनीति के खिलाफ अभियान चलाने पर मोकामा विधायक अनंत



सिंह के खिलाफ जदयू ने कार्रवाई तेज कर दिया है। उन्हें व उनकी पत्नी को पार्टी से निकालने के बाद अब वर्षों पुराने सरकारी आवास से निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस बीच केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पल्ला झाड़ लिया है। उन्होने कहा है कि यह संजय झा का अधिकार क्षेत्र है।

पूर्व आईएएस व पूर्व विधायक सपा में शामिल

लखनऊ/बदायूं। यूपी विधान सभा चुनाव से पहले सपा अपने कुनबा बढ़ा रही है। इसी क्रम में



सपा मुखिया अखिलेश यादव की मौजूदगी में पासी समाज के पूर्व आईएएस अधिकारी राम बहादुर को सपा की सदस्यता ग्रहण करई गई। इधर दातागंज से पूर्व विधायक सिनोद शाक्य और बिसौली से पूर्व विधायक कुशाग्र सागर भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए।

प्रेम विवाह की रंजिश में सोते समय चाचा-भतीजे की गोली मारकर हत्या

चंदौसी। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव लावर में ढाई साल पहले सोते समय चाचा-भतीजे की गोली मारकर हत्या करने के मामले में न्यायालय ने चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनमें तीन दोषियों पर एक लाख दस हजार और एक दोषी पर एक लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अवधेश कुमार सिंह के न्यायालय में हुई। अभियोजन के अनुसार, गांव लावर निवासी क्रांति पुत्र गंगासहाय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 28 अगस्त 2023 की रात करीब दो बजे उसका भाई प्रताप घेर में पेड़ के नीचे सो रहा था। इसी दौरान गांव के जयनारायण, विजयपाल, हरिओम, जयपाल, काली समेत अन्य लोग लाठी-डंडों और अवैध असलहों से लैस होकर वहां पहुंचे।

भाजपा ने घोषित किए प्रदेश कार्यसमिति

30 को अमित शाह की मौजूदगी में होगी कार्यसमिति की बैठक

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भाजपा यूपी ने प्रदेश कार्यसमिति- के सदस्यों की सूची जारी कर दी है। अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से जारी सूची में 548 कार्यसमिति सदस्य व 30 स्थाई आमंत्रित सदस्य शामिल हैं। घोषणा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से पहले की गई है। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम योगी के शामिल होने की संभावना है।



स्थाई आमंत्रित सदस्यों में बड़े नेताओं के नाम

स्थाई आमंत्रित सदस्यों की सूची में पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुरली मनोहर जोशी, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, बीएल वर्मा, कमलेश पासवान, जितिन प्रसाद और एसपी सिंह बघेल समेत कई वरिष्ठ नेताओं को भी जगह दी गई है।

गुरुकुल के 7 बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार से किया स्वागत

महर्षि वाल्मीकि आश्रम में सीएम योगी ने प्राचीन शिवलिंग और सीता कुटिया के भी किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानपुर

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कानपुर के बिठूर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

इस दौरान दो महंतों ने पूजन संपन्न कराया। लव-कुश आश्रम स्थित गुरुकुल के सात बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया, जिससे आश्रम परिसर भक्तिमय हो गया। मुख्यमंत्री ने आश्रम में स्थित उस प्राचीन शिवलिंग की भी पूजा की, जिसके बारे में मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि इसकी आराधना किया करते थे। इसके बाद उन्होंने सीता कुटिया में दर्शन किए और परिसर में स्थित प्राचीन पीलू के वृक्ष के भी दर्शन किए। आश्रम में पूजा-अर्चना और धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद मुख्यमंत्री नानाराव पेशवा पार्क पहुंचे। यहां आयोजित जनसभा में उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

> लव-कुश आश्रम स्थित गुरुकुल के सात बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया, जिससे आश्रम परिसर भक्तिमय हो गया...



माता सीता के आश्रय से जुड़ी है तपोभूमि

सीएम योगी ने बिठूर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम पहुंचकर धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना की। उन्होंने आश्रम में स्थित प्राचीन शिवलिंग पर पूजन किया और सीता कुटिया पहुंचकर दर्शन किए। गुरुकुल के सात बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। धार्मिक यह आश्रम माता सीता के वनवास, महर्षि वाल्मीकि की साधना और लव-कुश के जन्म से जुड़ा हुआ है। महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि के रूप में प्रसिद्ध इस स्थल का रामायण परंपरा में विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व है। महर्षि वाल्मीकि से जुड़े प्रसंगों के कारण आश्रम श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

सीएम योगी आदित्यनाथ का अखिलेश पर तंज

विरासत में गद्दी मिल सकती है, बुद्धि नहीं, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती

कानपुर को दी 411 करोड़ से अधिक की 48 परियोजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानपुर

> सीएम योगी ने कानपुर में 411 करोड़ की 48 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर बिठूर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अखिलेश यादव और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला...

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कानपुर में 411 करोड़ से अधिक की 48 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर बिठूर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने समाजवादी पार्टी, अखिलेश यादव और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने सपा अध्यक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि विरासत में एक बार गद्दी मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं । अखिलेश यादव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपको एक बार सत्ता विरासत में मिल गई थी, पर काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। दोबारा सपना देखना बंद करिए। बुद्धि के लिए प्रयास करना पड़ता है, जमीन पर उतरना पड़ता है। आपकी हरकतों को देखकर मैं कह सकता हूं कि गद्दी तो आप एक बार भले ही पा गए, लेकिन अब गद्दी भी मिलने वाली नहीं है।



सपा-कांग्रेस का राज अब खत्म

राम जन्मभूमि परिसर में वाल्मीकि मंदिर, गोस्वामी तुलसीदास मंदिर, शबरी माता और निषादराज के मंदिर भी हैं। शृंगवेरपुर में राम और निषादराज की 56 फुट ऊंची मिलन प्रतिमा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लोग पूछते थे इसकी आज क्या आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह मित्रता जब तक रहेगी, तब तक सपा और कांग्रेस के राज का स्वाहा होना तय मानकर चलो।

पहली कैबिनेट में ही सपा ने हटा दिए थे महापुरुषों के नाम

सपा के कार्यकाल पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2012 में सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में इन्होंने भदोही के नाम से संत रविदास नगर हटाया, कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का नाम हटाया और लखनऊ के भाषा विश्वविद्यालय से मान्यवर कांशीराम का नाम हटाकर उसे मोइनुद्दीन चिश्ती के नाम पर कर दिया। काशी विश्वनाथ धाम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जहां 20 श्रद्धालु भी एक साथ दर्शन नहीं कर सकते थे, वहां आज 20,000 श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कारण ही डॉ. आंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास हुआ ।

कांग्रेस व सपा के संस्कार में हैं गंदगी में रहना

राम के अयोध्या आगमन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों तक अयोध्या में केवल टूटा-फूटा सड़क मार्ग था, बिजली गायब थी और गंदगी रहती थी। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के संस्कार हैं, गंदगी में रहने की आदत, गंदे कार्यों को करने की आदत, अंधेरे में डकैती डालने की जो आदत थी, वही उन्होंने अयोध्या में भी किया। अयोध्या को बिजली नहीं दी गई, विकास नहीं हुआ और भाजपा सरकार ने जब कार्ययोजना बनाई तो इन्होंने रोड़े अटकाए। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन के समय भी इन्होंने हर हाल में रोड़े अटकाने का प्रयास किया, ताकि मंदिर न बने, विकास न हो और एयरपोर्ट न बने। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामलला का भव्य मंदिर बन चुका है।

सुल्तानपुर में हादसे की जांच निर्देश

राहुल गांधी के काफिले में दुर्घटना पर 3 सदस्यीय एसआईटी गठित

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के क्रम में सुलतानपुर में हुई सड़क दुर्घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 26 अक्टूबर को सुलतानपुर दौरे के दौरान उनके काफिले के पीछे चल रहे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है।



एस्कॉर्ट प्रबंधन और यातायात संचालन की समीक्षा की

एसआईटी दुर्घटना के कारणों और उससे जुड़ी परिस्थितियों की विस्तृत जांच करेगी। इसके साथ ही काफिले के पीछे चल रहे वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था, एस्कॉर्ट प्रबंधन और यातायात संचालन की समीक्षा भी की जाएगी। जांच में यदि किसी स्तर पर लापरवाही या सुरक्षा संबंधी चूक सामने आती है, तो उससे जुड़े तथ्यों का परीक्षण किया जाएगा।

दल की अध्यक्षता पुलिस महानिरीक्षक करेंगे

घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए डीजीपी ने दुर्घटना के वास्तविक कारणों, परिस्थितियों,संभावित लापरवाही की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि काफिले की सुरक्षा, एस्कॉर्ट और यातायात व्यवस्था में कहीं कोई चूक तो नहीं हुई। गठित विशेष जांच दल की अध्यक्षता लखनऊ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक किरण एस करेंगे। सुलतानपुर के अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह व यातायात पुलिस उपाधीक्षक राम कृष्ण चतुर्वेदी को दल का सदस्य बनाया गया है।

पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

पार्किंग के विवाद में तीन लोगों की हत्या

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सआदतगंज के नौबस्ता स्थित ब्राह्मणी टोला में पार्किंग के विवाद में सोमवार को शिवाजी तिवारी (60), उनके भाई शंभू तिवारी (55) और बेटे सुयश तिवारी (30) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पड़ोस में रहने वाले 30 वर्षीय ऋषभ शुक्ला ने परिवार के लोगों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी और उसकी तीन बहनों को गिरफ्तार कर ऋषभ के पास से अवैध पिस्टल और चार खोखे बरामद किए। दोनों पक्षों में बरगद के पेड़ का चबूतरा बनाने को लेकर भी लंबे समय से विवाद है।

पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के मुताबिक बरगद के पेड़ के पास खाली पड़ी जमीन पर कार खड़ी करने को लेकर सुबह 10:30 बजे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इसी दौरान पड़ोसी दिनेश शुक्ला के बेटे ऋषभ ने अवैध पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से शिवाजी, शंभू और सुयश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस तीनों को केजीएमयू लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शंभू की पत्नी रुचि तिवारी की तहरीर पर आरोपी ऋषभ शुक्ला, उसके पिता दिनेश शुक्ला, चाचा राजेश शुक्ला, गिरीश शुक्ला और बहन प्रीति, अदिति व दिव्या के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पार्षद अनूप कमल सक्सेना ने बताया कि नौबस्ता में पीड़ित परिवार के लोग बरगद के पुराने पेड़ के चबूतरे का निर्माण करवा रहे थे। ऋषभ के परिवार वाले इसका विरोध कर रहे थे। इस पर एक माह पहले भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस से शिकायत के बाद काम रुक गया। ऋषभ ने चबूतरे के सामने दुकान के शटर पर नो पार्किंग के साथ पांच हजार रुपये जुर्माने की बात भी लिख रखी थी।

टिप्पणी करने पर बढ़ा विवाद

स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह शिवाजी घर के सामने स्थित मंदिर में जल चढ़ाकर लौट रहे थे। इसी दौरान ऋषभ उन्हें चिढ़ाते हुए मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। उसने टिप्पणी करते हुए कहा कि बनवा लिया चबूतरा... यह सुनकर शिवाजी नाराज हो गए और उन्होंने भाई शंभू को आवाज लगाई और मोबाइल फोन लेकर आने के लिए कहा। शिवाजी भी ऋषभ का वीडियो बनाना चाह रहे थे। शंभू के पहुंचने पर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। इस बीच ऋषभ के पिता, चाचा और बहनें भी पहुंच गईं। शोर सुनकर कमरे में सो रहे सुयश बाहर आ गए। फिर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान ऋषभ घर से असलहा ले आया और शिवाजी, शंभू और सुयश को गोली मार दी। गोली लगने के बाद भी सुयश ने भागकर खुद को बचाने की कोशिश की। वह कार के पीछे जाकर छिप गए, लेकिन ऋषभ ने पीछा किया और उन्हें दोबारा गोली मार दी। उधर, शिवाजी और शंभू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

यूपी विधान परिषद चुनावः

11 सीटों के लिए 7 जगहों पर सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधान परिषद की स्नातक की पांच और शिक्षक की 6 सीटों के लिए मतगणना मंगलवार को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्धारित स्थलों पर रिटर्निंग ऑफिसर के पर्यवेक्षण में कराई जाएगी।

लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना रमाबाई रैली स्थल स्थित हॉल नंबर 7 में होगी, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना हॉल नंबर 8 में। इसी तरह वाराणसी में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन के हॉल नंबर 1 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना हॉल नंबर 2 में होगी। आगरा में नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति, टूंडला रोड स्थित हॉल नंबर 1 में स्नातक व हॉल नंबर 2 में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना कराई जाएगी। मेरठ में स्नातक निर्वाचन की मतगणना सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, मोदीपुरम के गांधी हॉल भवन के हॉल ए में होगी। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना हॉल बी में कराई जाएगी।



7 शहरों में 11 सीटों की मतगणना

इलाहाबाद-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना झांसी स्थित बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज के कोठारी हॉल के हॉल नंबर 1 में होगी। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना बरेली के संजय कम्युनिटी हॉल के हॉल नंबर 1 में कराई जाएगी। वहीं, गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना गोरखपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कॉमर्स बिल्डिंग के हॉल नंबर 1 और 2 में होगी। मतगणना निर्धारित समय पर शुरू होगी और पूरी प्रक्रिया संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर की निगरानी में संपन्न कराई जाएगी

11 बीघा जमीन पर पुलिस की कार्रवाई

माफिया अतीक अहमद की करोड़ों की 14 संपत्तियां कुर्क

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

माफिया अतीक अहमद की बेनामी संपत्तियों के खिलाफ प्रयागराज पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये के 14 भूखंड कुर्क कर लिए। ये भूखंड असदुल्लापुर भीटी में स्थित हैं। इनका कुल क्षेत्रफल करीब 11 बीघा बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित धन से खरीदा गया था और इनकी रजिस्ट्री मदन लाल भारतीय के नाम पर कराई गई थी।



गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्की का आदेश

पुलिस आयुक्त न्यायालय ने 27 जुलाई 2026 को इन संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था। यह आदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत पारित किया गया था। आदेश के अनुपालन में रविवार को कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान संपत्तियों पर कुर्की से संबंधित बोर्ड भी लगाए गए।

अपराध से अर्जित धन से जमीनें खरीदने का आरोप

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अतीक अहमद पर आपराधिक प्रभाव और भय का इस्तेमाल कर लोगों को धमकाने तथा अपराध से अर्जित धन से कीमती जमीनें कम कीमत पर खरीदने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि इन भूखंडों की रजिस्ट्री मदन लाल भारतीय के नाम पर कराई गई थी। इसी आधार पर गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई की गई।

पेज एक का शेष

पैदल सेना को ...

आधुनिक युद्धक्षेत्र में टैंकों को सुरक्षित करने की क्षमता को बढ़ाएंगे। निगरानी-ड्रोन प्रणालियां बल की निगरानी और लक्ष्य पर सटीकता से वार करने की ताकत में बढ़ोतरी करेंगी।

वायुसेना की यूं ...

हेलिकॉप्टरों की खरीद से वायुसेना को अपनी जरूरी हवाई परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। जबकि एक्स बैंड डॉप्लर मौसम रडार प्रणाली अग्रिम क्षेत्रों में उच्च-रिजॉल्यूशन वाली स्थानीय मौसम निगरानी प्रदान करेगी।

एसआईआर के फैसले ...

है। हलफनामे को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू तथा विवेक जोशी ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। यह मामला राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के अन्य नेताओं की याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं ने मतदाता सूची से हटाए गए नामों का स्वतंत्र ऑडिट कराने, संबंधित आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करने और बूथवार सूची उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका तर्क है कि किसी पात्र मतदाता का नाम बिना सूचना और पक्ष रखने का अवसर दिए नहीं हटाया जाना चाहिए।

मतदाताओं के रिकॉर्ड ...

और भारतीय विज्ञान संस्थान के विशेषज्ञों की समिति भी बनाई गई है। आयोग ने गोवा में 97 मतदाताओं से जुड़े मामले और पश्चिम बंगाल में मतदाताओं को सूची में शामिल करने संबंधी अपीलों पर भी सफाई दी। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका को कानूनी रूप से विचार योग्य नहीं बताया। एसआईआर से जुड़ी राहुल गांधी समेत 13 विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 27 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

फॉर्म-6 और ...

2025 और मई 2026 में एसआईआर को लेकर जारी तीनों आदेश सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। फाइलों पर अधिकारियों की टिप्पणियों को अंतिम निर्णय नहीं माना जा सकता। सामान्य प्रक्रिया में फाइल दोनों चुनाव आयुक्तों से होते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के पास मंजूरी के लिए जाती है।

विपक्षी रैली पर...

लगाया कि यह सब प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के कहने पर किया गया। खड़गे ने बताया कि विपक्षी दलों की प्रमुख मांगों में ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और एसआईआर प्रक्रिया को तत्काल रोकना शामिल है। उन्होंने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक नवंबर को रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कांग्रेस के इन दोनों नेताओं के संदेशों में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, मतदाताओं के अधिकार और दिल्ली में व्यापारियों को हो रही कथित परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया है। पार्टी ने इन मुद्दों के जरिए केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर राजनीतिक दबाव बढ़ाने की कोशिश की है। हालांकि, वोट चोरी और चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर लगाए गए आरोप कांग्रेस के दावे हैं।

अब 100% इथेनॉल..

क्या है फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक? : फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ऐसी तकनीक से लैस होते हैं, जिनमें एक ही ईंधन टैंक में पेट्रोल और इथेनॉल के अलग-अलग अनुपात वाले मिश्रण का इस्तेमाल किया जा सकता है। वाहन की क्षमता और प्रमाणन के आधार पर ये ई-85 या ई-100 जैसे ईंधन पर चल सकते हैं। ब्राजील और अमेरिका सहित कई देशों में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

परिचमी सिंहभूम में 4 गिरफ्तार

जादू-टोना के शक में महिला की कर दी हत्या

एजेंसी ▶▶ परिचमी सिंहभूम

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में जादू-टोना करने के संदेह में 46 साल की आदिवासी महिला की हत्या के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

चाईबासा सदर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बहमन तुती ने बताया कि पुलिस को शनिवार सुबह घटना की सूचना मिली, जिसके बाद टीम कराइकेला थाना क्षेत्र के कोलजोमरो गांव पहुंची और वहां से महिला का खून से लथपथ शव बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान रेंदाई सुम्भरुई के रूप में हुई है।



घर में घुस घोंट दिया था गला

पुलिस ने बताया कि महिला शुक्रवार देर रात अपने घर में सो रही थी, तभी चारों आरोपी घर में घुस गए और उससे मारपीट की और बाद में उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतका के पति की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और डायन प्रथा निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

लोहरदगा में दंपति ने किया सुसाइड

झारखंड के लोहरदगा जिले में नवविवाहित दंपति ने कथित तौर पर आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार को भंडरा थाना क्षेत्र के धनामुंजी गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अजित उरांव (25) और बाल्मिकी उरांव (20) के रूप में हुई है। भंडरा थाना प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि दंपति ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया, कंबल ओढ़ा और पेट्रोल डालकर आग लगा ली।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
नई दिल्ली, मंगलवार
27 अक्टूबर 2026
6
सहेली
विशेष
करवा चौथ
29 अक्टूबर



प्रगतिशील भाव संग परंपरा के प्यारे रंग

पति के मंगलमय जीवन के लिए मनाया जाने वाला पर्व करवा चौथ, अब अपने परंपरागत रूप से उबर कर मनाया जाने लगा है। अब पत्नी ही निराजल व्रत नहीं रहती, पति भी अपनी पत्नी के सुखी जीवन के लिए व्रत रखते हैं, साझा दायित्व निभाने का संकल्प करते हैं। जीवनसाथी का यह प्रगतिशील भाव सिर्फ दांपत्य जीवन को ही नहीं, संपूर्ण परिवार को खुशहाल बना रहा है।



आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हालिया बरसों में परंपरागत पर्वों को मनाने का अंदाज पूरी तरह बदल गया है। रीति-रिवाज का स्वरूप तो पुराना ही है, लेकिन निभाने के तौर-तरीके नए हैं। शादीशुदा जिंदगी में जीवनसाथी की भावनाओं को एक-दूजे से जोड़ने वाला करवा चौथ का व्रत भी अब नए अंदाज में मनाया जाने लगा है। यह बदलाव पति-पत्नी के जुड़ाव को और मजबूती देने वाला है। साथ व्रत करने, उपहार देने और औपचारिकताओं से दूर घर-परिवार से जुड़ने का यह अंदाज प्रेम और परवाह दोनों को लिए है। परंपरा के रंग और प्रगतिशील भाव-चाव मिलकर उत्सवी सहजता और स्नेह को पोसने का काम कर रहे हैं।

उपवास से जुड़ी साझी अनुभूतियां

आज युवा जोड़े, करवा चौथ के पर्व को जज्बाती समझ के साथ मनाते दिखते हैं। पत्नियों के साथ पति अब भी व्रत रखते हैं। थोड़ा समय निकाल कर जीवनसंगिनी की मान-मनुहार करते हैं। यही कारण है कि समय के साथ रीति-रिवाज और परंपराओं में आए बदलाव ने जीवनसाथी की कुशलकामना के भाव को और गहरा कर दिया है। सही मायने में देखा जाए तो रिश्तों में आए खुलेपन की सोच ने इस जुड़ाव को और बल दिया है। इसी सहजता के कारण करवा चौथ जैसे त्योहारों को मनाना महिलाओं को भी बंधन नहीं बल्कि उत्सव-सा लगता है। खासकर युवतियां इस नए रंग-ढंग से बहुत खुश हैं। पति का इन परंपराओं के निर्वहन में भागीदार बनना भी प्यारा-सा पहलू है। कभी लोक परंपरा को निभाने के लिए मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत आज पति और पत्नी दोनों के लिए स्नेह को व्यक्त करने का पर्याय बन गया है। ऐसे में इस व्रत से जुड़े अनुष्ठान का परंपराओं के खांचे से निकलकर सहज-सरल बनना बेहद सुखद है।





जिम्मेदारियों का साझा निर्वहन

जज्बातों को समझने वाला जीवनसाथी जब जिम्मेदारियां भी बांटने लगे, तो कुशल कामना के भाव बहुत आत्मीय होते हैं। आस्था का आधार इन भावनाओं को और पावन बनाता है। यह वाकई एक बड़ा बदलाव है कि पति और पत्नी दोनों ही अपने जीवनसाथी को शक्ति स्तंभ, दोस्त और सलाहकार समझने लगे हैं। इसी समझ में आपसी सम्मान के भाव को भी बढ़ाया है। पति-पत्नी का साथ जीवन भर का साथ होता है। इस जुड़ाव में खुशियां ही नहीं बांटीं जातीं, जिम्मेदारियों के साझे निर्वहन की सोच भी होनी चाहिए। पहले व्रत, उत्सव पर भी घर के काम-काज का दायित्व केवल महिलाओं के हिस्से ही आता था। अब ऐसे पर्व-त्योहारों पर घर के पुरुष भी काम में हाथ बंटाते हैं। युवा अपनी काम-काजी जीवनसंगिनी के थकाने वाले शेड्यूल को समझते हैं। इसके चलते संबंधों में आ रही समानता की यह सोच वास्तविक धरातल पर भी दिखने लगी है। यही वजह है कि करवा चौथ जैसे पारंपरिक त्योहार में स्नेह के साथ आपसी समझ भी नजर आती है।

मन का उत्सव

गांवों से लेकर शहरों तक अब भी इस सुहाग पर्व को महिलाएं बहुत उत्साह और मनोयोग से मनाती हैं। हर परंपरा को पूरे दिल से निभाती हैं। नव-विवाहिता बहू-बेटियों का सहज-स्नेह के साथ रीति-रिवाज से परिचय कराती हैं। उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व, सही मायने में स्त्रीत्व का उत्सव है। वैवाहिक जीवन में संबंधों से मिला स्नेह-समझ का भाव इस उल्लास को और खुलकर जीने का मौका देता है। आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में करवा चौथ का व्रत भावनाओं को साझा करने का सुंदर अवसर-सा है। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और परिपक्वता को बढ़ावा देने वाला यह भावपूर्ण और खूबसूरत त्योहार बहुत से दंपतियों का पसंदीदा पर्व है। असल में इन छोटे-छोटे कई सकारात्मक बदलावों से घर-परिवार में रिश्तों को लेकर नई समझ को स्थान मिल रहा है। जो औपचारिकताओं से परे अपनेपन से सिंचित वैवाहिक जीवन का मजबूत आधार बन रहे हैं। इसीलिए कह सकते हैं कि करवा चौथ पति-पत्नी के दिल से जुड़ा उत्सव है। जिसे दोनों पूरे मन से मनाते हैं। इससे दोनों को खुशी महसूस होती है।

परिवार की कुशलकामना

पति के दीर्घायु की कामना से जुड़ा करवा चौथ का व्रत पारिवारिक मोर्चे पर शुभता चाहने से भी जुड़ा है। दंपतियों के रिश्ते की खुशहाली पूरे परिवार की सुख-शांति से जुड़ी होती है। ऐसे में परिवार और रिश्तों की बेहतरी का भाव लिए यह पर्व पूरे समाज को आपसी जुड़ाव का संदेश देता है। मिलकर कथा सुनतीं, मेहंदी लगातीं, सजती-संवरती, बड़ों से आशीष लेती महिलाएं पर्वों के माध्यम से समाज जोड़ने का ही सुंदर पुल बनाती हैं।

दांपत्य जीवन में भरें प्यार के रंग

मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए मनाए जाने वाले पर्व करवा चौथ के दिन सिर्फ पूजा आराधना ही नहीं हो, पति-पत्नी कुछ ऐसी बातें भी अमल में लाएं,जो उनके जीवन में मधुरता घोले, प्रगाढ़ बनाए। इसके लिए दंपतियों को कुछ बातें अमल में लानी होंगी।

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री



करवा चौथ का पर्व सिर्फ पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला व्रत ही नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी समझ को और अधिक गहरा करने का अवसर भी है। अपने दांपत्य जीवन में प्रेम के खूबसूरत रंग भरकर और अधिक प्रगाढ़ कैसे बनाएं, जानें।

दांपत्य जीवन में संतुलन बनाए रखने का संकल्पः पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, अगर ये जीवन रूपी पथ पर साथ-साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो दांपत्य की गाड़ी डगमगाकर पलट जाएगी। इसलिए परस्पर समझदारी से इसके संतुलन को बनाए रखना बेहद जरूरी है। दो व्यक्तियों के विचारों, स्वभाव और रुचियों में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि ये मतभेद कभी मनभेद न बनने पाएं। दूसरे को पूरी तरह बदलने के स्थान पर जब पति-पत्नी दोनों ही खुद को बदलने का प्रयास करते हैं, तो गृहस्थी में संतुलन बना रहता है, दांपत्य की गाड़ी बेहद स्थिरता से जीवन पथ पर निर्बाध दौड़ती है। इस करवा चौथ पर पति-पत्नी दोनों ही बहुत प्यार से संकल्प लें कि वे अपने दांपत्य जीवन की गाड़ी का संतुलन कभी बिगड़ने नहीं देंगे। घर-परिवार से जुड़े निर्णय परस्पर सहयोग और समझदारी से लेंगे।



बिताएं एक-दूसरे के साथ प्यार भरे पलः करवा चौथ पर ऑफिस से छुट्टी लेकर एक-दूसरे को भरपूर समय दें। मोबाइल फोन से दूरी बनाकर एक साथ कुछ मीठे पल बिताएं, कुछ अपनी कहें और कुछ दूसरे की सुनें। साथ-साथ बिताए गए कॉलेज टाइम के समय को याद करें। अगर आपके पास एक-दूसरे के कुछ पुराने पत्र या फोटोग्राफ हैं, तो उन्हें निकालकर देखें और पढ़ें। इन पत्रों और फोटोग्राफ्स की भावनाएं आपको एक बार फिर एक-दूसरे के प्रति प्यार की ऊर्जा से भर देंगी।

इमोशंस को करें सेलिब्रेटः करवा चौथ के दिन एक-दूसरे के इमोशंस को भी सेलिब्रेट करें। अपने पार्टनर के प्रति उन सभी इमोशंस को व्यक्त करें, जो आप आज तक अपने पति से नहीं कह पाई हैं। आप इसके लिए कागज पर लिखकर या फिर मोबाइल फोन के टेक्सट मैसेज का सहारा ले सकती हैं। इस दिन एक-दूसरे की पसंद-नापसंद का विशेष ध्यान रखें। अगर पिछले दिनों किसी बात पर अनबन या बहस होने से आप दोनों एक-दूसरे से नाराज चल रहे हैं, तो इस दिन सारे मतभेद भूलकर करवा चौथ को सेलिब्रेट करें। एक यादगार दिन बिताएं।

भविष्य की योजनाएं बनाएंः आप किसी भी उम्र की हों, इस दिन बीते समय की कड़वीं यादों को भूलकर आगे आने वाले समय को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करें। बच्चों की पढ़ाई, शादी, आर्थिक योजनाएं और रिटायरमेंट की प्लानिंग पर खुलकर बातचीत करें। बातचीत करते समय ध्यान रखें कि भले ही कितने भी मतभेद हों, आप इसे बहस और वाद-विवाद तक न पहुंचने दें। दूर की सोचकर अपनी योजनाएं बनाएं और सुखद भविष्य की राह बनाएं।

खामियां नहीं खूबियां गिनेंः पति-पत्नी दोनों ही करवा चौथ के दिन एक-दूसरे की कमियां देखने के स्थान पर खूबियां गिनें। जब आप एक-दूसरे की खूबियां गिनना शुरू करेंगी, तो उनका उजला पक्ष आपके सामने होगा, सारी खामियां स्वतः धूमिल हो जाएंगी। एक-दूसरे की खूबियों की तारीफ से, प्यार को महसूस करने से करवा चौथ पर आपका दांपत्य जीवन फूलों सा खिल उठेगा, जिसकी महक से पति-पत्नी दोनों को एक अलग तरह की खुशी मिलेगी।

सरप्राइज प्लान करें: करवा चौथ के दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के लिए कुछ सरप्राइज प्लान करें। जरूरी नहीं है कि आप कोई महंगा गिफ्ट ही खरीदें, एक छोटा-सा बुके, पेन, ब्रांडेड पर्स, सूट या साड़ी भी आपकी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए काफी हो सकता है।

करवा चौथ के दिन पत्नियां अपने पति के मंगलमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मनोविज्ञानी अध्ययन बताते हैं कि उपवास से सकारात्मक भावनाएं जन्म लेती हैं, इससे पति-पत्नी के बीच आपसी जुड़ाव और समर्पण बढ़ता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

करवा चौथ उपवास में निहित कई गहरे मनोवैज्ञानिक पहलू

शोध
अंजू जैन



मनोविज्ञान में लॉ ऑफ अट्रैक्शन और 'प्रार्थना की शक्ति' पर कई शोध हुए हैं। करवा चौथ के दिन जब एक पत्नी पूरे मन से अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है, तो वह ब्रह्मांड में अत्यधिक शक्तिशाली सकारात्मक तरंगें भेजती है। किसी के लिए निरंतर शुभ सोचने से आपके मस्तिष्क से ऑक्सीटोसिन और एंडोर्फिन जैसे हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं। यह सकारात्मक माहौल पति के मानसिक तनाव को कम करता है। तनाव मुक्त रहने से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप का खतरा कम होता है, जो सीधे तौर पर लंबी उम्र से जुड़ा है।

'ऑक्सीटोसिन' का स्राव और रिश्तों में जुड़ावः करवा चौथ के दिन पति-पत्नी के बीच का प्रेम और आकर्षण अपने चरम पर होता है। पति अपनी पत्नी को उपहार देता है, उसकी देखभाल करता है। पत्नी भी अपने पति के प्रति पूरी तरह समर्पित होती है। इस तरह के भावनात्मक जुड़ाव से शरीर में 'ऑक्सीटोसिन'(जिसे लव हार्मोन या बॉन्डिंग हार्मोन भी कहा जाता है) का स्तर तेजी से बढ़ता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध के अनुसार, जिन पुरुषों का वैवाहिक जीवन सुखी होता है, जिन्हें अपनी पत्नी का भरपूर स्नेह मिलता है, उनमें कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से मरने का खतरा 30 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

सामूहिक अवचेतन की शक्तिः करवा चौथ के दिन महिलाएं एक साथ इकट्ठा होकर कथा सुनती हैं, पूजा करती हैं और थाली बंटाती हैं। मनोविज्ञान में इसे 'सामूहिक अवचेतन' या सामूहिक ऊर्जा कहा जाता है। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक ही समय पर, एक ही उद्देश्य (पति की लंबी उम्र) के लिए एक जैसी सकारात्मक भावना के साथ इकट्ठा होते हैं, तो एक शक्तिशाली 'एनर्जी फील्ड' तैयार होता है। यह सामूहिक उत्सव महिलाओं के मानसिक तनाव को दूर करता है। एक खुशहाल और तनावमुक्त पत्नी ही एक पुरुष को घर में शांतिपूर्ण माहौल दे सकती है।

कृतज्ञता की भावनाः करवा चौथ का त्योहार मूल रूप से एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। पत्नी-पति की सुरक्षा के लिए व्रत करती है और पति-पत्नी के इस त्याग का सम्मान करते हुए उसे उपहार और जीवन भर साथ निभाने का वचन देता है 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, जो जोड़े एक-दूसरे के प्रति नियमित रूप से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उनका रिश्ता अधिक टिकाऊ और मजबूत होता है।

सहानुभूति और पारस्परिक समझः करवा चौथ केवल एक दिन की रस्म नहीं है, बल्कि यह आने वाले पूरे साल के लिए आपसी समझ की नींव रखता है। आधुनिक युग में कई पति भी अपनी पत्नियों के साथ इस व्रत को रखते हैं। जब दो लोग एक साथ किसी कठिन लक्ष्य (जैसे उपवास) को साझा करते हैं, तो उनके बीच सहानुभूति और 'मिररिंग इफेक्ट' पैदा होता है। यह साझा प्रयास आपसी मतभेदों और झगड़ों को समाप्त करता है।

चंद्र दर्शन और मानसिक शांतिः करवा चौथ के व्रत का समापन रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर और छलनी से पति का चेहरा देखकर होता है। यह पूरी प्रक्रिया प्रकृति से सीधे जुड़ाव को दर्शाती है। चंद्रमा की किरणें शीतलता और शांति का प्रतीक हैं। रात के समय खुले आसमान के नीचे प्रकृति के संपर्क में आने से मन शांत होता है। छलनी के माध्यम से देखना और दीप जलाना एकाग्रता को बढ़ाता है, जिससे पति-पत्नी दोनों का तंत्रिका तंत्र शांत और संतुलित होता है।

मेकअप
निधि गोयल

मेकअप करें ऐसा दमके चांद सा चेहरा

करवा चौथ के खास अवसर पर हर महिला चाहती है कि उसका लुक सबसे खूबसूरत नजर आए। इसके लिए परफेक्ट आउटफिट से लेकर मेकअप तक, हर बात मायने रखती है। मेकअप को आकर्षक और लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

स्किन बेस करें तैयारः चेहरे को माइल्ड फेस वॉश से साफ करने के बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर दिन में बाहर जाना है, तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। इसके बाद कुछ मिनट स्किन को सेट होने दें।

प्राइमर को न करें इग्नोरः मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में प्राइमर काफी मददगार हो सकता है। इसे खासतौर पर टी-जोन, नाक और उन हिस्सों पर लगाएं, जहां त्वचा जल्दी ऑयली हो जाती है। बहुत ज्यादा प्राइमर लगाने के बजाय इसकी पतली लेयर लगाएं। इससे मेकअप सही तरह से टिका रहता है।



बेस न हो ज्यादा हैवीः त्योहार के दिन हैवी बेस लगाने के बजाय ऐसा फाउंडेशन चुनें, जो आपकी स्किन टोन से मैच करता हो। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से अच्छी तरह ब्लेंड करें। जहां ज्यादा कवरेज की जरूरत हो, वहां कंसीलर का इस्तेमाल करें। बहुत मोटी लेयर लगाने से कुछ घंटों बाद बेस क्रैक या पैची दिखाई दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि हल्की और पतली लेयर लगाएं।

पावडर से करें मेकअप सेटः फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद हल्के ट्रांसलूसेंट पावडर से मेकअप को सेट करें। खासकर नाक, माथे और ठुड्डी जैसे ऑयली हिस्सों पर ध्यान दें। इससे एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

स्मज-प्रूफ आई मेकअपः आप जब चेहरे पर बेस बना लें, तो उसके बाद आई मेकअप करें। लंबे समय तक आई मेकअप को मेंटेन करने के लिए वॉटरप्रूफ या लॉन्ग-वियर आईलाइनर और मस्कारा चुनें। आई शैडो लगाने से पहले आई प्राइमर या थोड़ी-सी कंसीलर की पतली लेयर इस्तेमाल की जा सकती है। इससे आई-शैडो को बेहतर बेस मिल सकता है।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिकः लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें। इसके बाद लिप लाइनर से होंठों को आउटलाइन करके उसी से हल्का फिल करें और फिर लिपस्टिक लगाएं। लंबे समय तक टिके रहने के लिए मैट या लॉन्ग-वियर फॉर्मूला चुन सकती हैं।

मेकअप सेटिंग स्प्रेः अंत में मेकअप होने के बाद मेकअप सेटिंग स्प्रे करें। इसे चेहरे से थोड़ी दूरी पर रखकर लगाएं और फिर मेकअप को अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा, आपका रूप दमकता रहेगा।

(मेकअप एक्सपर्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डाइट सजेशन
रितिका समादार
चीफ डाइटीशियन
मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

करवा चौथः ऐसी हो आपकी सरगी

करवा चौथ के दिन सुबह व्रत से पूर्व खाई जाने वाली सरगी हेल्थ के लिए बहुत मायने रखती है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि सरगी में आप क्या खा सकती हैं और किसे अवॉयड करना चाहिए?

आने वाले गुरुवार को आप करवा चौथ व्रत रखेंगी। आपने पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दी होगी। इसके साथ ही आपको अपने खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर सरगी में आपको क्या लेना चाहिए, इस बारे में जानिए। करवा चौथ में सूर्योदय चंद्रोदय तक लगभग 15 घंटे का निर्जल उपवास होता है। व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले यानी सुबह 4-5 बजे सरगी खाने की परंपरा है। इस लंबे उपवास से पहले खाया जाने वाला भोजन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे न केवल पूरे दिन कार्यों को करने की एनर्जी मिलती है, बल्कि डिहाइड्रेशन, एसिडिटी और थकान से भी बचाव होता है।

पर्याप्त तरल पदार्थः इस व्रत में सुबह से रात में चांद निकलने तक पानी पीना भी मना होता है, इसलिए सरगी के समय सादा पानी, नीबू पानी और नारियल पानी का सेवन करें। इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और गला सूखने की समस्या नहीं होगी। लस्सी, छाछ या दूध का भी एक ग्लास ले सकती हैं।



लो डाइजेस्टिव कार्ब-प्रोटीनः सरगी में ऐसे कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन से जुड़ी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनका पाचन धीमी गति से होता है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि इससे अगले दिन भी आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और भूख नहीं लगेगी। इसके लिए ड्राई फ्रूट्स या नट्स के साथ बना हुआ दलिया, खीर या सिंवईं बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा कम ऑयल में बना हुआ पनीर का परांठा भी आपको भरपूर एनर्जी देगा। ऐसी चीजों के सेवन से आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और प्रोटीन का पोषण मिल जाएगा।

फलों का सेवनः सेब, पपीता, अनार, संतरा और तरबूज जैसे फल नेचुरल शुगर, फाइबर और विटमिन से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है। केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाए रखता है। अनार, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर होता है। निर्जला व्रत से पहले सरगी में फलों का सेवन करने से अगले दिन शरीर में पानी की कमी महसूस नहीं होती।

डेयरी प्रोडक्ट्सः दूध, दही, पनीर, लस्सी और छाछ भी कैल्शियम और प्रोटीन के बहुत अच्छे स्रोत हैं। दही में मौजूद प्रोबायोटिक तत्व पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और इससे पेट में ठंडक बनी रहती है। चाहें तो नट्स के साथ दही का भी सेवन कर सकती हैं। अगर आप वीगन डाइट लेना चाहती हैं, तो नारियल या बादाम के दूध का सेवन कर सकती हैं।

क्या न करें: बहुत ज्यादा मीठी डिशेज का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ जाती है और इससे ज्यादा भूख लगती है। तेज नमक वाली चीजें खाने से बचें, इससे डिहाइड्रेशन की समस्या होती है और ज्यादा प्यास लगती है। जहां तक संभव हो चाय-कॉफी से दूर रहें या इनका सेवन बहुत सीमित मात्रा में करें। इनके ज्यादा सेवन से गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। ज्यादा घी, तेल या मिर्च मसाले वाली चीजों से भी दूर रहें, इससे अगले दिन पेट में भारीपन और पाचनतंत्र से सबंधी समस्या हो सकती है। अगर आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो व्रत के दौरान कोई समस्या नहीं होगी।

प्रस्तुतिः विनीता

प्रवास कार्यक्रमों से संगठन को मजबूत करेंगे राष्ट्रीय महासचिव पटेल

भोपाल। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर.बी. सिंह पटेल का अक्टूबर माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रवास कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बैठकें कर संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे पन्ना तथा दोपहर 2 बजे छतरपुर पहुंचेंगे। 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे दमोह और दोपहर 2 बजे टीकमगढ़ में बैठकें होंगी। वहीं, 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे निवाड़ी में संगठनात्मक बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की गतिविधियों पर चर्चा करने के साथ ही आमजन को पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से अवगत कराया जाएगा तथा उन्हें अपना दल (एस) से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 30 को ही डॉ. अतुल मलिकराम महू स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली और धार में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इसके बाद 31 अक्टूबर को रतलाम में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह में आर.बी. सिंह पटेल की सहभागिता प्रस्तावित है। पटेल ने कहा, संगठन की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और जनता का विश्वास है।

पंजाब से आगे निकला हरियाणा : छह दशक में कैसे बदल गई आर्थिक तस्वीर?

कृषि प्रधान राज्य से औद्योगिक ताकत बनने तक हरियाणा का सफर

पंजाब के सामने आर्थिक विविधीकरण व रोजगार की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

नवंबर 1966 में जब हरियाणा एक अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया, तब उसके सामने कई चुनौतियां थीं। अपनी राजधानी नहीं थी, औद्योगिक आधार बेहद सीमित था और चंडीगढ़ के बंटवारे को लेकर पंजाब के साथ विवाद भी शुरू हो चुका था। दूसरी ओर, पंजाब हरित क्रांति की संभावनाओं, बेहतर सिंचाई व्यवस्था और कृषि उत्पादन के दम पर देश के सबसे समृद्ध राज्यों में गिना जाता था। लेकिन छह दशक से भी कम समय में दोनों राज्यों की आर्थिक तस्वीर इस कदर बदल गई कि कभी पंजाब से पीछे रहने वाला हरियाणा प्रति व्यक्ति आय के मामले में उससे काफी आगे निकल गया। यह बदलाव केवल दो राज्यों की आर्थिक प्रतिस्पर्धा की कहानी नहीं है, बल्कि विकास की प्राथमिकताओं, औद्योगिक नीतियों, सरकारी संस्थाओं और बदलती आर्थिक परिस्थितियों से जुड़े फैसलों का परिणाम भी है। हरियाणा ने जहां कृषि से आगे बढ़कर उद्योग और सेवा क्षेत्र में अपनी जगह बनाई, वहीं पंजाब को कृषि क्षेत्र की सफलता को व्यापक आर्थिक विकास में बदलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

हरियाणा ने उद्योग और सेवा क्षेत्र पर दिया जोर

हरियाणा की आर्थिक प्रगति में गुरुग्राम की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। 1980 के दशक में मारुति उद्योग की स्थापना ने राज्य में वाहन निर्माण और ऑटोमोबाइल कलपुर्जा उद्योग के विकास की मजबूत नींव रखी। इसके बाद गुरुग्राम, मानेसर और बावल का औद्योगिक क्षेत्र तेजी से विकसित हुआ। वाहन उद्योग के साथ सहायक इकाइयों, लॉजिस्टिक्स, आईटी, वित्तीय सेवाओं और कॉरपोरेट गतिविधियों का विस्तार हुआ। दिल्ली-एनसीआर से जुड़ाव ने जमीन, परिवहन, बाजार और कुशल श्रम तक पहुंच आसान बनाई। समय के साथ हरियाणा ने इस भौगोलिक लाभ को निवेश आकर्षित करने के अवसर में बदला। इसका असर राज्य की अर्थव्यवस्था की संरचना में दिखाई देता है। हरियाणा में उद्योग और सेवा क्षेत्र आर्थिक उत्पादन के प्रमुख आधार बन गए हैं, जबकि कृषि का हिस्सा अपेक्षाकृत कम हुआ है। इसका अर्थ यह नहीं कि कृषि का महत्व समाप्त हो गया, बल्कि राज्य की आर्थिक गतिविधियों के स्रोत अधिक विविध हो गए। हरियाणा की इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण सबक यह है कि निवेशकों के लिए स्थिर नीतियां, बेहतर बुनियादी ढांचा और समयबद्ध प्रशासनिक प्रक्रियाएं दीर्घकालीन विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

कर्ज, पर्यावरण और युवाओं का पलायन

पंजाब की आर्थिक चुनौतियों का एक बड़ा पहलू राज्य की वित्तीय स्थिति है। सब्सिडी और अन्य खर्चों का दबाव विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों को सीमित कर सकता है। राज्य के कर्ज और सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात को लेकर भी चिंता जताई जाती रही है। धान की अधिक खेती और ट्यूबवेल से सिंचाई ने भूजल पर दबाव बढ़ाया है। बेहतर शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर की तलाश में पंजाब से बड़ी संख्या में युवा विदेशों का रुख करते हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण रोजगार पैदा करना राज्य की प्रमुख प्राथमिकताओं में होना चाहिए। हरियाणा के अनुभव से पंजाब को यह सीख मिल सकती है कि किसी एक क्षेत्र में मिली सफलता पर लंबे समय तक निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। वहीं, हरियाणा के लिए भी यह जरूरी है कि औद्योगिक विस्तार के साथ रोजगार की गुणवत्ता, क्षेत्रीय असमानता, पर्यावरण और शहरी बुनियादी ढांचे की चुनौतियों पर ध्यान दिया जाए। पंजाब और हरियाणा की आर्थिक यात्रा बताती है कि विकास केवल प्राकृतिक संसाधनों या भौगोलिक स्थिति से तय नहीं होता। अवसरों को पहचानना, उद्योगों का विस्तार करना, संस्थागत स्थिरता बनाए रखना और बदलती परिस्थितियों के अनुसार नीतियों में सुधार करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। छह दशक पहले पंजाब आर्थिक समृद्धि का राष्ट्रीय उदाहरण था। आज हरियाणा की प्रगति एक नई मिसाल पेश करती है। दोनों राज्यों के लिए असली चुनौती अब इस विकास को अधिक समावेशी, टिकाऊ और रोजगारपरक बनाना है।

प्रति व्यक्ति आय में बड़ा अंतर

1960-61 में अविभाजित पंजाब की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के लगभग 120 प्रतिशत के बराबर थी। उस समय हरियाणा अलग राज्य नहीं था। दशकों में पंजाब ने हरित क्रांति से गेहूं-धान के उत्पादन में सफलता हासिल की। देश की खाद्य सुरक्षा में भूमिका निर्णायक बनी और किसानों की आय तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। हालांकि, समय के साथ आर्थिक विकास की गति और संरचना में अंतर दिखाई देने लगा। हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय अब राष्ट्रीय औसत के लगभग 177 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जबकि पंजाब की स्थिति राष्ट्रीय औसत से कुछ ही ऊपर रह गई है। आंकड़ों की तुलना करते समय संबंधित वर्ष और आय मापने की पद्धति का ध्यान रखना जरूरी है, व्यापक रुझान दोनों राज्यों के बीच बदलते आर्थिक अंतर को स्पष्ट करता है। इस बदलाव के पीछे केवल दिल्ली से निकटता को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। राष्ट्रीय राजधानी के आसपास होने से हरियाणा को निश्चित रूप से लाभ मिला।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से किया

प्रतिभा, परिश्रम, संकल्प से भारत के निर्माण में विद्यार्थी निभाएं भूमिका



सैंधवा में विद्यार्थियों एवं गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ संवाद करते मुख्यमंत्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के गायत्री धाम, कलाल्दा में आयोजित शरद उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता के दौरान विद्यार्थियों से 'विकसित भारत का आधार' विषय पर आत्मीय और प्रेरणादायी संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, उपलब्धियों एवं आत्मविश्वास की सराहना करते हुए संवाद में सहभागिता करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की।

सीएम ने नीट में सफल छात्र रोहित की सराहना की

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, जामली, सैंधवा के पूर्व छात्र रोहित बामनिया ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने नीट-2026 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कॉलेज, नीमच में प्रवेश प्राप्त किया है। डॉ. यादव ने शिक्षा, खेल, संगीत एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले विद्यार्थियों से उनकी सफलता, भविष्य के लक्ष्यों एवं आकांक्षाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

स्मार्ट क्लास एवं निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

कन्या शिक्षा परिसर कक्षा 10 वीं की छात्रा कु. किरण गिरासे ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए बताया कि कन्या शिक्षा परिसर में कंप्यूटर लैब एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। स्मार्ट क्लास के माध्यम से नियमित अध्ययन के साथ ही जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाती है। विद्यार्थी इन सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

राज्यस्तरीय समारोह में किया नमन

महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं अपनाकर समाज को नई दिशा दें : नायब सैनी



हिसार में निर्माणाधीन वाल्मीकि छात्रावास के लिए 31 लाख देने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से संसार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराया। उनकी रचना केवल एक महाकाव्य नहीं, बल्कि युगों-युगों तक मानवता को जीवन जीने का मार्ग दिखाने वाली है। महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं हमें धैर्य, परिश्रम, अटूट विश्वास, करुणा, शिक्षा और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देती हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी रविवार को संत महापुरुष प्रचार-प्रसार योजना के तहत संत कबीर कुटीर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जी की राज्यस्तरीय जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन करते हुए प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में निर्माणाधीन वाल्मीकि छात्रावास के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

604 बच्चों का हरियाणा पुलिस में चयन हुआ

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार की ओर से अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग तथा छात्रावास की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार का संकल्प है कि धन की कमी के कारण किसी भी बच्चे की प्रतिभा उसकी राह में बाधा न बने। उन्होंने छात्रवृत्ति के संबंध में कहा कि लाभार्थी बच्चों के खातों में राशि पहुंचाने की व्यवस्था की गई है, ताकि विद्यार्थियों को समय पर इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा में हाल ही में हुई पुलिस की भर्ती के दौरान समाज के 604 बच्चों का हरियाणा पुलिस में चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चे आगे बढ़ रहे हैं और विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

खड़े ट्रक से टकराई बस तीन लोगों की मौके पर मौत

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे नंबर 130 पर हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आज फिर एक बड़ा हादसा हुआ है। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे नंबर 130 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। सोमवार की सुबह बलौदाबाजार जिले के दरचुरा के पास तेज रफ्तार बस खड़े ट्रक के अंदर जा घुसी। इस वजह से तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 10 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ भी सकती है। यह सड़क दुर्घटना सिमगा थाना क्षेत्र की है।

यह सड़क दुर्घटना सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे हुई। अंबिकापुर से यात्रियों को लेकर रायपुर की ओर जा रही रॉयल कंपनी की बस हादसे का शिकार हो गई। ग्राम दरचुरा से ठीक पहले स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग पर एक खराब ट्रक खड़ा था। बस सीधे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। दुर्घटना के समय बस में करीब 22 यात्री सवार थे। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और बचाव दल की टीम ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। टक्कर के कारण बस का ढांचा बुरी तरह मुड़ गया था, जिससे यात्री अंदर ही फंस गए थे। बचाव दल ने फंसे हुए घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तुरंत गैस कटर का प्रयोग किया। बस की चादर को काटकर घायलों को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सिमगा भेजा गया। पुलिस हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों और घायलों की पहचान करने की कार्रवाई में जुटी है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलगाड़ियों की समय-सारणी में बदलाव और विस्तार

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि परिचालन कारणों की वजह से रेलवे द्वारा कुछ रेलगाड़ियों की समय–सारणी में बदलाव करने और कुछ रेलगाड़ियों की सेवा का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

गाड़ी संख्या 12381 हावड़ा – नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन साथ ही शकूर बस्ती तक विस्तार

स्टेशन	गाड़ी सं. 12381 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	06:05	---	06:20	06:45
शकूर बस्ती	---	---	07:20	---

गाड़ी संख्या 12382 नई दिल्ली – हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन साथ ही शकूर बस्ती तक विस्तार

स्टेशन	गाड़ी सं. 12382 (30.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
शकूर बस्ती	—	---	—	16:35
नई दिल्ली	---	17:40	17:15	17:40

गाड़ी संख्या 12303 हावड़ा – नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन साथ ही शकूर बस्ती तक विस्तार

स्टेशन	गाड़ी सं. 12303 (30.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	06:05	---	06:20	06:45
शकूर बस्ती	---	---	07:20	---

गाड़ी संख्या 12304 नई दिल्ली – हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन साथ ही शकूर बस्ती तक विस्तार

स्टेशन	गाड़ी सं. 12304 (29.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
शकूर बस्ती	—	---	—	16:35
नई दिल्ली	---	17:40	17:15	17:40

गाड़ी संख्या 54085 दिल्ली जं. – सातरोड पैसेंजर की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 54085 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
दिल्ली जं.	---	07:10	---	06:35
दिल्ली सराय रोहिल्ला	07:25	07:26	06:50	06:51
पटेल नगर	07:34	07:35	06:58	06:59
दिल्ली कैंट.	07:47	07:48	07:11	07:12
पालम	07:54	07:55	07:18	07:19
शाहाबाद मोहम्मद पुर	08:00	08:01	07:24	07:25
बिजवासन	08:06	08:07	07:30	07:31
गुडगाँव	08:15	08:16	07:38	07:39
बसई धनकोट	08:22	08:23	07:44	07:45
गढ़ी हरसरू	08:28	08:29	07:50	07:51
पातली	08:37	08:38	07:57	07:58
ताज नगर	08:43	08:44	08:03	08:04
जटौला जौड़ी सांपका	08:48	08:49	08:08	08:09
पटौदी रोड़	08:55	08:56	08:14	08:15
इंच्छापुरी	09:02	09:03	08:20	08:21
खलीलपुर	09:10	09:11	08:27	08:28
कुम्भावास मुंढलिया डाबड़ी	09:17	09:18	08:34	08:35
रेवाडी जं.	09:40	10:10	09:25	10:20

गाड़ी संख्या 64437 गाज़ियाबाद–दिल्ली जं. ईएमयू की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 64437 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	---	06:10	---	05:45
साहिबाबाद	06:19	06:20	05:54	05:55
चन्द्र नगर हॉल्ट	06:24	06:25	06:02	06:03
आनन्द विहार हॉल्ट	06:27	06:28	06:05	06:06
तिलक ब्रिज	06:33	06:34	06:15	06:16
शिवाजी ब्रिज	06:37	06:38	06:19	06:20
नई दिल्ली	06:53	06:55	06:33	06:35
सदर बाज़ार	07:02	07:03	06:44	06:45
दिल्ली जं.	07:50	---	07:35	---

गाड़ी संख्या 22437 प्रयागराज जं. – आनन्द विहार (ट) हमसफर एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 22437 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
आनन्द विहार (ट)	06:10	---	06:25	—

गाड़ी संख्या 15565 ललितग्राम – नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस (प्रतिदिन) की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 15565 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	05:43	05:45	05:58	06:00
नई दिल्ली	06:30	---	06:45	---

गाड़ी संख्या 12281 भुवनेश्वर – नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12281 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	06:40	---	06:55	—

गाड़ी संख्या 15734 बठिण्डा जं. – बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 15734 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
बठिण्डा जं.	---	15:00	---	15:00
बठिण्डा जं. – दिल्ली जं. के बीच कोई परिवर्तन नही				
दिल्ली जं.	21:25	21:40	21:30	21:45
गाज़ियाबाद	22:25	22:27	22:27	22:29
खुर्जा जं.	23:10	23:12	23:23	23:25

गाड़ी संख्या 12427 रीवा – आनन्द विहार (ट) रीवा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12427 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	06:03	06:05	06:18	06:20
आनन्द विहार (ट)	06:40	---	06:55	---

गाड़ी संख्या 12417 प्रयागराज जं. – नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12417 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	06:13	06:15	06:28	06:30
नई दिल्ली	07:00	---	07:15	---

गाड़ी संख्या 12225 आज़मगढ़ – दिल्ली जं. कैफियात एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12225 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	06:23	06:25	06:38	06:40
दिल्ली जं.	07:05	---	07:25	---

नोटः प्रयागराज जंक्शन – रेलगाड़ी के सुपरफास्ट प्रकार से मेल/एक्सप्रेस में बदलाव के कारण, दिल्ली जंक्शन से दिनांक 01.01.2027 को चलने वाली गाड़ी 12226 की संख्या बदलकर 14026 हो जाएगी, और आजमगढ़ से दिनांक 01.01.2027 को चलने वाली गाड़ी 12225 की संख्या बदलकर 14025 हो जाएगी।

गाड़ी संख्या 12367 भागलपुर – आनन्द विहार (ट) विक्रमशिला एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12367 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
आनन्द विहार (ट)	07:20	---	07:35	—

गाड़ी संख्या 12556 बठिण्डा जं. – गोरखपुर गोरखधाम एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12556 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
कानपुर सेन्ट्रल	02:55	03:05	03:00	03:10

गाड़ी संख्या 20802 नई दिल्ली – इसलामपुर मगध एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 20802 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	---	21:05	---	21:05
अलीगढ़ जं. – कानपुर सेन्ट्रल के बीच कोई परिवर्तन नही				
प्रयागराज जं.	06:20	06:25	06:15	06:20
विन्ध्याचल – पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. के बीच कोई परिवर्तन नही				

गाड़ी संख्या 12309 राजेन्द्र नगर (ट) – नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12309 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	07:40	---	07:55	—

गाड़ी संख्या 12393 राजेन्द्र नगर (ट) – नई दिल्ली संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12393 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	07:55	---	08:05	—

गाड़ी संख्या 12229 लखनऊ–नई दिल्ली लखनऊ मेल की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12229 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	05:53	05:55	06:01	06:03
नई दिल्ली	06:55	---	07:00	---

गाड़ी संख्या 14218 चण्डीगढ़ – प्रयागराज संगम ऊंचाहार एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 14218 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
चण्डीगढ़	---	16:45	---	16:45
चण्डीगढ़ – दिल्ली जं. के बीच कोई परिवर्तन नही				
दिल्ली जं.	21:05	21:20	21:15	21:30
साहिबाबाद	21:42	21:44	21:56	21:58
गाज़ियाबाद	22:11	22:13	22:16	22:18
अलीगढ़ जं.	23:30	23:35	23:40	23:45
हाथरस जं.	23:57	23:59	00:07	00:09
टूण्डला जं.	01:10	01:15	01:15	01:20
फिरोज़ाबाद	01:40	01:42	01:40	01:42
शिकोहाबाद जं. – रूरा के बीच कोई परिवर्तन नही				
कानपुर सेन्ट्रल	05:30	05:35	05:35	05:40
उन्नाव	06:06	06:08	06:12	06:14
बीघापुर	06:37	06:39	06:40	06:42
तकिया	06:51	06:52	06:51	06:53
तकिया से आगे कोई परिवर्तन नही				

गाड़ी संख्या 12418 नई दिल्ली – प्रयागराज जं. प्रयागराज एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12418 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	---	22:10	---	22:15
गाज़ियाबाद	22:42	22:44	22:50	22:52
अलीगढ जं.	23:55	23:57	00:02	00:04
कानपुर सेंट्रल	03:50	03:55	03:55	04:00
फतेहपुर	04:50	04:52	05:00	05:02

गाड़ी संख्या 22438 आनन्द विहार (ट) – प्रयागराज जं. हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 22438 (29.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
आनन्द विहार (ट.)	---	22:35	---	23:15
कानपुर सेंट्रल	03:25	03:30	04:10	04:15
प्रयागराज जं.	06:20	---	07:55	---

गाड़ी संख्या 54058 शामली – दिल्ली जं. पैसंजर की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 54058 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
दिल्ली जं.	---	07:40	—	07:45

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की तैयारी

ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्वतंत्रता की बुनियाद है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती और बड़ी है, जहां परिवहन से लेकर उद्योगों तक की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल से पूरा होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो महंगाई का दबाव बढ़ता है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ता है और अर्थव्यवस्था की गति प्रभावित होती है। इसलिए पेट्रोल के घरेलू विकल्प विकसित करना केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की अनिवार्य जरूरत है। केंद्र सरकार ने 100% एथेनॉल यानी ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 23 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना से ऐसे वाहनों के लिए नियामकीय रास्ता साफ हुआ है। सरकार की एथेनॉल नीति अब तक उत्साहजनक परिणाम दे चुकी है। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का कार्यक्रम वर्ष 2003 में शुरू हुआ था, लेकिन 2013-14 में इसकी औसत मिलावट केवल 1.53% थी। सरकार ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने, एथेनॉल की खरीद के लिए मूल्य व्यवस्था बनाने और चीनी मिलों व अन्य उत्पादकों को प्रोत्साहन देने जैसे कदम उठाए। नतीजा यह हुआ कि 2021-22 में 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल हो गया और 2025-26 में औसत मिश्रण 20% तक पहुंच गया। वर्ष 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्य को पांच साल पहले प्राप्त करना नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का उदाहरण है। आंकड़ों के मुताबिक, 2014 में एथेनॉल उत्पादन क्षमता लगभग 421 करोड़ लीटर थी, जो 2026 में बढ़कर करीब 2,000 करोड़ लीटर हो गई। इस कार्यक्रम का लाभ केवल तेल आयात में कमी तक सीमित नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, एथेनॉल खरीद से पिछले 11 वर्षों में किसानों को लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये की आय हुई और करीब 1.40 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। एथेनॉल का उत्पादन गन्ने, मक्का और अन्य जैविक स्रोतों से किया जा सकता है। इससे कृषि उपज के लिए अतिरिक्त बाजार तैयार होता है और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसंस्करण उद्योगों तथा रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। पानीपत और नुमालीगढ़ की रिफाइनरियों में पराली, बांस और अन्य जैविक अवशेषों से एथेनॉल उत्पादन की पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण है। ई-100 की मंजूरी इसी नीति का अगला चरण है। सामान्य पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने और लगभग शुद्ध एथेनॉल पर चलने वाले वाहन में बुनियादी अंतर है। ई-100 के लिए वाहन निर्माता कंपनियों को विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तैयार करने होंगे। मौजूदा पेट्रोल या ई-20 वाहनों में सीधे ई-100 डालना सुरक्षित नहीं है। एथेनॉल से कुछ प्रदूषकों और जीवाश्म कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की संभावना है, लेकिन इसके पर्यावरणीय लाभ का आकलन उत्पादन से लेकर इस्तेमाल तक के पूरे चक्र के आधार पर होना चाहिए। ई100 वाहनों की तकनीक, ईंधन केंद्रों का विस्तार, किफायती कीमत और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा पर समयबद्ध काम जरूरी है। साथ ही, एथेनॉल के साथ विद्युत वाहन, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक ईंधनों को भी बढ़ावा देना चाहिए। ऊर्जा आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल पेट्रोल का विकल्प तलाशना नहीं, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाने वाला विविध और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र तैयार करना है। ई-100 की मंजूरी इस दिशा में सार्थक कदम है। इसके साथ ही भारत ने ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।



सीमा सुरक्षा

ओमकार चौधरी

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक बार फिर जारी गतिरोध ने सीमा सुरक्षा और सरकार की रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने 22 अक्टूबर को स्वीकार किया कि अरुणाचल के कई स्थानों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अपर सुबनसिरी जिले के असाफिला क्षेत्र में जुलाई के अंत से गतिरोध जारी है। हालांकि, अब तक किसी हिंसक झड़प की सूचना नहीं है, लेकिन सैन्य गतिविधियों और बातचीत के नतीजों पर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में सवाल है कि सीमा पर वास्तविक स्थिति क्या है और सरकार पारदर्शिता व कूटनीति के बीच संतुलन कैसे बनाएगी?

अरुणाचल में फिर आमने-सामने

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाएं एक बार फिर आमने-सामने हैं और इस बार इसकी पुष्टि किसी अनाम सूत्र ने नहीं, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने खुद की है। 22 अक्टूबर 2026 को राजस्थान के अलवर में बल के वार्षिक हिमवीर सम्मान समारोह में कपूर ने कहा कि पिछले कुछ समय में अरुणाचल की कई जगहों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है और यह स्थिति अभी भी बनी हुई है। पूर्वी सेक्टर में जारी तनाव की आईटीबीपी प्रमुख की ओर से यह पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है, लेकिन सामरिक महत्व की यह सूचना सार्वजनिक करनी चाहिए थी या नहीं और उन्हें इसके लिए अधिकृत किया गया था या नहीं, इसे लेकर बहस भी शुरू हो गई है । कपूर ने बल के शौर्य कमांडो की भूमिका की सराहना की और चीन को भारत का सबसे बड़ा विरोधी बताया। उन्होंने ड्रोन क्षमता बढ़ाने, ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध की तैयारी, और तोपखाने व हवाई बमबारी से बचाव के लिए भूमिगत बंकर बनाने की योजनाओं की भी जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार गतिरोध जुलाई के आखिर से अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग सर्कल के असाफिला क्षेत्र में चल रहा है। चीनी सेना (पीएलए) ने माजा कंपनी ऑपरेटिंग बेस के पास, एलएसी की भारतीय समझ के 6-7 किलोमीटर के दायरे में, एक ऊंचाई पर तंबू गाड़ रखे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह आमना-सामना 25 जुलाई के आसपास नियमित गश्त के दौरान शुरू हुआ। अब तक किसी हिंसक झड़प, हथियार के इस्तेमाल या किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आईटीबीपी प्रमुख ने बाकी टकराव स्थलों के नाम नहीं बताए।तनाव कम करने के लिए 6 और 7 सितंबर को वाचा (भारत) और दमाई (चीन) में पूर्वी सेक्टर में पहली बार कोर कमांडर स्तर की बातचीत हुई। भारतीय दल का नेतृत्व 3 कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया। विदेश मंत्रालय ने बैठक की पुष्टि तो की, लेकिन उसका नतीजा सार्वजनिक नहीं किया। इसके कुछ ही दिन बाद, 12 सितंबर को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। सरकार या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आईटीबीपी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि महानिदेशक का बयान सीमा पर नियमित ऑपरेशनल तैयारी के संदर्भ में था, किसी खास घटना से जुड़ा नहीं । इस मामले में सेना का रुख भी गौर करने लायक है। चीन लगभग 90,000 वर्ग किलोमीटर, यानी करीब पूरे अरुणाचल पर दावा करता है और इसे जांगनान या दक्षिण तिब्बत कहता है। विवाद की जड़ 1914 का शिमला सम्मेलन है, जहां ब्रिटिश भारत के विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन ने भारत और तिब्बत के बीच 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा खींची। चीनी प्रतिनिधि ने इसे स्वीकार नहीं किया, और बीजिंग आज भी कहता है कि तिब्बत को ऐसा समझौता करने का अधिकार नहीं था। 1962 के युद्ध में पीएलए लगभग पूरे तत्कालीन नेफा तक आ गई थी, लेकिन एकतरफ़ा युद्धविराम के बाद मैकमोहन रेखा तक



लौट गई। विवाद केवल अरुणाचल तक सीमित नहीं है। भारत के अनुसार 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा के पश्चिमी छोर पर अक्साई चिन का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्ज़े में है। 1963 में पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी का 5,180 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया, जिसे भारत मान्यता नहीं देता। मध्य सेक्टर में उत्तराखंड का बाराहोती और हिमाचल के कौरिक व शिपकी ला भी विवादित हैं। 1960 में चाउ एनलाई ने अक्साई चिन के बदले नेफा पर दावा छोड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया था। बीते एक दशक में यह विवाद नक्शों तक पहुंच गया है। चीन अब तक छह सूचियों में अरुणाचल की 112 जगहों के नाम बदल चुका है: 2017 में 6, 2021 में 15, 2023 में 11, 2024 में 30, 2025 में 27 और 2026 में 23। अरुणाचल में ताकसिंग पहला टकराव नहीं है। 20 अक्टूबर 1975 को तवांग के तुलुंग ला में चीनी सैनिकों ने घात लगाकर असम राइफल्स के चार जवानों को मार दिया था। भारत के अनुसार यह हमला उसकी सीमा के 500 मीटर भीतर हुआ। उस समय इंदिरा गांधी सरकार ने अधिकारियों के ज़रिए बीजिंग से कड़ा विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रधानमंत्री का कोई सीधा सार्वजनिक बयान दर्ज नहीं मिलता। 1986 में चीन ने तवांग के सुमदोरोंग चू में वांगडुंग चरागाह पर ढांचे खड़े कर दिए। भारत ने राजदूत को तलब कर विरोध जताया और इलाके में तीन डिवीज़न तक सैनिक तैनात किए। राजीव गांधी दिसंबर 1988 में चीन गए, और वांगडुंग से सैनिकों की वापसी आखिरकार 1995 में हुई। इसके बाद तवांग का यांग्त्से बार-बार टकराव का केंद्र बना। सितंबर 2016 में करीब 200 पीएलए सैनिक वहां घंटों डटे रहे, और अक्टूबर 2021 में भी गश्ती टुकड़ियां आमने-सामने आईं। इन दोनों मौकों पर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, और जानकारी सूत्रों के ज़रिए ही सामने आई। 9 दिसंबर 2022 को यांग्त्से में कील लगे डंडों से हिंसक झड़प हुई, जिसमें छह गंभीर रूप से घायल भारतीय सैनिकों को गुवाहाटी ले जाना पड़ा। देश के बाकी हिस्सों में भी 1967 में नाथू ला, 2013 में देपसांग, 2017 में डोकलाम और 2020 में गलवान जैसे टकराव हुए। गलवान में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। यह 1975 के बाद भारत-चीन सीमा पर जान जाने की पहली घटना थी। इसके बाद 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री ने कहा था कि न कोई भारतीय सीमा में घुसा है और न ही कोई चौकी किसी के कब्ज़े में है। सीमा विवाद सुलझाने के लिए 2003 में बना विशेष प्रतिनिधि तंत्र अब तक 25 दौर की बातचीत कर चुका है। ताज़ा दौर 25 अगस्त 2026 को बीजिंग में अजीत डोभाल और वांग यी के बीच हुआ, जिसमें पूर्वी और मध्य सेक्टर में नई सैन्य हॉटलाइन पर सहमति बनी। सीमा मामलों पर परामर्श तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 36 बैठकें हो चुकी हैं, और लद्दाख में 2020 के बाद कोर कमांडरों के बीच 21 दौर की बातचीत हुई।ज़मीन पर भारत की रणनीति भी बदली है। दशकों तक सीमा के पास सड़कें न बनाने की नीति के बाद 2006 में 73 रणनीतिक सड़कों की परियोजना को मंज़ूरी मिली, जो 2017 के डोकलाम गतिरोध के बाद तेज़ हुई। 2024 में खुली सेला सुरंग अब तवांग को साल भर जोड़े रखती है। 1962 के बाद छोड़ी गई अरुणाचल की सात हवाई पट्टियां फिर से चालू हो चुकी हैं, और लद्दाख का न्योमा नवंबर 2025 में पूर्ण एयरबेस बन गया। इन सब के बीच कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं: कोर कमांडर वार्ता का नतीजा क्या निकला, आईटीबीपी प्रमुख ने किन जगहों पर टकराव की बात कही, और गश्ती बिंदुओं को लेकर

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष

डॉ. मोनिका शर्मा



विरासत को सहेजने के लिए सार्थक प्रयास जरूरी

भारत की सांस्कृतिक विरासत अपनी बहुरंगी विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। बात चाहे मूर्त विरासत यानी ऐतिहासिक भवनों, किलों और स्मारकों की अनूठी वास्तुकला की हो या अमूर्त विरासत जैसे परंपराओं, लोकगीतों, शास्त्रीय नृत्य, त्योहारों की। हमारे देश के सांस्कृतिक रंग सचमुच अनूठे हैं। हमारी भाषाएं, दर्शन, बोलियां, योग, आयुर्वेद और प्राचीन ग्रंथ भी अनमोल धरोहर ही हैं। आमजन तक सहज पहुंच बनाकर ही इस थाती को सहेजा का सकता है। हालिया बरसों में दुनिया के हर हिस्से में ही अपनी धरोहर को सहेजने के रंग-ढंग बदले हैं। अब आधुनिक तकनीकों, नई पद्धतियों और पेशेवर विशेषज्ञों की भूमिका अहम हो चली है। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस का मुख्य उद्देश्य धरोहर के संरक्षण से जुड़ा यही पहलू लिए है। ध्यातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 2005 में अपने 33वें आम सम्मेलन में यह दिन मनाने की घोषणा की थी। ज्ञात हो कि रेडियो, फिल्म, टेलीविजन और साउंड रिकॉर्डिंग जैसी दृश्य-श्रव्य सामग्रियों के संरक्षण के महत्व को लेकर जनमानस में जागरूकता लाना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज हमारी साझी स्मृतियों और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने वाले कामकाजी विशेषज्ञों और संस्थानों के योगदान को सम्मान देने का भी संदेश देता है। सुखद है कि भारत में ऑडियो-विजुअल सामग्रियों के रूप में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए कई महत्वपूर्ण उठाए गए हैं। विरासत के संरक्षण हेतु डिजिटलीकरण और प्रचार हेतु बहत सी पहल की गई हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन, नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स, अभिलेख पटल और जटान एवं वेव्स जैसी कई पहल भावी पीढ़ियों के लिए विरासत के संरक्षण का काम कर रही हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नेशनल फिल्म आर्काइव्स ऑफ इंडिया के माध्यम से उत्कृष्ट भारतीय फिल्मों, वृत्तचित्रों और शॉर्ट फिल्मों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और पुनर्स्थापन किया जा रहा है। वहीं नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स द्वारा देश भर के संस्थानों में उपलब्ध दुर्लभ व संकटग्रस्त ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग्स को डिजिटाइज कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा संचालित अभिलेख पटल भी एक डिजिटल रिपॉजिटरी ही है। यह ऐतिहासिक दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स का ऑनलाइन पटल है। संस्कृति मंत्रालय और सी-डेक पुणे द्वारा विकसित जटान सॉफ्टवेयर विभिन्न संग्रहालयों की सामाग्री डिजिटल रूप में सुरक्षित करने में जुटा है। ज्ञात हो कि वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज की 2026 की थीम 'प्रोटेक्टिंग मेमोरी एट रिस्क' है। यह विषय फिल्मों, ऑडियो टेपों और चलचित्रों के रूप में विरासत की सामूहिक स्मृतियों को बचाने से जुड़ा है। समझना कठिन नहीं कि 'खतरे में पड़ी स्मृति की सुरक्षा करना' यह विषय संकटग्रस्त धरोहरों को सहेजने का रेखांकित करने योग्य संदेश देती है। बीते कुछ बरसों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और प्रदूषण से कई ऐतिहासिक धरोहर खतरे में हैं। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस नई पीढ़ी को भी यह याद दिलाता है कि तकनीकी संसार से जुड़कर डिजिटल युग में आगे बढ़ते हुए अपनी विरासत से भी जुड़े रहें। वस्तुतः, संरक्षण के साथ यह दिवस प्रत्येक व्यक्ति को दृश्य-श्रव्य ध्वनियों के प्रति सजग-संवेदनशील बनाने का उद्देश्य भी लिए है। ज्ञात हो कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ऑडियो-विजुअल मनोरंजन और डिजिटल क्रिएटर्स को बढ़ावा देने के लिए 'विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन और 'जेम्स ऑफ इंडिया' जैसी मुहिम भी शुरू की गई हैं। इतना ही नहीं जनता को जागरूक करने के लिए ही विश्व दृश्य-श्रव्य धरोहर दिवस पर कई तरह की प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागारों, श्रव्य-दृश्य कम्युनिटीज़, टेलीविजन एवं रेडियो स्टेशनों और सरकारों के साझे प्रयासों से कई स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महत्वपूर्ण श्रव्य-दृश्य अभिलेखों को सहेजने से संबन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं सम्मेलन, विशेष फिल्म स्क्रीनिंग और सार्वजनिक वार्ताएं आयोजित की जाती हैं।इसीलिए आमजन भी अपनी विरासत के प्रति सजग होकर ऑनलाइन मंचों पर उपलब्ध जानकारियों और सहजता से मिल रही सूचनाओं में रुचि लें । अपनी विरासत का मान करने हेतु उसे जानना-समझना जरूरी है । अपनी सांस्कृतिक पहचान और इतिहास को सहेजने की कोशिशों का हिस्सा बनने का भाव हर पीढ़ी में होना चाहिए । जनमानस के सकारात्मक रुझान से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़े प्रयासों को और बल मिलता है ।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित

दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके। यह समर्पण सघन श्रद्धा के माध्यम से ही बन पड़ता है।

भगवान की कृपा से ही सब मिलता है



संकलित

प्रेरणा

एक राजा था, वह जब पूजा के लिए मंदिर जाता, तो 2 भिखारी उसके दाएं और बाएं बैठा करते। दाईं ओर वाला कहताः ए भगवान! तूने राजा को बहुत कुछ दिया है, मुझे भी दे दे। बाईं ओर वाला कहताः ऐ राजा! भगवान ने तुझे बहुत कुछ दिया है, मुझे भी कुछ दे दे। दाईं ओर वाला भिखारी बाईं ओर वाले से कहताः भगवान से माँग! निसंदेह वही सबसे अच्छा सुनने वाला है। बाईं ओर वाला जवाब देताः चुप कर मूर्ख। एक बार राजा ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा कि मंदिर में दाईं तरफ जो भिखारी बैठता है, वह हमेशा भगवान से मांगता है। तो निसंदेह भगवान उसकी जरूर सुनेगा। लेकिन जो बाईं तरफ बैठता है, वह हमेशा मुझसे विनती करता रहता है। तो तुम ऐसा करो कि एक बड़े से बर्तन में खीर भर के उस में अशर्फियाँ डाल दो और वह उसको दे आओ। मंत्री ने ऐसा ही किया। अब वह भिखारी मजे से खीर खाते-खाते दूसरे भिखारी को चिढ़ाता हुआ बोलाः हुह बड़ा आया, भगवान देगा। यह देख राजा से माँगा, तो मिल गया ना? खाने के बाद जब उस का पेट भर गया, तो उस ने खीर से भरा बर्तन उस दूसरे भिखारी को दे दिया। और कहाः ले पकड़.. तू भी खाले, मूर्ख! अगले दिन जब राजा पूजा के लिए मंदिर आया तो देखा कि बाईं तरफ वाला भिखारी तो आज भी वैसे ही बैठा है। लेकिन दाईं तरफ वाला गायब है। राजा ने चौंक कर उससे पूछाः क्या तुझे खीर से भरा बर्तन नहीं मिला? भिखारीः जी मिला था, क्या शानदार खीर थी। मैंने खूब पेट भर कर खायी! राजाः फिर? भिखारीः फ़िरे वह जो दूसरा भिखारी यहाँ बैठता है, मैंने उसको दे दी। मूर्ख हमेशा कहता रहता थाः भगवान देगा, भगवान देगा! राजा मुस्कुरा कर बोलाः बेशक, भगवान ने उसे दे ही दिया! इसी तरह हमें भी उस भगवान से ही विनती करनी चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी

दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषण के मुद्दे पर विकासशील देशों को अक्सर कठघरे में खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकों तक संसाधनों का अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषण की जिम्मेदारी तय करनी है, तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन को भी ध्यान में रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों के नाम पर विकासशील देशों के विकास को बाधित करना न्यायसंगत नहीं है।

- संजय राउत, दुर्ग

ट्रेंड

मर्यादाएं लांघ रहे राहुल



राहुल गांधी किस तरह मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं और रोजाना किस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। अब हम उनकी पार्टी के अध्यक्ष को भी इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल करते देख रहे हैं।

-नितिन नवीन, भाजपा अध्यक्ष

सीईसी को बचा रही सरकार



'वोट चोरी के अनगिनत खुलासों' के बावजूद केंद्र सरकार सीईसी ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। एक नवंबर को रामलीला मैदान में वोट बचाओ, देश बचाओ महा रैली होगी। इसे सफल बनाएं। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

कॉकरोचों को पनपने न दें



देश में 'दिमागी नक्सल', 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' और कॉकरोचों को कभी भी पनपने न दें। कॉकरोच, खटमल जैसी बुराइयां कोरोना वायरस की तरह फैलने की कोशिश कर रही हैं। इन्हें कीटनाशक स्प्रे 'हिट' से ही खत्म किया जा सकता है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हों।

-शुभेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

भाजपा के पास कुछ नहीं



भाजपा को हर मुद्दे पर राजनीति करने और जनता का ध्यान भटकाने के बजाय लोकतंत्र से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष का उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं रहा। भाजपा जिस तरह हंगामा कर रही है, उससे स्पष्ट है कि उसके पास जनता के मुद्दों पर जवाब देने के लिए कुछ नहीं है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण दस्ता यात्रा पर पहुंचा श्रीलंका



भारतीय नौसेना का प्रथम प्रशिक्षण दस्ता दो युद्धपोतों और तटरक्षक बल के एक पोत के साथ सोमवार को तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा पर श्रीलंका पहुंचा। भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना है। यह यात्रा लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है। इसके तहत दस्ता श्रीलंका के बाद सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया और मालदीव की राजधानी माले भी जाएगा। इसके बाद यह कोच्चि स्थित अपने आधार बंदरगाह पर लौटेगा। यह प्रशिक्षण दस्ता भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और मित्र देशों की नौसेनाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों को समुद्र में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस दस्ते की कमान प्रथम प्रशिक्षण दस्ते के वरिष्ठ अधिकारी और आईएनएस तीर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन तिजो के. जोसेफ के हाथों में है। भारतीय मिशन ने बताया कि श्रीलंका नौसेना के पांच प्रशिक्षु अधिकारी भी इस लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीलंका नौसेना के प्रशिक्षण महानिदेशक रियर एडमिरल रोहन जोसेफ के कोलंबो बंदरगाह पहुंचने पर इन पोतों का दौरा करने और उन पर तैनात कमांडिंग अधिकारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों तथा प्रशिक्षुओं से बातचीत करने की योजना है।

ऑफ बीट

ब्रिटेन में लंबे पंजों वाले नए डायनासोर का जीवाश्म मिला



ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट से मिले मांसाहारी डायनासोर की एक नयी प्रजाति की खोपड़ी का जीवाश्म 100 से अधिक वर्षों तक संग्रह में रखे रहने के बाद 'नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम' में दोबारा मिला है। लंदन स्थित इस संग्रहालय के करीब 150 साल के इतिहास में यहां तीन करोड़ से अधिक नमूने हैं। ऐसे में किसी जीवाश्म या चट्टान का संग्रह में कहीं छूट जाना असामान्य नहीं है। संभवत: ऐसा ही ब्रिटेन में खोजे गए इस नए डायनॉसोर के एकमात्र ज्ञात जीवाश्म के साथ हुआ। अनुसंधानकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में दो पैरों पर चलने वाले इस मांसाहारी थेरोपोड डायनासोर का नाम 'इन्विक्टिबेलाट्रिक्स एम्बरिना' रखा है। थेरोपोड डायनासोर के इसी समूह में आधुनिक पक्षी भी शामिल हैं। संग्रहालय के जीवाश्म विज्ञानियों में से एक पॉल बैरेट ने 2020 में जीवाश्मों के संग्रह की जांच के दौरान हड्डी का एक छोटा टुकड़ा देखा। उन्होंने पहचान लिया कि यह डायनासोर की खोपड़ी के एक महत्वपूर्ण हिस्से, यानी मस्तिष्क को सुरक्षित रखने वाली हड्डी (ब्रेनकेस) का टुकड़ा है। संग्रहालय के अभिलेखों की जांच करने पर पता चला कि यह जीवाश्म इंग्लैंड के दक्षिणी तट से दूर स्थित आइल ऑफ वाइट के सडमूर प्वाइंट के पास एक समुद्र तट से मिला था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

कुल आवक का 82 प्रतिशत धान खरीदा गया, 23.34 लाख मीट्रिक टन का उठान पूरा: नागर

हरियाणा में धान खरीद अभियान तेज: अब तक 37.27 लाख मीट्रिक टन धान की आवक और 30.69 लाख मीट्रिक टन की खरीद

निजी व्यापारियों ने भी खरीदा 38,770 मीट्रिक टन धान, औसत भाव 2,516 रुपये प्रति क्विंटल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की धान की फसल की सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। खरीफ सीजन 2026-27 के दौरान प्रदेश की मंडियों में धान की आवक, खरीद, उठान और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के भुगतान की प्रक्रिया लगातार जारी है। सरकार का विशेष ध्यान इस बात पर है कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले।



नागर ने बताया कि 26 अक्टूबर को सुबह 8 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा में कुल 37.27 लाख मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई है और 30.69 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इस प्रकार कुल आवक का लगभग 82 प्रतिशत धान खरीदा जा चुका है। प्रदेश में भारत सरकार द्वारा निर्धारित 58 लाख मीट्रिक टन के खरीद लक्ष्य के मुकाबले अब तक लगभग 53 प्रतिशत खरीद पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि एक दिन में लगभग 1.01 लाख मीट्रिक टन धान की आवक और 0.36 लाख मीट्रिक टन की खरीद दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि खरीदे गए धान में से 23.34 लाख मीट्रिक टन का उठान किया जा चुका है, जो कुल खरीद का लगभग 76 प्रतिशत है। एक दिन में लगभग 1.38 लाख मीट्रिक टन धान का उठान किया गया। मंत्री ने कहा कि मंडियों में खरीदे गए धान का समय पर उठान सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि मंडियों में पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे और फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नागर ने कहा कि प्रदेश में अब तक 2,22,154 किसानों को धान खरीद प्रक्रिया का लाभ मिला है तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत किसानों को लगभग 4,263 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि भुगतान संबंधी प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर पूरी की जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम (एचएसडब्ल्यूसी) के माध्यम से धान की खरीद की जा रही है। उपलब्ध एजेंसीवार आंकड़ों के अनुसार, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने 16.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है, जो उसके 23.20 लाख मीट्रिक टन के निर्धारित लक्ष्य का लगभग 71 प्रतिशत है। विभाग द्वारा 12.90 लाख मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। इसी प्रकार, हैफेड ने 9.29 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है, जो उसके 23.20 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य का लगभग 40 प्रतिशत है। हैफेड द्वारा 7.21 लाख मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। वहीं, हरियाणा राज्य भंडारण निगम ने 4.87 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है, जो उसके 11.60 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य का लगभग 42 प्रतिशत है। निगम द्वारा 3.23 लाख मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। तीनों एजेंसियों द्वारा कुल 30.69 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद और 23.34 लाख मीट्रिक टन का उठान किया गया है।

यह जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ने सोमवार को 12 वें ब्रिक्स संसदीय मंच के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दी है

आपसी संप्रभुता के सम्मान संग वैश्विक संबंधों में लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को अपनाए ब्रिक्स: बिरला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रही उपस्थिति, ब्रिक्स संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से चाय पर की विशेष चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्षों की वजह से तनावपूर्ण बने हुए हालातों के बीच संसद भवन में सोमवार भारत की मेजबानी में '12वें ब्रिक्स संसदीय मंच' का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन समारोह को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने खासतौर पर इस बात पर जोर दिया कि ब्रिक्स देशों को अपनी-अपनी संप्रभुता का सम्मान करते हुए अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लोकतांत्रिक दृष्टिकोण का समावेश करना चाहिए। क्योंकि इसी में संसदीय कूटनीति की वास्तविक शक्ति शामिल है। साथ ही हमें अपने अनुभवों को साझा कार्रवाई में, समझ को विश्वास में और संवाद को ठोस सहयोग में बदलना होगा। उन्होंने विश्वास जताते हुए ये भी कहा कि इस मंच पर होने वाली चर्चा हमारे विश्वास, सहयोग को नई दिशा देगी तथा जन केंद्रित विकास के हमारे एकजुटता से लिए हुए संकल्प को और सुदृढ़ करेगी।

संवाद, कूटनीति का बढ़ा महत्व

उन्होंने कहा, वर्तमान में पूरी दुनिया क्षेत्रीय संघर्षों, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, व्यापारिक तनाव, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी चुनौतियों से दोचार हो रही है। लेकिन इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि ये चुनौतियां किसी एक देश विशेष की सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। जिसे देखते हुए यह बिलकुल साफ है कि संवाद, कूटनीति और आपसी सहयोग का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इस मामले में भारत का विश्वास है कि समूह की संसदें साझा समझ, विश्वास को सशक्त बनाने, वैश्विक तनाव घटाने व चुनौतियों के शांतिपूर्ण निदान में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

भारतीय लोकतंत्र के असल मायने

बिरला ने अपने संबोधन में भारत लोकतंत्र की जननी है और यह संवाद, वैचारिक अंतर, सहमति-असहमति के बावजूद परस्पर सम्मान की भावना पर आधारित है। सामान्य भाषा में ये वही लोकतांत्रिक शक्ति है, जिसके तहत हमारा देश अपनी विकास यात्रा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। साथ ही हमारे देश की संसद ने अपने विधायी ढांचे का उपयोग करते हुए ऐसी नीतियां, कानून बनाए हैं। जिससे बहुआयामी प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं

लोकसभा अध्यक्ष के मुताबिक, ब्रिक्स समूह को ऐसी सुदृढ़ संसदीय संस्थाओं का निर्माण करना है। जो संकटों के बावजूद विधायी निरंतरता, जवाबदेही



तथा लोकतांत्रिक निगरानी सुनिश्चित करें। समूह की संसदें जीवंत संस्थाएं हैं। जिन्हें जन अपेक्षाओं के अनुरूप खुद को ढालना, कार्यप्रणाली में नवाचार को अपनाना, संवाद, सहमति, पारदर्शिता तथा जवाबदेही की परंपरा को मजबूत बनाना है। उन्होंने संसदीय सहयोग का जिक्र करते हुए कहा कि इसी में सामूहिक प्रगति की शक्ति निहित है। संसदें आपस में विचारों, अनुभवों को बांटे, साझा चुनौतियों का समाधान निकालें और एक-दूसरे की क्षमताओं-सर्वोत्तम प्रथाओं का लाभ उठाएं। इसके अलावा ऐसे समाधान विकसित करने चाहिए। जो नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं। जो पहले के मुकाबले अधिक न्यायसंगत, समावेशी तथा शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण में सहायक हों।

युवाओं को प्रतिभा अनुरूप मिलें अवसर

उन्होंने युवा पीढ़ी को लेकर कहा कि वह आकांक्षी है और उसके पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी ज्ञान है। युवाओं को उनकी प्रतिभा के हिसाब से अवसर मिलने चाहिए व सम्मानजनक जीवन प्राप्त होना चाहिए। इसलिए समूह की संसदों का यह दायित्व है कि वे युवाओं की आकांक्षाओं को समझें, उनकी आवाज को स्थान दें और उनकी प्रतिभा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ें।

ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं पर ध्यान दें

ब्रिक्स 2026 में अपनी स्थापना के दो दशक पूरे कर रहा है। आज संगठन का तेजी से विस्तार हो रहा है। समूह देश दुनिया की करीब आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं, एक-तिहाई भू-क्षेत्र में फैले हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, व्यापार में महत्वपूर्ण भागीदारी रखते हैं। वैश्विक घटनाक्रम, संबंधों को प्रभावित करने की मंच की क्षमता भी तेजी से बढ़ रही है। ब्रिक्स के देश भौगोलिक, भाषाई और सामाजिक दृष्टि से भिन्न हैं। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों, मानवता को लेकर हमारी साझा जिम्मेदारी हमें एक सूत्र में बांधती है। ब्रिक्स ग्लोबल साउथ की आवाज को सशक्त बनाने की इच्छा रखता है। इसलिए हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि हमारी आकांक्षाएं महज विचार-विमर्श तक सीमित न रहें। बल्कि ठोस नीतियों, व्यावहारिक सहयोग में भी दिखाई पड़नी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की

लोकसभा अध्यक्ष ने 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम, 2026 का उद्घाटन किया, जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन के ऐतिहासिक संविधान सदन में आयोजित 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम, 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सदस्य एवं साझेदार देशों की संसदों से जन-केंद्रित विकास, वैश्विक शांति, सतत विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संसदीय सहयोग के माध्यम से साझा चुनौतियों के समाधान विकसित करने और नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन में संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से स्वीकृति दिए जाने को महत्त्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए बिरला ने सदस्य देशों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब आवश्यकता इन प्रतिबद्धताओं को ठोस परिणामों में बदलने की है। कानून निर्माण, बजट, विचार-विमर्श और निगरानी के माध्यम से संसदें इन उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

ब्रिक्स सदस्य एवं साझेदार देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करते हुए बिरला ने कहा कि भारत में उनकी उपस्थिति संसदीय सहयोग, संवाद, पारस्परिक सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास को प्रदर्शित करती है।

उन्होंने कहा कि सदस्य देशों की भौगोलिक, सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक विविधताओं के बावजूद लोकतांत्रिक मूल्यों तथा मानवता के प्रति साझा जिम्मेदारी उन्हें एक सूत्र में बांधती है। बिरला ने कहा कि ब्रिक्स की वास्तविक शक्ति इस विविधता को साझा उद्देश्य और सामूहिक प्रगति में बदलने की क्षमता में निहित है।

पंजाब में भगवंत मान सरकार के शासन में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हुई: भाजपा

पंजाब में हत्याएं, ड्रग्स और अपराध बेलगाम हैं, जनता असुरक्षित है और भगवंत मान सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही: भाटिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में अपराध, ड्रग्स और आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं तथा सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। भाटिया ने एफआईआर, धाराओं, गिरफ्तारियों और मुख्यमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए जनता की सुरक्षा के प्रति सरकार की जवाबदेही मांगी। भाटिया ने कहा कि हर दिन अखबार खोलिए या टेलीविजन पर समाचार देखिए, तो पंजाब से अपराध की खबरें आती हुई दिखाई देंगी। हत्या, ड्रग्स और आत्महत्या जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। भगवंत मान की सरकार अपराधियों और हत्यारों को संरक्षण देती है, जबकि पीड़ित और प्रताड़ित कोई है, तो वह पंजाब की जनता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि हम आपके समक्ष पिछले 24 से 36 घंटों में हत्या की तीन दुखद घटनाओं का उल्लेख कर रहे हैं। पंजाब में नागरिकों की दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं। पहली घटना जिला मोगा की है, जहां हथियारों से लैस हत्यारे एक काली स्कॉर्पियो में आते हैं और दो युवाओं पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हैं। इस घटना में दोनों युवाओं की हत्या कर दी जाती है और कई अन्य लोग भी घायल होते हैं। सामने आई खबरों के अनुसार, पंजाब में अराजकता का आलम यह है कि इस काली स्कॉर्पियो पर नंबर प्लेट तक नहीं थी और अवैध हथियारों से दिनदहाड़े गोलियां चलाई जा रही हैं। दो लोगों की हत्या कर दी जाती है, लेकिन भगवंत मान चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जहां जिम्मेदारी निभाने की बात आती है, वहां भगवंत मान भाग जाते हैं। इसलिए उन्हें 'भागवंत मान' कहना चाहिए। क्या इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई? किन धाराओं में मामला दर्ज हुआ? कितनी गिरफ्तारियां हुईं? क्या उन्होंने इस घटना पर कुछ कहा है? इसका उत्तर है - नहीं। हम बड़े भारी मन से कहते हैं कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के पास विदेशी यात्राओं पर जाने का समय है, महंगी-महंगी विदेशी वस्तुएं खरीदने का समय है, लेकिन पंजाब की जनता, जिसकी सेवा करना उनका दायित्व था, उसकी हत्याएं हो रही हैं और अराजक अपराध पार्टी के मुख्यमंत्री चुप बैठे हैं।

जज ने 16 मिनट में फैसला सुनाया

शाह मानहानि केस में 8 साल बाद राहुल गांधी किए गए बरी

एजेंसी ⏭ सुल्तानपुर

अगस्त 2018 में यूपी के सुल्तानपुर में दर्ज हुए केस का फैसला 26 अक्टूबर 2026 को आया है। कोर्ट ने राहुल को बरी कर दिया है और उनके बयान को अपमानजनक नहीं माना है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने भाजपा नेता को फटकार भी लगाई और कहा कि झूठी वाहवाही पाने के लिए इस तरह के मुकदमे दायर नहीं करने चाहिए। ऐसे मामलों से अदालत का कीमती समय बर्बाद होता है। मामले दायर करने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। बता दें, 8 मई 2018 को राहुल गांधी ने बेंगलुरु में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अमित शाह का नाम लिए बिना कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हत्या के एक मामले में आरोपी रहे हैं।

आगरा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में लापरवाही पर चुनाव आयोग सख्त, छह अधिकारी निलंबित करने के निर्देश

दो मतदान केंद्रों पर निगरानी और नियंत्रण में चूक का मामला, अन्य मतदानकर्मियों व पुलिसकर्मियों पर भी होगी कार्रवाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आगरा खंड शिक्षक निर्वाचन सीट के द्विवार्षिक चुनाव में पुनर्मतदान के दौरान लापरवाही बरतने के मामले में भारत निर्वाचन आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने मतदान केंद्र संख्या 21 और 26 पर पर्यवेक्षण और नियंत्रण में गंभीर चूक के लिए 6 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया है। साथ ही, अन्य मतदान अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने को कहा है।

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों ने मतदान केंद्रों और उनके आसपास प्रभावी निगरानी तथा उचित नियंत्रण सुनिश्चित नहीं किया। आयोग ने इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। आयोग के निर्देश के अनुसार, मतदान केंद्र संख्या 21, क्षेत्र पंचायत कार्यालय सैंया, कक्ष संख्या-1 पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी ओपी चक, क्राइम ब्रांच के सेक्टर पुलिस अधिकारी निरीक्षक हरिशरण सिंह और एत्माद्दौला थाने के उपनिरीक्षक संदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएगा। इसी तरह, मतदान केंद्र संख्या 26, क्षेत्र पंचायत कार्यालय फतेहाबाद, कक्ष संख्या-1 पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी विशाल राठौर, अतिरिक्त निरीक्षक पुरुषोत्तम पाल और एकता थाने के उपनिरीक्षक सुमित त्यागी को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को इन छह अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने से पहले उसका मसौदा 10 दिनों के भीतर आयोग को अनुमोदन के लिए भेजने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, दोनों मतदान केंद्रों पर तैनात पांच अन्य मतदान अधिकारियों और 16 पुलिसकर्मियों के खिलाफ आगरा के मंडलायुक्त की 25 अक्टूबर की रिपोर्ट में दर्ज निष्कर्षों और सिफारिशों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाएगी। आयोग ने इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट तत्काल भेजने को भी कहा है। निर्वाचन आयोग का यह निर्देश उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जारी पत्र के माध्यम से दिया गया है, जिस पर आयोग के सचिव सुमन कुमार दास के हस्ताक्षर हैं।

तकनीक मानवता की सेवा करे: उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन

एजेंसी ⏭ विजयवाड़ा

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में अधिक निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी गंभीर चुनौतियों का समाधान करने और चिकित्सा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रभावी उपयोग जरूरी है। विजयवाड़ा में डॉ. एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के रूबी जुबली समारोह में कहा कि तकनीक का उद्देश्य मानवता की सेवा करना होना चाहिए और स्वास्थ्य सेवा के मूल में करुणा बनी रहनी चाहिए। चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में निवेश बढ़ाकर स्वास्थ्य क्षेत्र की गंभीर चुनौतियों से निपटने की क्षमता विकसित की जा सकती है। उन्होंने तकनीकी प्रगति के साथ मानवीय संवेदनाओं और करुणा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने डॉक्टरों से नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

ब्रह्माकुमारी संस्था की 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और विश्व कल्याण का प्रतीक

ब्रह्माकुमारी संस्था का महिला नेतृत्व मोदी के 'वुमेन लेड डेवलपमेंट' के संकल्प को साकार कर रहा है: नितिन नवीन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को राजस्थान में ब्रह्माकुमारी के आध्यात्मिक नेतृत्व के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। और ब्रह्माकुमारी संस्था गौरवशाली यात्रा के अवसर पर समाज कल्याण, आध्यात्मिक जागृति, महिला नेतृत्व और नशामुक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। नवीन ने संस्था के वैश्विक योगदान की सराहना करते हुए युवाओं में मूल्य शिक्षा, सेवा और संस्कारों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा वर्ष 2029 तक नशामुक्त भारत बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, राजयोगिनी मोहिनी दीदी, राजयोगी डॉ. बी. के. मृत्युंजय, राजयोगिनी बी. के. शुक्ला दीदी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

नवीन ने कहा कि आज इस नव-दशोत्सव की 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के साक्षी और इस मिशन के लिए समर्पित होकर कार्य करने वाली ब्रह्माकुमारी दादी जी को मैं सबसे पहले नमन और प्रणाम करता हूं। उन्होंने अपना जीवन इस मिशन के लिए समर्पित किया। भले ही वे आज शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। जब हम 'ओम शांति' शब्द का उच्चारण करते हैं, तो हमारे मन में शांति का भाव होना चाहिए। यही शांति हमें शक्ति प्रदान करती है और इसी ऊर्जा के साथ हम विश्व कल्याण के लिए आगे बढ़ते हैं। 1936 में प्रारंभ हुई यह यात्रा विभाजन की त्रासदी के बावजूद अनवरत जारी रही है।

वर्ष 1950 से माउंट आबू, अर्बुदांचल की पवित्र तपोभूमि, को आपने पूरी तरह योग और साधना की भूमि बनाया है। आज यह केंद्र 140 से अधिक देशों में कार्य कर रहा है और 5,000 से अधिक सेवा केंद्र भारतीय सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। नवीन ने कहा कि मन की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है। मन ही बंधन और मुक्ति, दोनों का कारण है। अपने भीतर की शक्ति को ऊर्जा देने के लिए 'मैं' यानी अहंकार के भाव को हटाकर 'हम' का भाव जागृत करना होगा।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1.राधेश्याम, पिता: नानू राम, 2.बिंदिया, पत्नी: राधेश्याम, निवासी: बी–1/234, सुल्तान पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 795/2018, Dated: 07.10.2018, U/s: 451/354A/354B/354/ 509/506 IPC, पुलिस थाना सुल्तान पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.राधेश्याम, 2.बिंदिया** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1.राधेश्याम, 2.बिंदिया** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सुल्तान पुरी, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1.राधेश्याम, 2.बिंदिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.12.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नेहा गोयल
एमएम, महिला न्यायालय, उत्तर–पश्चिम,
ग्राउंड फ्लोर, कमरा नंबर 18
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15334/OD/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपिका सेठी पत्नी: सिद्धार्थ सेठी पता: मकान नं. 285, दूसरी मंजिल, ग्राम सभा, पूठ कलां, नई दिल्ली–110086** ने case **FIR No. 462/2018 U/s 420/34 IPC, थाना: बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपिका सेठी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपिका सेठी** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 462/2018 U/s 420/34 IPC, थाना: बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपिका सेठी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 03.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा प्रसाद
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14436/RD/2026 (Court Matter)

खबर संक्षेप

धनलक्ष्मी बैंक के लाभ में दोगुने से अधिक वृद्धि



नई दिल्ली। केरल स्थित निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक का चालू 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 48.55 करोड़ रुपये रहा है। 2025-26 की सितंबर तिमाही में बैंक ने 23.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। 2026-27 की दूसरी तिमाही में बैंक की ब्याज आय 23 प्रतिशत बढ़कर 471 करोड़ रुपये हो गई।

जेके टायर के लाभ में 71 फीसदी की गिरावट



नई दिल्ली। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 71.3 प्रतिशत घटकर 65.11 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, इस दौरान कंपनी के राजस्व में दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की गई। सूचना में कहा कि उसे पिछले वित्तवर्ष की समान तिमाही में 226.89 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

अधिकारियों ने कहा- रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा

माल ढुलाई लागत बढ़ने से रूसी कच्चे तेल की खरीद घटाएगी बीपीसीएल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को नवंबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद घटने की आशंका है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि माल ढुलाई की बढ़ती लागत से रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा है, जबकि पश्चिम एशिया से तेल खरीदना व्यावसायिक रूप से अधिक लाभ का सौदा हो गया है। कंपनी के निदेशक (वित्त) वेत्सा रामकृष्ण गुप्ता ने कंपनी के तिमाही नतीजों की घोषणा के मौके पर विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा, ''हमें पूरी मात्रा मिल रही है, लेकिन कुछ चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि माल ढुलाई की ऊंची लागत के कारण नवंबर में रूसी कच्चे तेल की खेप में काफी कमी आई है।

जुलाई-सितंबर में 37 फीसदी तेल रूस से खरीदा

बीपीसीएल ने जुलाई-सितंबर तिमाही में अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का करीब 37 प्रतिशत रूस से खरीदा था। वैश्विक तनाव के कारण समुद्री परिवहन मार्गों में व्यवधान आने और माल ढुलाई तथा बीमा लागत बढ़ने के बीच कंपनी ने कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों में विविधता लाना जारी रखा है।

दिसंबर में रूस से तेल खरीदना फायदेमंद हो सकता है

हालांकि, उन्होंने कहा कि कंपनी ने अपनी रिफाइनरी का परिचालन जारी रखने के लिए पर्याप्त कच्चे तेल की व्यवस्था कर ली है। गुप्ता ने बताया कि अक्टूबर में रूसी कच्चे तेल की कीमत मानक कीमत से 12-13 डॉलर प्रति बैरल अधिक थी, जो हाल में घटकर करीब 1-2 डॉलर प्रति बैरल के प्रीमियम पर आ गई है। ऐसे में दिसंबर में रूस से तेल खरीदना आर्थिक रूप से अधिक फायदेमंद हो सकता है।

- नवंबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद घटने की आशंका
- बढ़ती लागत से रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा
- पश्चिम एशिया से तेल खरीदना अधिक लाभ का सौदा हो गया



प्रत्येक खेप की खरीद लागत अलग होती है

कंपनी को अक्टूबर और नवंबर में भी पश्चिम एशिया से अधिक मात्रा में कच्चा तेल मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है और प्रत्येक खेप की खरीद की लागत माल ढुलाई, बीमा तथा आपूर्ति की शर्तों के आधार पर अलग-अलग होती है।

रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव पड़ा

गुप्ता के अनुसार, स्रोत और आपूर्ति मार्ग के आधार पर बीपीसीएल की कच्चे तेल की औसत पहुंच लागत मानक कीमत से करीब 10-12 डॉलर प्रति बैरल अधिक रही। कच्चे तेल की माल ढुलाई लागत बढ़ी है, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई लागत में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हुई है। इससे रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव पड़ा है।

सऊदी अरब से आपूर्ति में सुधार

गुप्ता ने कहा कि तिमाही के दौरान सऊदी अरब से आपूर्ति में सुधार के बाद कंपनी ने पश्चिम एशिया से खरीद बढ़ाई है। हालांकि, इराक और कुवैत से आपूर्ति अभी पूरी तरह सामान्य स्तर पर नहीं लौटी है। बीपीसीएल को अक्टूबर और नवंबर में पश्चिम से अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में कच्चा तेल मिलने की उम्मीद है।

केंद्र सरकार राजकोषीय घाटा कम करने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ तिरुचिरापल्ली



- वित्त मंत्री ने कहा, कर्ज जीडीपी के 50 फीसदी तक सीमित रखने का लक्ष्य
- केंद्र सरकार कर्ज घटाने के लिए लगातार कदम उठा रही

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार राजकोषीय घाटा कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और 2030 तक देश का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 50 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य है।

सीतारमण ने कहा कि सरकार के सालाना बजट में राजकोषीय घाटा कम करने की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। केंद्र सरकार का कर्ज घटाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी कर्ज प्रबंधन के प्रति भारत के अनुशासित रुख को स्वीकार किया है। वित्त मंत्री ने देश के कर्ज से जुड़ी चिंताओं पर कहा कि कोविड महामारी के बाद से सभी देशों को कर्ज से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने महंगाई पर नियंत्रण के बारे में कहा कि 2014 से ही मंत्रियों का एक समूह कीमतों को स्थिर रखने के लिए आपूर्ति श्रृंखला के बेहतर प्रबंधन पर काम कर रहा है। सीतारमण ने चावल के निर्यात पर पाबंदी जैसे कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे घरेलू उपभोक्ताओं को कीमतों में बढ़ोतरी से बचाने के साथ किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने में भी मदद मिली। सीतारमण ने प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के प्रयासों पर कहा कि सरकार इस दिशा में कई कदम उठा रही है।

तमिलनाडु के बढ़ते कर्ज पर चिंता व्यक्त

वित्त मंत्री ने राज्यों की वित्तीय स्थिति, खासकर तमिलनाडु के बढ़ते कर्ज पर पूर्व वित्त मंत्री थंगम थेन्नारासु की चिंताओं पर कहा कि ऐसे मुद्दों पर राज्य विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी टीवीके की तरफ से पिछली द्रमुक सरकार के पूर्व मंत्रियों के खिलाफ दर्ज मामलों को राज्य का विषय बताया।

सोना 200 रुपये मजबूत, चांदी स्थिर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। रुपये में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में मामूली सुधार से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत (सभी करों सहित) 2,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। इससे पहले इसमें लगातार तीन कारोबारी सत्रों में गिरावट दर्ज की गई थी। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई।



एमनील ने अहमदाबाद में खोला नया ऑफिस सहयोग और वैश्विक संचालन को मिलेगा बढ़ावा

अहमदाबाद। अमेरिका स्थित वैश्विक बायोफार्मास्युटिकल कंपनी, एमनील फार्मास्युटिकल्स, इंक. नैस्डैकः एएमआरएक्स एमनियल या कंपनी ने आज अहमदाबाद में अपने नए प्रशासनिक कार्यालय का उद्घाटन किया, जो भारत में इसकी टीमों का समर्थन करेगा और इसके वैश्विक कारोबार में सहयोग को मजबूत करेगा। इस नए ऑफिस में लगभग 135 करोड़ रुपये 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रोजेक्ट निवेश किया गया है। अहमदाबाद के क्लिंथा रोड पर स्थित, यह नया ऑफिस लगभग 3.35 लाख वर्ग फुट में फैला है और इसमें लगभग 1,200 कर्मचारी काम कर सकेंगे। एमनील के को-फाउंडर एंड को-चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, चिराग पटेल ने कहा अहमदाबाद का यह नया ऑफिस उन लोगों और क्षमताओं में एमनील के निरंतर निवेश को दर्शाता है जो इसके वैश्विक व्यापार का समर्थन करते हैं। एमनील के को-फाउंडर एंड को-चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, चिंटू पटेल ने कहा भारत में हमारे सहयोगी एमनील के रिसर्च, डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग और बिज़नेस ऑपरेशंस को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

लकी ड्रॉ पुरस्कार जीतने का मौका

सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किया 'धनतेरस शगुन'

नई दिल्ली। धनतेरस के आगमन के साथ ही सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने विशेष फेस्टिव ऑफर 'धनतेरस शगुन' की घोषणा की है। यह ऑफर वर्ष के इस शुभ अवसर पर सोना और आभूषण खरीदने की पारंपरिक परंपरा का उत्सव मनाता है। यह ऑफर 26 अक्टूबर से 8 नवंबर 2026 तक सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के सभी शोरूम में उपलब्ध रहेगा। भारतीय परिवारों में धनतेरस का विशेष महत्व है। इस अवसर पर सोने की खरीदारी को समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस अभियान के माध्यम से सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स का उद्देश्य ग्राहकों को त्योहारों के दौरान आभूषणों की खरीदारी का अधिक लाभ देना और उन्हें अपने विविध आभूषण संग्रहों को देखने का अवसर प्रदान करना है।

फेस्टिव ऑफर के तहत सोने के आभूषणों पर प्रति 10 ग्राम 14,000 रुपये तक की छूट



सुवंकर सेन सीईओ एवं प्रबंध निदेशक सेन्को गोल्ड लिमिटेड

तीन सरकारी कंपनियों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने जा रही मोदी सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में तीन सरकारी कंपनियों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसीएल) और कोल इंडिया की दो सहायक कंपनियां महानदी कोलफील्ड्स (एमसीएल) और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एसईसीएल) शामिल हैं।

इसके अलावा सरकार दूसरा पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) भी लांच करने की तैयारी में है। इससे निवेशकों को सरकारी कंपनियों में निवेश के नए विकल्प मिल सकते हैं। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट (दीपम) के सचिव अरुणिश चावला ने मीडिया को बताया कि सरकार इन तीनों कंपनियों को शेयर मार्केट में एंट्री कराने की तैयारी कर रही है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्सः छत्तीसगढ़ और मप्र में बड़ा कारोबार

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) भी कोल इंडिया की सहायक कंपनी है। इसका कारोबार मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में फैला है। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 17.63 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया और करीब 4,755 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट कमाया। कंपनी की प्रमुख खदानों में गेवरा, कुसमुंडा और दीपका शामिल हैं। सरकार ने इसकी लिस्टिंग की तैयारी शुरू कर दी है और सलाहकारों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई गई है। इस कंपनी के आईपीओ के जरिए निवेशकों को कोल इंडिया के कारोबार में सीधे एक अलग कंपनी के शेयर खरीदने का अवसर मिल सकता है।

तीनों कंपनियों के आईपीओ लाने का कारण

सरकार इस साल पहले से शेयर बाजार में लिस्ट कंपनियों की हिस्सेदारी बेचने यानी ओएफएस के जरिए काफी रकम जुटा चुकी है। अब उसकी योजना नई सरकारी कंपनियों को बाजार में लाकर निवेशकों को निवेश के नए विकल्प देने की है। दीपम सचिव के मुताबिक, सरकार पहले से चल रहे हिस्सेदारी बिक्री के सौदों के साथ दो-तीन बड़ी लिस्टिंग पर ध्यान दे रही है।

आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट का लाभ बढ़कर 918 करोड़

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 918.70 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 17.82 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 860.86 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 113.23 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कंपनी ने 884.11 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसे 44.90 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी / धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि उर्फ दीपक, पुत्र विनोद कुमार, पता मकान नंबर सी–7, गली नंबर 8, शालीमार बाग, दिल्ली** ने **ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 80057599/2024 धारा 379/356/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः मौर्य एन्कलेव, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि उर्फ दीपक** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि उर्फ दीपक** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 80057599/2024 धारा 379/356/411/34 भा.द.स. के तहत थाना मौर्य एन्कलेव, दिल्ली के उक्त रवि उर्फ दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो। आदेशानुसार

अनुराधा जिंदल
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कोर्ट नं.101, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15316/NW/2026

भारतीय कंपनियों पर 'बैकडोर' मालवेयर हमले बढ़े

नई दिल्ली। भारत में छोटी और मझोली कंपनियों की कंप्यूटर प्रणाली पर 'बैकडोर' मालवेयर हमले 2026 की पहली छमाही में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 52.1 प्रतिशत बढ़े। साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। कैस्परस्की सिक्योरिटी नेटवर्क के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जून, 2026 के दौरान बैकडोर के 4.52 लाख मामले सामने आए, जबकि 2025 की पहली छमाही में इनकी संख्या 2.97 लाख थी। पिछले साल की दूसरी छमाही में ऐसे 4.08 लाख मामले दर्ज किए गए थे।

एआई एजेंट सिस्टम तक पहुंच गए थे

इसमें कहा गया था कि परीक्षण के दौर से गुजर रहे कृत्रिम मेधा (एआई) एजेंट भारतीय संगठनों के वास्तविक कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच गए थे और उन्होंने गोपनीय रिकॉर्ड पढ़े थे। प्रभावित संगठनों में से किसी को भी इस पहुंच का पता नहीं चला था। कैस्परस्की के 18 देशों के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों के बीच किए गए सर्वेक्षण में भारत भी शामिल था।

86 फीसदी एक बार हुई प्रभावित

इसमें पाया गया कि 86 प्रतिशत छोटी और मझोली कंपनियों को पिछले एक साल में कम से कम एक साइबर घटना का सामना करना पड़ा। सर्वेक्षण में शामिल 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वित्तीय नुकसान को ऐसी घटनाओं का प्रमुख परिणाम बताया। रिपोर्ट के अनुसार, रिमोट डेस्कटॉप प्रोटोकॉल (आरडीपी) के जरिये कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंचने के लिए किए गए प्रयासों की संख्या 37.38 लाख रही।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

1.	कार्य का नाम	रामकुमारपुरा खनन क्षेत्र, ग्राम रामकुमारपुरा, तहसील खेतड़ी, जिला झुंझुनूं, राजस्थान स्थित चिन्हित स्रोत से RDSO की रेलवे विनिर्देश संख्या IS/RDSO-GE/0001:2023 (फरवरी 2023) तथा नवीनतम संशोधन पर्चियों के अनुरूप 35,000 घन मीटर मशीन क्रश्ड कठोर पत्थर की ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति करना, जिसमें बैलास्ट को लीडिंग पॉइंट तक पहुँचाना तथा NWR क्षेत्र के निजामपुर/मावंडा/न्यू डावला रेलवे स्टेशनों से रेलवे के BOBYN प्रकार के वैगनों में लोड करना शामिल है। इस कार्य की दर में समस्त लागत, ठेकेदार की श्रमिक लागत, औजार, संयंत्र एवं मशीनरी, सभी प्रकार की लीड एवं लिफ्ट, कर, रॉयल्टी शुल्क एवं अन्य शुल्क सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त, बैलास्ट की स्टैकिंग हेतु आवश्यकतानुसार पहुँच मार्ग का निर्माण करना तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ करना भी सम्मिलित होगा, ताकि प्रभारी अभियंता के निर्देशानुसार कार्य पूर्ण रूप से संपन्न किया जा सके। (निविदा आमंत्रण सूचना –18–26–27–डब्ल्यू–सी)
2.	अनुमानित लागत	(1) रु. 3,17,80,350.00/–
3.	धरोहर राशि	(1) रु. 6,35,600.00/–
4.	ई–निविदा भरने का दिनांक और समय एवं ई–निविदा खुलने का दिनांक और समय	ई–निविदा भरने का समय शुरू **दिनांक 03.11.2026 को 15:00 बजे** से निविदा खुलने का समय एवं ई– निविदा खुलने का **दिनांक 18.11.2026 को 15:00 बजे** तक ।
5.	निविदा की वेबसाइट जहाँ निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

पत्र संख्याः 128–डब्ल्यू/वं.मं.अधि./सं/निविदा आमंत्रण सूचना–18–26–27–डब्ल्यूसी दिनांक : 26.10.2026 3719/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राशिफल

मेष कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

वृष कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

मिथुन आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

कर्क अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कन्या कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

तुला दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

वृश्चिक आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

धनु कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

मकर वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर 2 घंटे में समाधान



प्रेम विवाह, सौतन–दुश्मन से छुटकारा, पति–पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।

स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी

मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शेयर बाजार में सुधार, सेंसेक्स 483 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आकर्षक कीमतों पर खरीदारी तथा धातु, दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी के चलते सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 483 अंक चढ़ गया। वहीं निफ्टी 22,750 अंक के ऊपर बंद हुआ। इसके साथ ही बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 482.92 अंक की बढ़त के साथ 73,606.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 73,606.75 का उच्च स्तर और 72,514.57 का निचला स्तर छुआ। निफ्टी 153.20 अंक या 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,753.20 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार को शुरुआती नुकसान से उबरने में मूल्य आधारित खरीदारी और धातु, ऊर्जा तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों की मजबूती का समर्थन मिला। हालांकि, कच्चे तेल के ऊंचे दाम, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और प्रमुख केंद्रीय बैंकों के नीतिगत फैसलों के इंतजार ने बाजार की धारणा को नपा-तुला रखा।''



- चार दिन की गिरावट के बाद निफ्टी 153 अंक बढ़ा
- धातु, दूरसंचार व स्वास्थ्य सेवा कंपनियों के शेयर चढ़े

शब्द पहेली - 6390



बाएँ से दाए-
1. दयालु, उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली - 6389 का हल

	खा	दि	म				र	ह	ना
दा	द		हा	ति	म	ता	ई		क	प
न			न	ल		र	स			ना
व	च	न		स्म	र	ण		व	रा	ह
	क	ल	म		ण		नी	र	ज	
	ना		री	स		जा	ल		कु	
	चू	स	ना		प		म	हि	मा	
च	र	खा		ग	रि	मा		ना	र	द
र			त	म		य	म			ली
म	स्त		स	ला	ह	का	र		क	ल
	र	सी	ला				जी	तें	द्र	



दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, भारत ए ने न्यूजीलैंड ए पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| लिंकन

देवदत्त पडिक्कल सोमवार को भले ही विवादास्पद फैसले से दोहरे शतक से चूक गए लेकिन उनकी 199 रन की शानदार पारी से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज को लेकर चल रही बहस पर विराम लग गया। इसके साथ ही भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली।

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी ने 8 विकेट पर 488 रन बनाए हैं और उसने 284 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली पारी ने 113 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बना कर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।

अंपायर के निर्णय से पडिक्कल हैरान

पडिक्कल तब दोहरे शतक से चूक गए जब उन्हें मध्यम गति के गेंदबाज जैक गिब्सन की गेंद पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। जब अंपायर ने उंगली उठाई तो पडिक्कल हैरान रह गए और उन्होंने हाव-भाव से यह जताने की कोशिश की कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी। वे वहीं अवाक खड़े रहे और फिर डगआउट की ओर चले गए। इस मैच में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) या स्निकोमीटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है और इसलिए पडिक्कल के पास वापस जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। पडिक्कल ने अपनी पारी में 248 गेंदों में 23 चौके और 3 छक्के लगाए।

भारत ए ने तीसरे दिन 8 विकेट पर बनाए 488 रन, हासिल की 284 रन की बढ़त

न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में मजबूत की अपनी स्थिति



टेस्ट में पडिक्कल की तीसरे नंबर पर जगह पक्की

श्रीलंका में लगातार दो टेस्ट शतक लगाने के बाद पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला से पहले टीम प्रबंधन ने फिट हो चुके साई सुदर्शन को भी आजमाना चाहा, जिन्होंने प्रभावशाली 91 रन बनाए। उन्होंने पडिक्कल के साथ तीसरे विकेट के लिए 210 रन की साझेदारी की। सुदर्शन ने अपनी 184 गेंदों की पारी में 12 चौके लगाए, लेकिन दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से पडिक्कल अपने शॉट चयन और पारी को गति देने के तरीके में अधिक बेहतर नजर आए। पडिक्कल ने शॉर्ट बॉल को अच्छी तरह खेला और बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल किया, जिन्हें उन्होंने अपने तीन छक्कों में से दो छक्के मारे। अपने पहले छक्के से उन्होंने शतक भी पूरा किया।

पडिक्कल और राठौड़ की 142 रन की साझेदारी

पडिक्कल को यश राठौड़ (72 गेंदों में 66 रन) के रूप में अच्छा सहयोगी मिला। इन दोनों ने मिलकर 142 रन की साझेदारी की। पडिक्कल ने लेनोक्स की गेंद पर अपना दूसरा छक्का लॉन्ग-ऑन के ऊपर मारा और फिर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट की गेंद पर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और छक्का लगाया। जब पडिक्कल और राठौड़ आउट हुए तब भारत की बढ़त 165 थी, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 51) ने अंशुल कंबोज (23) के साथ 41 रन की साझेदारी की और फिर औकिब नबी (38) के साथ 69 रन और जोड़े।

खबर संक्षेप



गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में बनाया दबाव : ब्रैसवेल

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने मौजूदा टी20 श्रृंखला के दौरान डेथ ओवरों में उनके बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा है, जो उनकी टीम का पहला दो मैच में हार का प्रमुख कारण रहा है। ब्रैसवेल ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने हमें दबाव में रखा, खासकर गेंदबाजी करते हुए डेथ ओवरों में। इन दोनों मैच में काफी रन बने इसलिए उन्होंने एकतरफा जीत हासिल नहीं की। इस तरह के मैचों में महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होता है। भारत ने ऐसा किया और उम्मीद है कि आगे हम ऐसा करने में सफल रहेंगे।' भारतीय गेंदबाजों ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के आखिरी दो ओवरों में 26 रन दिए और दूसरे मैच के आखिरी दो ओवरों में 23 रन देकर मेजबान टीम को नियंत्रण में रखा। लेकिन ब्रैसवेल का मानना है कि न्यूजीलैंड अपना संपूर्ण प्रदर्शन करने के लगभग करीब है।

शादाब खान ने 9 विकेट गिरने के बाद पलटा मैच



लाहौर। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच वनडे मुकाबले में ऐसा रोमांच देखने को मिला, जिसने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया। 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 154 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, लेकिन शादाब खान ने आखिरी विकेट के लिए हारिस रऊफ के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया। शादाब 96 गेंदों में 113 रन बनाकर नाबाद लौटे और पाकिस्तान को एक विकेट से जीत दिला दी। शादाब की इस शानदार पारी में 13 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, हारिस रऊफ ने दूसरे छोर पर टिककर उनका साथ दिया। दोनों के बीच हुई साझेदारी ने पाकिस्तान को मुश्किल परिस्थिति से निकालकर जीत तक पहुंचा दिया।

भारत के पास गेंदबाजों के लिए अचूक योजना : मोर्कल



वेलिंगटन। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि भारत के पास गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए 'अचूक' योजना है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वैकल्पिक गेंदबाजों को भी रखने पर विचार कर रहा है, जिसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने अपने गेंदबाजों के लिए यह योजना तैयार की है ताकि उन्हें 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैचों वाले इस दौरे के व्यस्त कार्यक्रम से निपटने में मदद मिल सके।

तीसरा टी-20 आज : न्यूजीलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर और अर्शदीप पर निगाहें

सीरीज सील करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

बल्लेबाजों के दम पर पहले दो मैचों में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी, जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय रहा है। उसने विराट कोहली की अगुवाई में तब न्यूजीलैंड को 5-0 से हराया था। इसके बाद 2022-23 में अपने अगले दौरे में भारतीय टीम ने एकमात्र ऐसा मैच जीता, जो खराब मौसम से प्रभावित नहीं हुआ था, जबकि श्रृंखला का निर्णायक मैच टाई रहा था। अब श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम सुनिश्चित करना चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह (जिन्हें आराम दिया गया है) और हार्दिक पंड्या (जो लंबे समय से चोट के कारण बाहर हैं) की अनुपस्थिति के बावजूद उनका अजेय रिकॉर्ड बरकरार रहे।



न्यूजीलैंड के शीर्ष बल्लेबाजों पर दबाव

न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फिन एलन, टिम सीफर्ट और डैरिल मिचेल के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है और जैसे-जैसे श्रृंखला आगे बढ़ रही है उन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। न्यूजीलैंड की तरफ से मध्य क्रम में ग्लेन फिलिप्स ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने पहले दोनों मैच में अर्धशतक बनाया। पिछले मैच में बेवन जैकब्स ने भी अच्छी बल्लेबाजी की।

ईशान तीसरे टी20 से बाहर

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच के दौरान 28 वर्षीय किशन के दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। मोर्कल ने कहा कि वह एहतियात के तौर पर तीसरे मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। मोर्कल ने कहा, 'ईशान की स्थिति अच्छी है और वह आज अभ्यास करेगा।

भारत की चुनौती आसान नहीं

क्राइस्टचर्च में खेले गए शुरुआती दो मैचों में बड़े लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम निश्चित रूप से सही राह पर दिख रही है। भारत के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी और इसके अलावा यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना भी आसान नहीं होगा। भारतीय टीम को तीन तरफ से खुले बेसिन रिजर्व ग्राउंड पर अक्सर चलने वाली तेज हवाओं से निपटना होगा। क्या इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए अंतिम एकादश में कोई रणनीतिक बदलाव किया जाएगा, इस बारे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कोई खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर को बिना दबाव में आए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी लय हासिल करने की जरूरत है।

गौतम गंभीर की रणनीति कारगर

यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन हवा और ठंड के उतार-चढ़ाव से कैसे निपटते हैं। सूर्यवंशी के लिए इस तरह की परिस्थितियां निश्चित रूप से उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मददगार साबित होंगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की तिलक वर्मा, नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी को मध्य क्रम में इस्तेमाल करने की रणनीति पहले दो मैचों में कारगर साबित हुई है। लेकिन गेंदबाजी के मामले में भारत अभी अपनी कमियों को दूर नहीं कर पाया है।

फिशर-टिकनर न्यूजीलैंड टीम में शामिल

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की अनुपस्थिति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। न्यूजीलैंड ने इन दोनों की जगह पर मैट फिशर और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30

चोल शतरंज ओपन

32 ग्रैंडमास्टर लेंगे हिस्सा 30 अक्टूबर से टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के सूर्य शेखर गांगुली, लियोन ल्यूक मेंडोंका और दिमित्रिस एलेक्साकिस सहित देश-विदेश के कई दिग्गज ग्रैंडमास्टर 30 अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले चोल चेस ओपन इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

8 दिन तक चलने वाली यह प्रतियोगिता 7 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें फिडे रेटिंग प्राप्त 80 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 32 ग्रैंडमास्टर शामिल हैं। इनमें 20 भारतीय और अन्य शतरंज महासंघों का प्रतिनिधित्व करने वाले 12 ग्रैंडमास्टर होंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों की रेटिंग 2250 या उससे अधिक है जबकि इनमें से 75 खिलाड़ियों के पास फिडे खिताब हैं। लगभग 2400 ईएलओ की औसत रेटिंग के



साथ यह टूर्नामेंट भारत में आयोजित होने वाली सबसे मजबूत ओपन शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक बनने की उम्मीद है।

बैडमिंटन

आज से हाइलो ओपन, सिंधु और लक्ष्य पर भारतीय उम्मीदें



एजेंसी ▶▶| सारब्रकेन

फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू होने वाले 5 लाख डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने पर होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था और इसके बाद पेरिस में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधु महिला एकल के पहले दौर में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन से भिड़ेंगी।

लक्ष्य का सामना जोकिम ओल्डोर्फ से

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से होगा जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी की भिड़ंत चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगी। एचएस प्रणय को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लेनियर से होगा। किरण जॉर्ज का सामना मलेशिया के वियाम जून वेई से होगा जबकि थारुन मान्नेपल्ली की भिड़ंत फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से होगी।

मिडफील्डर मनप्रीत टूर्नामेंट से बाहर, सागर को मौका

आज से एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

जालंधर। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 से ठीक पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को झटका लगा है। अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ट्रेनिंग के दौरान पिंडली में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर विवेक सागर प्रसाद को टीम में शामिल किया गया है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की शुरुआत मंगलवार से होगी, जिसमें भारत अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रहा है। खिताब के लिए भारत के अलावा मलेशिया, जापान, चीन, साउथ कोरिया और बांग्लादेश की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

भारत का पहला मैच बांग्लादेश से

भारत अपना पहला लीग मैच 27 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद भारत का मुकाबला चीन (29 अक्टूबर), जापान (30 अक्टूबर), मलेशिया (1 नवंबर) और साउथ कोरिया (2 नवंबर) से होगा। जालंधर में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले लीग चरण के बाद, टूर्नामेंट मोहाली के 'ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम' में शिफ्ट हो जाएगा। यहां 4 और 5 नवंबर को सेमीफाइनल और मेडल के लिए मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के इस नौवें संस्करण में हिस्सा लेने वाली टीमों में से, भारत (जिसने रिकॉर्ड पांच बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है) के अलावा केवल साउथ कोरिया ने यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

रणजी ट्रॉफी : गोल्डन डक पर आउट पोरेल, मुश्किल में बंगाल की टीम

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

मंगलपुरम स्थित केसीए क्रिकेट ग्राउंड पर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मुकाबले में बंगाल की टीम मुश्किल में नजर आई।

केरल के खिलाफ बारिश से बाधित और चुनौतीपूर्ण पहले दिन बंगाल के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट (गोल्डन डक) हो गए। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी केरल की टीम ने शुरुआती नमी का पूरा फायदा उठाया और पोरेल के विकेट के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।



आदित्य सरवटे ने बिगाड़ा खेल

बंगाल के लिए सलामी बल्लेबाज अंकुर पॉल ने 66 रनों की जुझारू पारी खेलकर टीम को संभाला था। लेकिन इसके बाद केरल के स्टार स्पिनर आदित्य सरवटे ने मैच का पासा पलट दिया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने उतरे पोरेल से पारी संभालने की उम्मीद थी, लेकिन सरवटे ने अपनी पहली ही गेंद पर उन्हें चकमा देकर कैच आउट करा दिया। सरवटे की घातक फिरकी के सामने बंगाल का मिडिल ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और उन्होंने दिन का खेल खत्म होने तक 38 रन देकर 3 अहम विकेट झटके।

रोमांचक मुकाबले में बार्सिलोना को 2-1 से चटाई धूल

एमबाप्पे ने मैड्रिड के लिए पूरे किए 100 गोल

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

ला लीगा के मुकाबले में रियल मैड्रिड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एफसी बार्सिलोना को 2-1 से शिकस्त दी। मैड्रिड के जीत के नायक किलियन एमबाप्पे रहे, जिन्होंने इस मुकाबले में 2 गोल दागते हुए क्लब की ओर से अपने 100 गोल भी पूरे किए।

मैच की शुरुआत जूड बेलिंगहम के शानदार खेल से हुई। उन्होंने बेहतरीन तरीके से गेंद को घुमाते हुए अर्दा गुलेर को पास दिया, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। इसके बाद किलियन एमबाप्पे ने चतुराई दिखाते हुए गेंद को पाउ कुबारसी के पास से निकाल दिया, जिससे मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।



पहले हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा

पहले हाफ में रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को ज्यादा मौके नहीं दिए और उसके हमलों को अच्छी तरह रोके रखा। मैड्रिड के 1-0 की बढ़त लेने से पहले अर्दा गुलेर को भी दो अच्छे मौके मिले थे। मैच के सिर्फ चार मिनट बाद उनका पहला शॉट गोल पोस्ट से कुछ सेंटीमीटर दूर निकल गया। 14 मिनट बाद उन्हें दूसरा मौका मिला, जिसे जोन गार्सिया ने बचा लिया। 41वें मिनट में मैड्रिड की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए गोल का सूखा खत्म किया। यान डायोमांडे ने एक बेहतरीन क्रॉस दिया। हालांकि, गेंद को क्लियर करने की कोशिश में जेरार्ड मार्टिन से टकराकर गेंद एमबाप्पे के पास चली गई, जिन्होंने अपनी दाएं पैर से उसे गोल में पहुंचा दिया।

मोरिन्हो की टीम ने किया 'एल क्लासिको' अपने नाम

88वें मिनट में जोस मोरिन्हो की टीम ने एक शानदार मूव के जरिए 'एल क्लासिको' अपने नाम कर लिया। इसकी शुरुआत जूड बेलिंगहम के बेहतरीन रूलेट मूव से हुई। उन्होंने गेंद अर्दा गुलेर को दी, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। कामाविंगा ने पाउ कुबार्सी को चकमा देते हुए गेंद किलियन एमबाप्पे तक पहुंचाई। एमबाप्पे ने बिना गलती किए गेंद को गोल में डाल दिया और रियल मैड्रिड के लिए अपने 100 गोल पूरे कर लिए। इस गोल के बाद मैच के अंतिम क्षणों तक मैड्रिड ने अपनी बढ़त बनाए रखी। आखिरकार टीम ने कैंप नोउ में 2-1 की जीत दर्ज करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए।

सीमा पर तनाव को लेकर चीन ने तोड़ी चुप्पी कहा- 'शांति और स्थिरता' बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमने-सामने की स्थिति की खबरों के बाद चीन ने प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत से सीमा संबंधी समझौतों और सहमतियों को लागू करने तथा शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं। वहीं, भारत ने कहा है कि सीमा पर स्थिति तब बिगड़ती है, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करते। दोनों देश तनाव कम करने के लिए संवाद जारी रखे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने गुरुवार को कहा था कि सीमा पर तैनात आईटीबीपी के शौर्य कमांडो ने इन परिस्थितियों से निपटने में बेहतर काम किया है। कपूर के बयान के बाद अरुणाचल प्रदेश में तनाव की स्थिति को लेकर चीन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उसने भारत से सीमा समझौतों को लागू करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की।

अरुणाचल में सैनिकों के बीच टकराव की स्थिति आए दिन बनती है...

भारत का आरोपः चीनी सैनिकों के गश्त के तय तरीकों से हटने पर बिगड़ती है स्थिति

दोनों ही देश के बीच लंबित मुद्दों के समाधान के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं

एलएसी की समझ बढ़ाने और गलत आकलन से बचने के उपायों पर चर्चा

चीन की अपीलः सीमा समझौतों का पालन करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने पर दिया जा रहा जोर, आगे ही प्रयास होंगे

समझौतों और सहमतियों को बीजिंग सख्ती से करता है पालन : चीन


गुओ जियाकुन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन ने दोनों देशों के बीच हुए समझौतों और अहम सहमतियों का लगातार और सख्ती से पालन किया है। उन्होंने कहा, चीन सीमा पर क्षेत्रीय संप्रभुता और स्थिरता बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियां करता है। उन्होंने चीन-भारत सीमा पर एक बार फिर आमने-सामने की स्थिति बनने की खबरों पर यह बयान दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ऐसी घटनाएं तब होती हैं, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों से हटकर काम करते हैं। गुओ ने कहा, चीन और भारत राजनयिक और सैन्य माध्यमों से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, चीन को उम्मीद है कि भारत भी इसी दिशा में काम करेगा। दोनों देश मिलकर आपसी सहमतियों को लागू करेंगे। साथ ही, सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

चीनी सेनाएं तय तरीकों का पालन नहीं करतीः

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन के साथ सीमा पर आमने-सामने की स्थिति के सवाल पर कहा था, जहां तक इस मामले की खास जानकारी का सवाल है, मैं आपको रक्षा मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहूंगा। जैसा कि हम पहले भी बता चुके हैं, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करती हैं। उन्होंने आगे कहा, दोनों देश लंबित मुद्दों को सुलझाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गलतफहमी व गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं का इस्तेमाल जारी रखे हुए हैं। दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए उपयुक्त क्षेत्रों में एलएसी की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। मैं इस बात पर भी जोर देना चाहूंगा कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों के आपसी संबंधों के समग्र विकास के लिए जरूरी है।


जायसवाल

खबर संक्षेप

भारत आएगा यूक्रेन में मारे गए सुदर्शन का शव

हैदराबाद। यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में मारे गए तेलंगाना निवासी अविलाला सुदर्शन गौड़ का पार्थिव शरीर 31 अक्टूबर तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। उनकी पत्नी वी. भार्गवी पिछले 2 महीने से शव वापस लाने के लिए सरकारी अधिकारियों से गुहार लगा रही थीं। सीएम के प्रवासी प्रजावाणी कार्यक्रम में शिकायत के बाद प्रक्रिया तेज हुई।



ब्रह्मपुत्र में बढ़ सकता है बाढ़ का खतरा

बीजिंग। चीन के शोधकर्ताओं ने इस सदी में ब्रह्मपुत्र नदी के जलप्रवाह में वृद्धि की आशंका जताई है, भारत और बांग्लादेश में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। इस चेतावनी ने तिब्बत में चीन की प्रस्तावित 168 अरब डॉलर की मेगा बांध परियोजना के संभावित प्रभावों पर चिंता बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पेड़ों के छल्लों के आंकड़ों के आधार पर 1325 से 2020 तक नदी के जलप्रवाह का ऐतिहासिक आकलन किया ।



समूह देशों के रक्षा मंत्रियों संग होंगी भारत के रक्षा मंत्री की द्विपक्षीय बैठकें

फिलीपींस में आसियान के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का नेतृत्व करेंगे राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर क्षेत्र (आईपीआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के दौर में फिलीपींस की पहली राजधानी रहे सेबू द्वीप में 13 वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारत के प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह बैठक दो दिवसीय होगी यानी 28 से शुरू होकर 29 अक्टूबर को इसका औपचारिक रूप से समापन हो जाएगा।

बैठकों में इन मुद्दों पर रहेगा जोर

अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में भारत के रक्षा मंत्री की आसियान के अपने कई अन्य समकक्ष रक्षा मंत्रियों के साथ अलग से द्विपक्षीय बैठकें होंगी। जिसमें अमेरिका, चीन के रक्षा मंत्री भी शामिल हो सकते हैं। इन उच्च-स्तरीय वार्ताओं में संबंधित देश के साथ नई दिल्ली के रक्षा संबंधों की समीक्षा करेंगे और साझा हितों वाले क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। बातचीत में रणनीतिक साझेदारियों को भविष्य में और अधिक सुदृढ़ बनाने के उपायों पर



भी चर्चा की जाएगी। वहीं, एडीएमएम-प्लस की इस बैठक में राजनाथ सिंह अपने संबोधन के दौरान 'क्षेत्रीय-अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान' विषय पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करेंगे।

2010 में हुई एडीएमएम की पहली बैठक

भारत 1992 से आसियान का संवाद साझेदार बना है। जबकि एडीएमएम-प्लस की पहली बैठक 12 अक्टूबर 2010 को वियतनाम के हनोई में हुई थी। इसके अलावा 2017 से समूह के मंत्री, आसियान, प्लस देशों के मध्य रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सालाना आधार पर बैठक कर रहे हैं। एडीएमएम, समूह में रक्षा संबंधी परामर्श तथा सहयोग का सर्वोच्च तंत्र है। जिसे ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ-पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, वियतनाम सहित आसियान के 8 संवाद साझेदारों के लिए रक्षा सहयोग को सुदृढ़ बनाने के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी देखा जाता है।

पूर्व की ओर देखो नीति का जिक्र जरूरी

मंत्रालय ने बयान में ये भी स्पष्ट किया कि मौजूदा वर्ष 2026 में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस की अध्यक्षता फिलीपींस संभाल रहा है। जिसके तहत यह बैठक आयोजित की जा रही है। भारत इस व्यवस्था में वर्ष 2024-2027 के कार्यकाल के लिए मलेशिया के साथ आतंकवाद रोधी विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता कर रहा है। समूह तंत्रों में सक्रिय भागीदारी, पूर्व की ओर देखो नीति के मुताबिक दक्षिण-पूर्व एशिया में बढ़ते रक्षा कूटनीतिक संबंधों को रेखांकित करती है। इसका उद्देश्य आखिरकार शांति, स्थिरता और सामूहिक विकास को सुनिश्चित करना है।

चीन, अमेरिका के रक्षा मंत्री से होगी मुलाकात

रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, समूह की मुख्य बैठक से इतर होने वाली द्विपक्षीय बैठकों में सबकी नजरें भारत और चीन तथा भारत और अमेरिका के रक्षा मंत्रियों के बीच होने वाली बैठकों पर टिकी रहेंगी। क्योंकि बीते वक्त में दोनों देशों के साथ नई दिल्ली के संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। चीन की चर्चा यहां इसलिए जरूरी हो जाती है। क्योंकि हाल ही में आईटीबीपी महानिदेशक द्वारा अरुणाचल प्रदेश में एलएसी से लगे सीमाई इलाकों में भारत-चीन की सेनाओं के बीच सैन्य झड़प जारी रहने का एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा किया गया है। ऐसे में यह पहला मौका होगा। जब सेबू में दोनों रक्षा मंत्रियों की प्रत्यक्ष रूप से आमने- सामने की मुद्रा में मुलाकात होगी। इस बैठक में संभवतः अरुणाचल में सेनाओं की झड़प वाले मामले को भी शामिल किया जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर इन दिनों टैरिफ, व्यापार समझौते को लेकर भारत-अमेरिका संबंध भी पेचीदा बने हुए हैं। जिसे देखते हुए फिलीपींस में होने वाली भारत-अमेरिकी रक्षा मंत्रियों की बैठक अहम हो जाती है।

फारूक अब्दुल्ला के बयान भड़के लोग कहा

माफी मांगें या पाकिस्तान चले जाएं एनएसए के तहत कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पाकिस्तान को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान के बाद सोमवार को जम्मू में उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हुए। एक भाजपा सांसद ने उनसे कहा कि या तो वे भारत की जनता से माफी मांगें, या फिर पड़ोसी देश में जाकर रहने के बारे में सोचें। अब्दुल्ला ने बारामूला में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों की रक्षा कर रहा है। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और बीजेपी नेताओं तथा कई संगठनों ने उनकी गिरफ्तारी की मांग तक कर दी। अब्दुल्ला ने कहा, अगर आप अपनी पहचान नहीं बचाएंगे, तो आप मिट जाएंगे। हमारा नामो-निशान और पहचान तक खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा। वे आज इसलिए चुप हैं क्योंकि दुनिया में शोर है, और हमारा पड़ोसी देश लगातार इसके पीछे है। वे हर जगह कहते हैं कि कश्मीर को लेकर अभी फैसला नहीं हुआ है। यही बात हमें बचा रही है। वरना, उनके इरादे अच्छे नहीं हैं। राष्ट्रीय बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता युवा मोर्चा, डोगरा फ्रंट और नेशनल एंटी-टेररिज्म फ्रंट ने अब्दुल्ला के खिलाफ मार्च निकाला और प्रदर्शन किया।



पाकिस्तान कश्मीरियों का शुभचिंतक कैसे?

भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने इस बयान को राष्ट्र-विरोधी करार दिया और कहा कि इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने अब्दुल्ला पर आरोप लगाया कि वे एक ऐसे देश के पक्ष में बोल रहे हैं, जिसने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अशांति को बढ़ावा दिया है। जम्मू-कश्मीर बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष रविंदर रैना ने भी इस बयान की निंदा की। उन्होंने सवाल उठाया कि पाकिस्तान, जिस पर भारत ने बार-बार सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया है, उसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का शुभचिंतक कैसे कहा जा सकता है? उन्होंने भी अब्दुल्ला से माफी की मांग की। भाजपा नेता शक्ति राज परिहार ने भी इन बयानों की निंदा की और देशद्रोह के आरोप में एफआईआर दर्ज करने तथा अब्दुल्ला की गिरफ्तारी की मांग की।

सर्बिया में छात्र आंदोलन की जीत वुसिक की पार्टी सत्ता से बाहर

एजेंसी ▶▶ सर्बिया

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन ने सर्बिया की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया है। शुरुआती चुनावी रुझानों के अनुसार, छात्र आंदोलन से उभरे 'स्टूडेंट लिस्ट' गठबंधन ने संसद में पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, रूस समर्थक राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा है। वुसिक ने अपनी हार स्वीकार करते हुए माना कि विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाने की स्थिति में है। स्वतंत्र मतदान एजेंसियों के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, 'स्टूडेंट लिस्ट, स्टूडेंट्स विन' को 52 प्रतिशत यानी करीब 22 लाख वोट मिले, जबकि वुसिक के गठबंधन 'अलेक्जेंडर वुसिक यूनाइटेड सर्बिया' को 39.3 प्रतिशत यानी लगभग 17.2 लाख वोट हासिल हुए। वुसिक ने अपनी हार के लिए स्वतंत्र मीडिया, कुछ यूरोपीय देशों के कथित हस्तक्षेप और अमेरिकी डीप स्टेट को जिम्मेदार ठहराया। छात्र आंदोलन की शुरुआत नवंबर 2024 में नोवी साद रेलवे स्टेशन की छत गिरने की घटना के बाद हुई थी। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद सरकारी भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही की कमी के आरोपों को लेकर देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए। छात्रों ने विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन और संस्थानों की नाकेबंदी कर सरकार पर दबाव बनाया। आंदोलन से जुड़े प्रमुख उम्मीदवार रादोमिर साइसिक ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि यह डर पर साहस और निराशा पर उम्मीद की जीत है।


वुसिक

ब्राजील में लूला की फिर जीत, ट्रंप के करीबी बोल्सोनारो को हराया

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर (रनऑफ) में रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी फ्लावियो बोल्सोनारो को हराकर फिर से चुन लिए गए हैं। देश के चुनाव प्राधिकरण ने यह घोषणा की, जिससे लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वामपंथी नेतृत्व के अधीन बनी रहेगी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 78% से अधिक वोटों की गिनती के बाद लूला 51.21% वोटों के साथ आगे चल रहे थे, जबकि बोल्सोनारो को 48.79% वोट मिले थे। चुनाव प्राधिकरण द्वारा लूला की जीत की पुष्टि करने से पहले ही पोलस्टर डेटाफोलहा ने उनकी जीत का अनुमान लगा लिया था। यह परिणाम लैटिन अमेरिका में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के सहयोगियों के लिए एक बड़ा झटका है।


बाएं से बोल्सोनोरे और लूला

बोलसोनारो की जीत ब्राजील में दक्षिणपंथी झुकाव को दर्शाता। वहीं, लूला की जीत का मतलब है कि अब ब्राजील और मेक्सिको दोनों देशों में वामपंथी विचारधारा वाले नेता हैं। सीनेटर फ्लावियो बोलसोनारो ने वॉशिंगटन के साथ करीबी रिश्ते बनाने के मुद्दे पर चुनाव प्रचार किया था। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के साथ बेहतर समझौते करने का वादा भी किया था। लूला ने ब्राजील के प्रति अमेरिकी नीतियों की आलोचना की थी। इनमें ब्राजीलियाई निर्यात पर लगाए गए शुल्क और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले समूहों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने जैसे मुद्दे शामिल थे।

आईएनएस त्रिशूल सिविटावेकिया पहुंचा

भारतीय और इतालवी नौसेना ने किया संयुक्त समुद्री अभ्यास



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईएनएस त्रिशूल इटली के सिविटावेकिया शहर पहुंचा है। बंदरगाह पहुंचने से पहले भारतीय नौसेना के जहाज ने इतालवी नौसेना के जहाज कार्लो मार्गोटिनी के साथ संयुक्त मार्ग अभ्यास (पासेक्स) किया। इसमें समन्वित युद्धाभ्यास, संचार, रसद आपूर्ति, कर्मियों का स्थानांतरण और जहाज पर चढ़ने संबंधी गतिविधियां शामिल रहीं।

अभ्यास से दोनों नौसेनाओं के बीच परिचालन समन्वय मजबूत हुआ और अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया। बंदरगाह पर ठहराव के दौरान दोनों नौसेनाओं के अधिकारियों के बीच पेशेवर बातचीत और सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। जहाज को आम लोगों के अवलोकन के लिए भी खोला जाएगा।

इस दौरान आगंतुकों को भारतीय नौसेना की समुद्री परंपराओं और क्षमताओं को जानने का अवसर मिलेगा। यह पहल भारत और इटली के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने तथा दोनों देशों की नौसेनाओं के संबंध मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109